kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-284 ❑ मंगलवार, 18 नवम्बर 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



आतंकवाद को जड़ से समाप्त करना हम सबकी साझी प्रतिबद्धता है। मोदी सरकार के अब तक के रिकार्ड के अनुरूप दिल्ली बम विस्फोट के दोषियों को हम पाताल से भी ढूंढ कर देश की न्यायिक व्यवस्था के सामने खड़ा करेंगे और उन्हें सख्त से सख्त सजा दिलाएंगे। अमित शाह

सहारा की संपत्ति बिक्री पर सुनवाई छह सप्ताह टली 11

सारण जिले में धान अधिप्राप्ति 2025-26 के लिए जिलाधिकारी ने की बैठक 12

## संक्षेप

### नीतीश सरकार ने 17 वीं विधानसभा को 19 नवंबर की तिथि से भंग करने की सिफारिश की

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यपाल से 17 वीं विधानसभा को 19 नवंबर की तिथि से भंग करने की सिफारिश की है। मुख्यमंत्री श्री कुमार की अध्यक्षता में आज मंत्रिमंडल की हुई बैठक में 17 वीं विधानसभा को 19 नवंबर की तिथि से भंग करने की सिफारिश राज्यपाल से की गई । इस संबंध में मुख्यमंत्री राज्यपाल से मिले और मंत्रिमंडल की सिफारिश से उन्हें अवगत कराया। इस बीच मंत्रिमंडल की बैठक की जानकारी देते हुए राज्य के संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी ने बताया कि बैठक में 19 तारीख के प्रभाव से वर्तमान विधानसभा को विघटित करने की अनुशंसा राज्यपाल से की गई। राज्यपाल को मुख्यमंत्री के द्वारा यह सूचना दे दी गई। बैठक में सरकार के कार्यकाल के दौरान पदाधिकारियों और कर्मचारियों के सकारात्मक सहयोग, नीतियों का अनुपालन करने के लिए मुख्य सचिव के साथ कर्मचारियों और अधिकारियों की सराहना की गई। बैठक में नीतीश कुमार के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत हासिल करने के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया गया और उन्हें बधाई दी गई।

### सोनभद्र खनन हादसे में अब तक पांच शव बरामद

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के ओबरा क्षेत्र में शनिवार को एक पत्थर खदान में पहाड़ी धसकने से हुये हादसे में अब तक पांच शव बरामद कर लिये गये हैं। मलबे में एक दर्जन से ज्यादा मजदूरों के दबने की आशंका जतायी गयी है। राहत कार्य में जुटे एनडीआरएफ, एसडीआरएफ व जिला प्रशासन की टीम ने अभी तक कुल पांच शव बरामद कर लिया है। शेष मजदूरों के शवों की तलाश जारी है। जिलाधिकारी बी एन सिंह ने सोमवार को बताया कि घटना के बाद शनिवार की रात्रि से ही लगातार राहत कार्य जारी है। पहाड़ी से गिरे मलबे को हटाने व मलबे में दबे शवों को निकालने का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है ।

### बेसहारा लोगों के पुनर्वास को लेकर उच्च न्यायालय ने किया जवाब तलब

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने राज्य सरकार के वकील से पूछा है कि प्रदेश के बेघर व बेसहारा लोगों के पुनर्वास के लिए क्या उपाय किए हैं। कोर्ट ने सरकारी वकील को इस मुद्दे पर भी अदालत को संतुष्ट करने का निर्देश दिया कि समिति द्वारा राजधानी में पाए गए 97 बेसहारा लोगों के पुनर्वास के लिए क्या किया है। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति राजीव भारती की खंडपीठ ने यह आदेश ज्योति राजपूत की जनहित याचिका पर दिया। याचिका में मंदिरों, अस्पतालों, फुटपाथों आदि के पास रहने वाले बेघर, बेसहारा, मानसिक मंदित लोगों की पीड़ा के मुद्दे को उठाया गया है। याची ने ऐसे लोगों के समुचित इलाज समेत शरण देने के निर्देश जारी करने की गुजारिश की है। साथ ही इमरजेंसी में इलाज को लाए गए बेसहारा लोगों का मुद्दा भी उठाया है।

# धैर्य, संतुलन खोए बिना अडिग होकर आगे बढ़ें, सफलता कदम चूमेगी : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**योगी बोले**

❑ बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

❑ सीएम योगी आदित्यनाथ ने बच्चों को मेडल व डिग्री प्रदान कर किया सम्मानित



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में युवाओं को 'शिक्षक' के रूप में रास्ता दिखाया। उन्होंने युवाओं को हमेशा प्रयास करते रहने की सीख दी। कहा कि प्रयास करने से सब कुछ हो सकता है। जीवन में सफलता के दो ही मार्ग हैं। समाधान की तरफ जाएंगे तो सफलता प्राप्त होगी। समस्या को बार-बार गिनाते रहेंगे तो सफल नहीं हो सकते। समस्या की बजाय समाधान पर ध्यान दीजिए।

सभी लोग मिलकर जब सामूहिक रूप से प्रयास करेंगे तो समाधान मिलेगा। जीवन में सदा नया सीखने का अवसर प्राप्त होता है। अलग-अलग सेक्टरों में हमें नए अवसरों को ढूंढने का प्रयास करना चाहिए। कोई भी व्यक्ति अयोग्य नहीं है बल्कि योग्य योजक चाहिए। संस्थान, बॉस, आचार्य, अभिभावक और व्यक्ति भावी पीढ़ी के लिए योजक बन सकते हैं। जीवन में धैर्य, संतुलन खोए बिना अडिग होकर आगे बढ़ेंगे तो सफलता कदम चूमेगी। सीएम योगी ने पूर्व मुख्यमंत्री बाबू बनारसी दास, विश्वविद्यालय के रचनाकार अखिलेश दास गुप्ता को भी याद किया। सीएम ने कई योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि युवाओं की आकांक्षाओं को पंख लगाने की दृष्टि से पीएम मोदी ने स्केल को स्किल में बदलने का कार्य किया। दीक्षांत समारोह में कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, कुलाधिपति अलका दास, प्रति कुलाधिपति विराज सागर दास, उपाध्यक्ष सोनाक्षी दास गुप्ता, देवांशी दास गुप्ता, कुलपति प्रो. एसके श्रीवास्तव, प्रति कुलपति प्रो. एससी शर्मा आदि उपस्थित रहे। इमर्जिंग टेक्नोलॉजी को हिस्सा बनाएं सीएम योगी ने कहा कि यूपी ने आज खुद को एआई, डाटा सेंटर, इमर्जिंग टेक्नोलॉजी (रोबोटिक ड्रोन टेक्नोलॉजी) के रूप में स्थापित किया है। सीएम ने विश्वविद्यालय से अपील की कि इमर्जिंग टेक्नोलॉजी को पार्ट बनाएं। शार्ट टर्म, सर्टिफिकेट कोर्स, डिप्लोमा कोर्स प्रारंभ करें, ड्रोन-रोबोटिक, आईओटी, एआई में कार्य प्रारंभ करें और अलग-अलग सेक्टर में इसकी उपयोगिता पर जोर दें। टेक्नोलाजी जॉब कट नहीं करता, वह नए अवसर देता है। गमले गायब होने का सुनाया किस्सा सीएम ने ट्रैफिक सेंस व सिविक सेंस की उपयोगिता पर भी बल दिया। सीएम ने जी-20 समिट की चर्चा करते हुए उस दौरान गमले गायब होने का भी किस्सा सुनाया। कहा कि जी20 समिट के बाद कार्यक्रम स्थल के आसपास लगाए गए गमलों को लोग मर्सिडीज से उठाकर ले गए। अब सोचिए, कहां मर्सिडीज कार की कीमत और कहां एक गमले की? अगर हम कार्रवाई करते तो शहर की गलत पहचान बनती। लोग कहते कि गमला चोर पकड़े जा रहे हैं, यह तो बहुत बड़ा एक्शन है। इसलिए हमने उन लोगों को बुलाकर गमले चोरी करने के ● शेष पेज 11 पर

# मक्का से मदीना जा रहे 45 भारतीयों की मौत

एजेंसी

❑ उमरा के लिए जा रही बस डीजल टैंकर से टकराकर जली, सिर्फ ड्राइवर जिंदा बचा

❑ ओवैसी ने शवों को भारत लाने की अपील की

❑ मोदी बोले- पीड़ितों को हरसंभव मदद दे रहे



रियाद। सऊदी अरब में सोमवार देर रात एक सड़क हादसे में 45 भारतीयों की मौत हो गई। मक्का से मदीना जाते समय इनकी बस डीजल टैंकर से टकरा गई और उसमें आग लग गई। मृतकों में 18 महिलाएं, 17 पुरुष और 10 बच्चे शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक, हादसे में सिर्फ बस का ड्राइवर ही जिंदा बचा।

हैदराबाद पुलिस के मुताबिक 9 नवंबर को 54 लोग हैदराबाद से सऊदी गए थे। वे 23 नवंबर को वापस आने वाले थे। इनमें से 4 लोग रविवार को कार से अलग से मदीना गए थे। वहीं 4 लोग मक्का में रुक गए थे। दुर्घटना वाली बस में 46 लोग सवार थे। मृतकों में ज्यादातर हैदराबाद के बताए जा रहे हैं। हादसा मदीना से लगभग 25 किलोमीटर दूर मुहरास के पास भारतीय समयानुसार रात लगभग 1:30 बजे हुआ। उस समय कई यात्री सो रहे थे। उन्हें बचने का कोई मौका नहीं मिला। तेलंगाना सरकार ने कहा है कि वह रियाद में भारतीय दूतावास के संपर्क में है। राज्य सरकार की ओर से जारी बयान में बताया गया कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने दिल्ली में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे दूतावास से नजदीकी तालमेल बनाकर पीड़ितों की पहचान और अन्य औपचारिकताओं में मदद करें।

जेद्दा में भारतीय दूतावास ने हेल्पलाइन जारी किया है। दूतावास ने कहा , ''सऊदी अरब के मदीना के निकट भारतीय उमरा तीर्थयात्रियों के साथ हुई दुखद बस दुर्घटना को देखते हुए जेद्दा स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास में कंट्रोल रूम बनाया, हेल्पलाइन का संपर्क विवरण 8002440003 है।''

घटना के बाद तेलंगाना सरकार ने सचिवालय में कंट्रोल रूम बनाया है, ताकि परिजन अपने परिजनों के बारे में जानकारी ले सकें। परिवारजन इन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं: 79979-59754 और 99129-19545।

हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने सऊदी अरब में भारतीय उमरा यात्रियों की बस दुर्घटना पर दुख जताया है। न्यूज एजेंसी एएनआई से फोन पर बातचीत में ओवैसी ने बताया कि उन्होंने हैदराबाद की दो ट्रैवल एजेंसियों से संपर्क किया है और यात्रियों की जानकारी रियाद स्थित भारतीय दूतावास के साथ साझा की है।

उन्होंने रियाद में भारतीय दूतावास के डिप्टी चीफ ऑफ मिशन अबू मैथन जॉर्ज से भी बात की। जॉर्ज ने उन्हें बताया कि स्थानीय अधिकारियों से जानकारी जुटाई जा रही है और जल्द ही अपडेट दिया जाएगा। ओवैसी ने कहा- मैं केंद्र सरकार से, खासकर विदेश मंत्री जयशंकर से अपील करता हूं कि शवों को जल्द ले जल्द भारत लाया जाए और घायलों को जरूरी चिकित्सा मुहैया कराई जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सऊदी बस दुर्घटना पर दुख जताया। एक पोस्ट में मोदी ने कहा कि रियाद में वाणिज्य दूतावास हर संभव मदद दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने एक्स पर कहा, 'मदीना में भारतीय नागरिकों के साथ हुई दुर्घटना से मुझे गहरा दुख हुआ है। मेरी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। हमारे अधिकारी सऊदी अरब के अधिकारियों के साथ संपर्क में हैं।'

# शेख हसीना को फांसी की सजा

एजेंसी



❑ बांग्लादेशी कोर्ट ने छात्रों की हत्याओं का दोषी माना

ढाका। बंगलादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी-बीडी) ने सोमवार को गत वर्ष देश में हुए विरोध प्रदर्शनों के खिलाफ घातक कार्रवाई करने के आधार पर पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना मौत की सजा सुनाई।

न्यायाधिकरण ने सुश्री हसीना के अलावा पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल को भी मौत की सजा सुनायी, जबकि पूर्व पुलिस महानिरीक्षक चौधरी अब्दुल्ला अल-मामून पांच साल की कैद की सजा सुनायी है। न्यायाधिकरण ने इन दोनों को 'मानवता के विरुद्ध विभिन्न अपराधों ' के लिए दोषी ठहराया था। गौरतलब है कि सुश्री हसीना इस समय भारत में निर्वासन में रह रही हैं। विरोध प्रदर्शनों के दौरान घातक कार्रवाई को लेकर सुश्री हसीना, श्री कमाल और श्री अल-मामून के खिलाफ मुकदमा चलाया गया था। न्यायाधिकरण की ओर आज फैसला सुनाये जाने के दौरान श्री अल-मामून उपस्थित रहे। श्री अल-मामून ने जुलाई में अपना दोष स्वीकार किया था और सरकारी गवाह बन गए थे। न्यायाधिकरण के तीन न्यायाधीशों की पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि सुश्री हसीना ने 2024 में बंगलादेश में कई हफ़्तों की अशांति के दौरान क़ानून प्रवर्तन एजेंसियों को सैकड़ों हत्याओं के लिए ● शेष पेज 11 पर

# पैन कार्ड मामले में आजम खान और अब्दुल्ला को सात-सात साल की सज़ा

एजेंसी



रामपुर। उत्तर प्रदेश में रामपुर की एक विशेष अदालत ने दो पैन कार्ड रखने के मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता मोहम्मद आजम खान और उनके पुत्र पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम को सात सात साल की सजा सुनायी है।

अदालत ने आजम और अब्दुल्ला को दो पैन कार्ड रखने के इल्जाम में दोषी करार दिया है। सज़ा के चलते कोर्ट ने दोनों को न्यायिक हिरासत में ले भेजने के आदेश दिए हैं। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने बाहर आकर सबसे पहले यह जानकारी दी। आकाश सक्सेना इस मामले में वादी हैं। उन्होंने साल 2019 में यह मामला दर्ज कराया था। इस मामले में छह साल बाद फैसला आया है।

आकाश सक्सेना ने साल 2019 में सिविल लाइंस थाने में अब्दुल्ला आजम के खिलाफ केस दर्ज कराया था। इसमें आरोप था कि अब्दुल्ला आजम ने दो अलग-अलग जन्म प्रमाण पत्रों से दो पैनकार्ड बनवाए। आरोप यह भी था कि आजम खां के इशारे पर दोनों ही पैनकार्ड का अब्दुल्ला ने समय समय पर इस्तेमाल भी किया। केस का ट्रायल एपमी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रहा था। इसमें दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी हो चुकी थी। अदालत को अपना फैसला सुनाना था, इसके लिए आजम खान और अब्दुल्ला आज़म दोनों को तलब किया गया। दोपहर बाद आजम खान और अब्दुल्ला आज़म कोर्ट में पेश हुए। एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट शोभित बंसल ने आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आज़म को धोखाधड़ी ● शेष पेज 11 पर

# 'न लें हमारा इम्तिहान, 50% आरक्षण सीमा पार की तो चुनाव रोक देंगे'

एजेंसी



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को महाराष्ट्र सरकार से कहा है कि अगले महीने होने वाले स्थानीय निकाय चुनावों में आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने चेतावनी दी है कि अगर आरक्षण की इस सीमा का उल्लंघन हुआ, तो चुनाव पर रोक लगा दी जाएगी। इसी महीने देश के अगले मुख्य न्यायाधीश बनने जा रहे जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव 2022 की जे के बांठिया आयोग की रिपोर्ट से पहले की स्थिति के अनुसार ही कराए जा सकते हैं, जिसमें अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणियों में 27 प्रतिशत आरक्षण की सिफारिश की गई थी। इस पीठ में जस्टिस कांत के साथ जस्टिस जॉयमाल्या बागची भी शामिल थे।

महाराष्ट्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के अनुरोध पर पीठ ने मामले की सुनवाई 19 नवंबर के लिए तय की, लेकिन राज्य सरकार से कहा कि वह 50 प्रतिशत की सीमा से आगे न बढ़े। शीर्ष अदालत ने कहा, ''अगर दलील यह है कि नामांकन शुरू हो गया है और अदालत को अपना काम रोक देना चाहिए, तो हम चुनाव पर रोक लगा देंगे। इस अदालत की शक्तियों का इम्तिहान न लें। पीठ ने कहा, ''हमारा संविधान पीठ द्वारा निर्धारित 50 प्रतिशत आरक्षण ● शेष पेज 11 पर

# एनआईए ने कश्मीर से जसिर बिलाल वानी को किया गिरफ्तार

एजेंसी

❑ कार बम से पहले की थी रॉकेट बनाने की कोशिश



जम्मू। दिल्ली के लाल किले के पास हुए कार बम धमाके की जांच तेज करते हुए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एआईए) ने एक और अहम गिरफ्तारी की है। एजेंसी ने जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर से जसिर बिलाल वानी उर्फ दानिश को गिरफ्तार किया है, जिसे इस आतंकी साजिश में शामिल एक महत्वपूर्ण सहयोगी माना जा रहा है। यह गिरफ्तारी मामले में पहले से पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ और तकनीकी जांच से मिली सूचनाओं के आधार पर की गई है। एनआईए की टीम पिछले कई दिनों से घाटी में छापेमारी और पूछताछ कर रही थी। इसी दौरान जसिर वानी की संलिप्तता के प्रमाण सामने आने के बाद उसे हिरासत में लिया गया।

गौरतलब है कि इससे पहले एजेंसी ने हमला करने वाले आत्मघाती हमलावर के सहयोगी आमिर रशीद अली को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। जिस कार का इस्तेमाल विस्फोट में किया गया, वह उसके नाम पर पंजीकृत थी, जिसे लेकर एनआईए लगातार उसके नेटवर्क और अन्य सहयोगियों की तलाश में थी। शुरुआती जानकारी के मुताबिक ये बता चला है कि दानिश ने कार बम विस्फोट से पहले रॉकेट बनाने की कोशिश की ● शेष पेज 11 पर

## सेना प्रमुख की पाकिस्तान को चेतावनी, सेना को पता बैरंग चिट्ठी का जवाब किसे देना है

# ऑपरेशन सिंदूर 88 घंटे का ट्रेलर था : उपेंद्र द्विवेदी

एजेंसी



नयी दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर में सेना ने केवल ट्रेलर दिखाया था और अगर पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देना जारी रखता है तो सेना ने उसे यह सिखाने के लिए पूरी तैयारी कर रखी है कि जिम्मेदार देश को अपने पड़ोसियों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए तथा सेना को यह भी पता है कि बैरंग चिट्ठी का जवाब किसे देना है। जनरल द्विवेदी ने सोमवार को यहां चाणक्य रक्षा संवाद के उद्घाटन कार्यक्रम में सवालों के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर को केवल ट्रेलर करार देते हुए कहा कि यदि दोबारा कोई दुस्साहस किया जाता है तो सेना इस बार पाकिस्तान को यह सबक सिखाने के लिए तैयार है कि पड़ोसी के साथ किस तरह का व्यवहार किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा, मैं कहना चाहूँगा कि फिल्म शुरू भी नहीं हुई। सिर्फ़ ट्रेलर दिखाया गया। और ट्रेलर के बाद ट्रेलर 88 घंटों में खत्म हो गया। तो, भविष्य कैसा होगा? हम इसके लिए पूरी तरह तैयार हैं। और अगर कोई हमें पाकिस्तान में ऐसा मौका देता है, तो हम उसे पूरी शिक्षा देना चाहेंगे कि एक ज़िम्मेदार देश को अपने पड़ोसियों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए। सेना प्रमुख ने कहा कि आतंकवादी या उनके आका हमारे लिए एक समान हैं। उन्होंने कहा कि सेना अब बैरंग चिट्ठी का जवाब देने के लिए भी तैयार है। उन्होंने कहा जो कोई भी आतंकवाद को बढ़ावा देता है, हमें उसका जवाब देना चाहिए। अगर हमें कोई बैरंग चिट्ठी भी मिलती है, तो भी हम जानते हैं कि किसे जवाब देना है। हमें इसकी कोई चिंता नहीं है। सेना प्रमुख ने कहा कि भारत प्रगति की बात करता है और यदि कोई उस रास्ते में रोड़ा अटकाता है तो यह भारत के लिए चिंता का विषय बन जाता है। भारत स्पष्ट कर चुका है कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते और बातचीत तथा आतंकवाद भी साथ नहीं चल सकते। उन्होंने भारत के 'न्यू नार्मल' के दृष्टिकोण को पाकिस्तान के लिए बड़ी चेतावनी बताया। उन्होंने कहा ,'' मुझे लगता है कि यह एक बड़ी चेतावनी होगी। क्योंकि जब सरकार प्रायोजित आतंकवाद को बढ़ावा दिया जाता है, तो यह भारत के लिए चिंता का विषय बन जाता है। क्योंकि हम प्रगति की बात कर रहे हैं। हम साथ मिलकर आगे बढ़ने की बात कर रहे हैं। इसलिए, हमारे रास्ते में जो भी बाधाएं हैं, हमें उनके बारे में कुछ करना होगा। जहां तक नए सामान्य की बात है, हमने कहा है कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते। बातचीत और आतंकवाद एक साथ नहीं हो सकते। परमाणु ब्लैकमेल के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि यदि आप हमें किसी भी चीज़ के लिए ब्लैकमेल करना चाहते हैं तो भारत इतना संपन्न है कि उसे अब ब्लैकमेल का डर नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर से सीखे गए सबक के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, '' जब भी कोई ऑपरेशन होता है, हमें उससे कुछ न कुछ सीखना ही होता है। तो, हमने इस ऑपरेशन से भी कुछ सीखा। सबसे पहले, हमने सीखा कि निर्णय लेने का समय बहुत कम है। और आपको हर स्तर पर फैसले लेने होते हैं। यहां कोई निर्णय लेकर उसे नीचे पहुँचाना संभव नहीं है। इसलिए, हर स्तर पर लोगों को समय पर तैयार रहना होगा और कार्रवाई करनी होगी। तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण पर जोर देते हुए उन्होंने कहा ,'' एकीकरण का अर्थ है कि चाहे वह थलसेना हो, नौसेना हो, वायुसेना हो, सीएएएफ हो, साइबर हो, अंतरिक्ष हो, हम जितनी जल्दी इसे एकीकृत करेंगे, उतनी ही आसानी से हम इस लड़ाई को लड़ सकेंगे। क्योंकि आज का युद्ध बहु-क्षेत्रीय है। अगर मैं कहूँ कि केवल सेना ही लड़ सकती है, तो सेना नहीं लड़ सकती। हम सभी को मिलकर लड़ना होगा। उपग्रह हमें बताएगा कि कौन कहाँ बैठा है। इसी तरह, हमारा साइबर हमें बताएगा कि अगर कोई ड्रोन आ रहा है, तो क्या मुझे उसे दागना होगा? या क्या मैं उसे विद्युत चुम्बकीय स्पेक्ट्रम ● शेष पेज 11 पर

### 'जनता दर्शन' में प्रदेश भर से 60 से अधिक फरियादी आए, मुख्यमंत्री ने सभी की शिकायतें सुनीं

# मां ने लगाई मासूम के जीवन की गुहार, योगी ने तत्काल करवाई इलाज की व्यवस्था

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। सोमवार की सुबह एक मां के जीवन में उम्मीद की किरण लेकर आया, जब वह 'जनता दर्शन' में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलीं। उन्होंने अपनी आर्थिक स्थिति का जिक्र करते हुए सात माह के मासूम की बीमारी के इलाज के लिए आर्थिक सहयोग का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने महिला की बात सुनी और तत्काल उन्हें एंबुलेंस से केजीएमयू भिजवाया। योगी के निर्देश पर हृदय संबंधी बीमारी से जूझ रहे बच्चे का इलाज शुरू हो गया। वहीं 'जनता दर्शन' में प्रदेश भर से 60 से अधिक फरियादी आए, मुख्यमंत्री ने सभी के पास पहुंचकर उनकी शिकायतें सुनीं और अधिकारियों को समय से निराकरण का निर्देश दिया।

लखनऊ के राजेंद्र नगर, ऐशबाग की रहने वाली एक महिला सोमवार सुबह मुख्यमंत्री आवास में लगाए गए 'जनता दर्शन' में पहुंचीं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। वे किराए के मकान में रहकर अत्यंत सीमित संसाधन में जीवनयापन कर रही हैं। उनके सात माह के मासूम को हृदय से संबंधित बीमारी है। उसके इलाज के लिए आर्थिक सहायता कर दी जाए। मुख्यमंत्री ने उस बच्चे को दुलारा-पुचकारा और महिला को आश्वस्त किया कि आप बेफिक्र रहिए, सरकार मदद करेगी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने उस बच्चे को तत्काल एंबुलेंस से केजीएमयू भिजवाया और वहां कुलपति को निर्देशित किया कि बच्चे के उपचार की तत्काल व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री के आदेश के उपरांत वहां मासूम का इलाज प्रारंभ हो गया है। जनता दर्शन' में बुलंदशहर निवासी अर्धसैनिक बलों के जवान भी पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपनी जमीन के कब्जे संबंधी शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने उनसे प्रार्थना पत्र लिया और कहा कि आपकी ड्यूटी देश की सीमा या देश की आंतरिक सुरक्षा में लगी होगी, आप ड्यूटी निभाइए। आपके परिवार की जिम्मेदारी सरकार पर है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इस मामले की जांच कराने और जल्द समाधान का निर्देश दिया।

'जनता दर्शन' में सोमवार को प्रदेश भर के 60 से अधिक फरियादी पहुंचे। मुख्यमंत्री स्वयं सभी के पास पहुंचे। एक-एक करके सभी का प्रार्थना पत्र लिया और समस्याएं सुनीं, फिर संबंधित अधिकारियों को निराकरण के आदेश दिए। इस दौरान जमीन कब्जा, आर्थिक सहयोग, पुलिस, बिजली समेत अनेक विभागों से जुड़ी समस्याओं को लेकर लोग पहुंचे थे। उन्होने फरियादियों को आश्वस्त किया कि आपकी सुरक्षा और सेवा सरकार का कर्तव्य है। सरकार पहले दिन से ही इस इस ध्येय के साथ कार्य कर रही है।

## शराब खरीद की व्यवस्था पारदर्शी बनाने के लिए 'यूपी एक्साईज सिटिजेन ऐप' शुरु

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने सोमवार को गन्ना संस्थान स्थित सभागार में 'यूपी एक्साईज सिटिजेन ऐप' का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा कि आबकारी विभाग देशी शराब की दुकानों, कम्पोजिट दुकानों, माडल शॉप, प्रीमियम रिटेल वेन्ड्स एवं बार अनुज्ञापनों से मानक मदिरा/बीयर आदि की बिक्री कराये जाने हेतु दृढ़संकल्पित है। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में मदिरा/बीयर उपभोक्ताओं के प्रति पूर्ण पारदर्शिता प्रदर्शित करते हुये सर्वसुलभ 'यूपी एक्साईज सिटिजेन ऐप' तैयार किया गया है। यह ऐप गूगल प्ले स्टोर एवं ऐप्पल ऐप स्टोर पर उपलब्ध है। ऐप को किसी भी नागरिक/उपभोक्ता द्वारा अपने मोबाइल पर डाउनलोड किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ऐप के माध्यम से किसी भी मदिरा की दुकान से विक्रीत मदिरा की बोतल/ एसेप्टिक ब्रिक पैक/कैन आदि पर चस्पा एक्साइज एढेसिव लेबिल पर छपे क्यू.आर. कोड को स्कैन कर संबंधित मदिरा की बोतल से संबंधित समस्त आवश्यक सूचनायें देखी जा सकती हैं। बोतल के लेबिल पर छपे विवरणों तथा संबंधित फुटकर दुकान के विवरणों से इनका सत्यापन किया जा सकता है।

आबकारी मंत्री ने कहा कि क्यू.आर. कोड स्कैन करते ही मोबाइल स्क्रीन पर ब्राण्ड का नाम व भरी हुयी मदिरा की तीव्रता प्रदर्शित होने लगेगी, जिसमें बीयर, वाइन, एल.ए.बी, व्हिस्की, वोदका, रम, जिन, देशी शराब, यू.पी.एम.एल. शामिल होंगी।

उन्होंने कहा कि ऐप के माध्यम से पैकिंग टाइप (ग्लास बोतल/पेट बोतल/एसेप्टिक ब्रिक पैक(टेट्रा पैक)/कैन आदि को देखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त मदिरा आपूर्ति का प्रकार, एम.आर.पी., संबंधित फुटकर दुकान का नाम व शॉप आई.डी. सहित अन्य विवरण पर ऐप पर प्रदर्शित होंगे। इसके अलावा संबंधित थोक अनुज्ञापन का नाम व फुटकर दुकान पर स्टाक-इन किये जाने की तिथि की भी जानकारी उपलब्ध हो जायेगी।

### पत्नी की चाकू से गोदकर हत्या

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले में दिल दहला देने वाली एक घटना सामने आई है, जहाँ एक पति ने बच्चा न होने की बात पर अपनी पत्नी की निर्मम हत्या कर दी। आरोपी ने पत्नी को चाकू से गोदकर मौत के घाट उतार दिया और घटना के बाद पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करता रहा। मामला जिले के बारा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक आरोपी रोहित द्विवेदी अपनी पत्नी सुषमा के साथ किराए के कमरे में रहता था। पड़ोसियों को सुबह कमरे से कोई हलचल न होने पर शक हुआ और सूचना पर जब पुलिस मौके पर पहुँची तो महिला का खून से लथपथ शव कमरे में पड़ा मिला। शुरुआत में आरोपी रोहित पुलिस को भ्रमित करता रहा, लेकिन सघन पूछताछ में वह टूट गया और अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने बताया कि बच्चा न होने को लेकर वह पत्नी से अक्सर विवाद करता था, इसी बात पर गुस्से में उसने उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

### गुम हुआ मोबाइल फोन बरामद कर आवेदिका को सुपुर्द किया

**वाराणसी।** थाना सिगरा पर सूचना प्राप्त हुई कि दक्षिण कोरिया निवासी आवेदिका का फोन गुम हो गया है। सूचना के आधार पर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रभारी निरीक्षक सिगरा संजय कुमार मिश्र द्वारा थाना सिगरा पर नियुक्त अधिकारीगण को लगाया गया। गठित टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मोबाइल की तलाश शुरू की। आवेदिका की ट्रैवल एजेंसी से समन्वय स्थापित कर बस चालक का नंबर प्राप्त किया गया। वार्ता के दौरान पता चला कि एक मोबाइल फोन बस में छूट गया है, जिसे तुरंत थाना सिगरा पर सुपुर्द करने के लिए चालक को बताया गया। चालक द्वारा मोबाइल फोन थाना सिगरा पर जमा किया गया। आवेदिका ने फोन पहचान कर पुष्टि की कि यह उनका ही मोबाइल है। इसके बाद बरामद मोबाइल फोन को विधिवत आवेदिका को सुपुर्द कर दिया गया। अपना गुम मोबाइल वापस पाकर आवेदिका ने थाना सिगरा एवं वाराणसी पुलिस की सराहना की।

### छतौनी गांव में ग्राम सचिव की घोर लापरवाही उजागर, नहीं जारी थे मृत्यु प्रमाण पत्र

**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज ब्लॉक के छतौनी गांव में ग्राम सचिव की लापरवाही से ग्रामीणों में भारी नाराजगी व्याप्त है। गांव के निवासी पवन कुमार ने बताया कि उनके भाई राम फ़ेर का निधन 19 सितंबर को हुआ था, लेकिन मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए उन्होंने ग्राम सचिव के साथ-साथ खंड विकास अधिकारी के भी कई चक्कर लगाए। इसके बावजूद प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया।?पीड़ित परिवार की परेशानी तब दूर हुई जब गांव के एक समाजसेवी ने इस पूरे मामले को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल होने के बाद ग्राम सचिव रामशरण राजपूत ने तत्काल मृत्यु प्रमाण पत्र बना दिया। ग्रामीणों के अनुसार यह अकेला मामला नहीं है—रामखेलावन पुत्र गुरदयाल का मृत्यु प्रमाण पत्र अभी भी लटका हुआ है। वहीं सोशल मीडिया पर मुद्दा उठते ही पूनम पत्नी प्यारेलाल, गंगा देवी पत्नी देवता और ललिता पत्नी नरेन्द्र के प्रमाण पत्र तुरंत जारी कर दिए गए। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम सचिव रोस्टर के मुताबिक गांव में बैठते ही नहीं, जिस कारण जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र के दर्जनों मामले महीनों से लंबित पड़े हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत भी की, लेकिन उसके बाद भी ग्राम सचिव ने कार्रवाई नहीं की। लगातार उपेक्षा और लापरवाही से परेशान ग्रामीण अब उच्चाधिकारियों से सामूहिक शिकायत करने की तैयारी में हैं।

### 2025 की पहली छमाही में 23 करोड़ से ज़्यादा श्रद्धालुओं ने किये रामलला के दर्शन

लखनऊ। अयोध्या विश्व में आध्यात्मिक पर्यटन के विकास का एक सशक्त उदाहरण बनकर उभरा है जिसका प्रमाण है कि 2025 की पहली छमाही में ही राममंदिर में रामलला के दिव्य दर्शन के लिये 23 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु रामनगरी में अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुके हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो अयोध्या में लगातार पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है। श्रीराम मंदिर बनने से पहले अयोध्या में साल 2023 में 5.75 करोड़ पर्यटक आए थे। राम मंदिर बनने के बाद 2024 में ये संख्या छलांग लगाकर 16 करोड़ के ऊपर पहुंच गई। और 2025 के पहले छह महीने में ही 23 करोड़ से ज़्यादा लोग रामलला के दर्शन कर चुके हैं। ताजमहल, वाराणसी, मथुरा, यहां तक कि कई बड़े देश भी इतने पर्यटक साल में नहीं खींचते हैं। अयोध्या में आस्था का जो जनसैलाब उमड़ता है उससे रेलवे स्टेशन छोटे पड़ रहे हैं और होटल भरे पड़े हैं। उत्तर प्रदेश में अयोध्या पर्यटन की धुरी बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश को 2029 तक वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। दुनिया भर के राज्यों और देशों की तरह यूपी ने भी समझ लिया है कि केवल मैन्युफैक्चरिंग और खेती से एक ट्रिलियन की यात्रा मुश्किल है। इसके लिए सर्विस सेक्टर को भी साथ में लेकर चलना होगा और अयोध्या यहीं बाजी मारती है। राम मंदिर बनने के बाद अयोध्या में पर्यटन ने जो छलांग लगाई है उससे यह सेक्टर उत्तर प्रदेश का इकोनॉमिक पावरहाउस बन गया है। सूत्रों ने बताया कि प्रदेश का पर्यटन क्षेत्र 2028 तक लगभग 70,000 करोड़ का आंकड़ा पार सकता है। पर्यटन के इस कारोबार में अयोध्या की हिस्सेदारी 20S25 प्रतिशत है यानि अकेले यह शहर 8,000–12,500 करोड़ सालाना आर्थिक गतिविधि जेनरेट कर रहा है। इसके अलावा अयोध्या की अर्थव्यवस्था के विकास में लोकल ट्रांसपोर्ट, ठेला व्यापारी, होटल, लॉज, होमस्टे, रियल एस्टेट, मिठाई, प्रसाद, रेस्टोरेंट सब मिलकर अपना योगदान दे रहे हैं। रामलला के दर्शन के नाम पर आने वाले पर्यटक केवल आस्था के प्रतीक नहीं बल्कि वो अपने साथ रुपये, रोज़गार और नए अवसर शहर को दे रहे हैं। राम मंदिर से बढ़े पर्यटन की वजह से यूपी को एक साल में लगभग 4 लाख करोड़ का अतिरिक्त राजस्व मिलने का अनुमान है। 2020 के बाद मंदिर निर्माण और उद्घाटन के चलते सड़कें चौड़ी हुईं हैं। अयोध्या में मंदिर निर्माण तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर में 5 वर्षों में लगभग 2,150 करोड़ रुपये खर्च किया गया है।

### लोकतंत्र को बंधक बनाकर शासन करना चाहती है भाजपा: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार, बेइमानी और लूट चरम पर है। भाजपा और उसकी सरकार हर तरह के भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। संविधान और कानून का शासन खत्म हो गया। खुलेआम भ्रष्टाचार हो रहा है। भाजपा की नीयत में खोट है। वह लोकतंत्र को बंधक बनाकर शासन करना चाहती है। अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि भाजपा सत्ता और शासन तंत्र का दुरुपयोग कर रही है। चुनावी प्रक्रिया में धांधली करती है। पैसे बांट कर चुनाव लड़ती है। खुलेआम सांप्रदायिकता को बढ़ाने के लिए भाषणबाजी करती है। भाजपा सरकार में फर्जी मुठभेड़ हो रही हैं।

इन मामलों में कई जगह पुलिस वालों पर केस हो चुके हैं। जमीन पर अवैध कब्जे हो रहे हैं। अवैध खनन और अवैध वन कटाई हो रही है। हर काम में भ्रष्टाचार है। पुलिस हिरासत में मौतें हो रही है। निवेश में कमीशन मांगा जाता है। उन्होंने कहा कि संविधान को मिटाने का षड्यंत्र चल रहा है। बुलडोजर से नाइंसाफी हो रही है। भाजपा सरकार आरक्षण को खत्म करने की चालबाजी कर रही है। भर्ती और नौकरी को खत्म करने की साजिश कर रही है।

## सलखन फॉसिल पार्क को यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने को लेकर वैज्ञानिकों की टीम पहुँची सोनभद्र

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश इको-टूरिज्म विकास बोर्ड और बीरबल साहनी इंस्टीट्यूट ऑफ पाली साइंसेज (बीएसआईपी), लखनऊ के संयुक्त प्रयास से सोनभद्र स्थित सलखन फॉसिल पार्क को यूनेस्को विश्व धरोहर की स्थायी सूची में शामिल कराने की प्रक्रिया को गति मिल गई है। इस दिशा में पहला कदम उठाते हुए बीएसआईपी की विशेषज्ञ टीम ने सोमवार से पार्क में संरक्षित 1.4 अरब वर्ष पुराने स्ट्रोमैटोलाइट्स का सूक्ष्म वैज्ञानिक अभिलेखन शुरू कर दिया है।

सोमवार को इस बारे में जानकारी देते हुए प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि 17 नवम्बर 2025 को कैमूर की प्राचीन चट्टानों पर विस्तृत फील्ड अध्ययन के दौरान करोड़ों वर्ष पुराने जीवाश्म चिन्हों का दस्तावेजीकरण किया गया था। बीएसआईपी के सेंटर फॉर प्रमोशन ऑफ जियो हेरिटेज एंड जियो टूरिज्म की संयोजक डॉ. शिल्पा पांडे के नेतृत्व में टीम ने डीएफओ कैमूर तथा वन विभाग की टीम के सहयोग से चट्टानी सतहों पर संरक्षित स्ट्रोमैटोलाइट्स का वैज्ञानिक विश्लेषण किया है। ये संरचनाएँ साइनोबैक्टीरिया द्वारा निर्मित परतदार जीवाश्म रूप हैं, जिन्हें पृथ्वी पर जीवन के सबसे प्राचीन प्रमाणों में शामिल किया जाता है। फील्ड अध्ययन के दौरान डॉ. शिल्पा पांडे ने वन अधिकारियों, स्थानीय ग्रामीणों और आगंतुकों के साथ संवाद करते हुए बताया कि सलखन फॉसिल पार्क की अवसादी संरचनाएँ केवल जीवाश्म नहीं, बल्कि रासायनिक-जीववैज्ञानिक स्मारक हैं। ये संरचनाएँ पृथ्वी के निर्जीव ग्रह से जीवनयुक्त ग्रह बनने की ऐतिहासिक यात्रा का प्रत्यक्ष प्रमाण समेटे हुए हैं। टीम के सदस्य डॉ. संजय सिंह ने अध्ययन भ्रमण पर आए विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को स्ट्रोमैटोलाइट्स की उत्पत्ति, विकसित संरचना और वैश्विक महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने इन जीवाश्मों के संरक्षण के महत्व पर भी विशेष जोर दिया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्राकृतिक परिदृश्यों से घिरा सलखन फॉसिल पार्क भारत की महत्वपूर्ण भूवैज्ञानिक धरोहरों में से एक है।

## 124 जोड़ों ने एक दूसरे का हाथ थामा, कैबिनेट मंत्री शर्मा ने दिया आशीर्वाद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आज जनपद मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में 124 जोड़ों ने एक दूसरे का हाथ थामा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री ए.के. शर्मा ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया तथा जोड़ों को आशीर्वाद देने के साथ ही उन्हें उपहार भी दिए।अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से लोगों को अवगत कराते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के गरीब बच्चे एवं बच्चियों की शादी कराना है, जिससे वे अपने घर गृहस्थी की बेहतर शुरुआत कर सके।

इस अवसर पर मंत्री शर्मा ने विकासखंड दोहरीघाट की ज्योति नाम की लड़की का जिक्र किया जो इस सामूहिक विवाह योजना का लाभ ले रही थी। उन्होंने कहा कि जब उन्हें पता चला कि वह आर्थिक रूप से बेहद कमजोर हैं तो उन्होंने इस योजना का लाभ दिलाने हेतु जिला प्रशासन से कहा।अपने संबोधन में उन्होंने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा इस योजना से ज्योति को लाभान्वित करने के साथ ही साथ जनपद के तमाम गरीब बेटे-बेटियों की शादी कराई जा रही है। ऊर्जा मंत्रीने कहा कि पहले भी और आज भी बेटियों की शादी करना लोग बोझ समझते हैं। उन शादियों में होने वाले खर्चों के कारण लोग कर्ज में डूब जाते हैं। वर्तमान सरकार ने माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश की गरीब बेटियों की शादी करने का बीड़ा उठाया और उसे पूरा कर रही हैं। पूर्व में जहां प्रति जोड़े पर 51000 रुपए सरकार खर्च करती थी, मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर अब प्रति जोड़ा खर्चा एक लाख रुपये कर दिया गया है।

### लौह पुरुष सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने निकाली भव्य 'एकता यात्रा'

# मोदी ने पटेल के सपनों को साकार किया : ब्रजेश पाठक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में विधायक वाराणसी कैन्ट सौरभ श्रीवास्तव द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र में भव्य एकता यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, प्रदेश के वित्त मंत्री व वाराणसी के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना, महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि और महापौर अशोक तिवारी तिरंगा लिए सबसे आगे चल रहे थे। उनके पीछे विभिन्न विद्यालयों के छात्रऽछात्राएं व भाजपा कार्यकर्ता तिरंगे और सरदार पटेल अमर रहें के उद्घोष वाले प्लेकार्ड लिए सम्मिलित हुए।

यात्रा रामलीला मैदान से शुरू होकर लंका, अस्सी, शिवाला, सोनारपुरा, भेलूपुर होते हुए आई.पी. विजया मॉल पर सम्पन्न हुई। रामलीला मैदान में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों का उद्देश्य जनभागीदारी बढ़ाना और आम नागरिकों को सरदार पटेल के जीवन से परिचित कराना है। उन्होंने कहा कि संगठन ने इस वर्ष आयोजित कार्यक्रमों को नए स्वरूप में प्रस्तुत करने की विस्तृत योजना बनाई है, जिससे बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक सरदार पटेल को कृतज्ञ नमन किया जा सके। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में शपथ के साथ ही सरदार पटेल के 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को सरकार का संकल्प बनाया। सरदार पटेल के प्रयास से ही भारत कश्मीर से कन्याकुमारी तक अखंड हुआ। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार के 11 वर्षों में विकास के साथ विरासत को भी भव्य रूप मिला है – काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, अयोध्या में श्रीराम मंदिर, उज्जैन में महाकाल लोक इत्यादि इसका उदाहरण हैं। प्रदेश के वित्त मंत्री व प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सरदार पटेल ने अपने घर के अंधेरे को छोड़कर गरीबों के घर में रोशनी लाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि जितना महान योगदान सरदार पटेल ने दिया, कांग्रेस उन्हें उतना सम्मान नहीं दे सकी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बनवाकर सरदार पटेल को वास्तविक सम्मान दिया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण विधायक सौरभ श्रीवास्तव, अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि और संचालन अमित राय ने किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे – पूर्व महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, पूर्व महापौर रामगोपाल मोहले, पूर्व रामनगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आशा गुप्ता, प्रदेश प्रवक्ता अशोक पांडेय, मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, क्षेत्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा नम्रता चौरसिया, तथा अन्य अनेक जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और कार्यकर्ता।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम, भक्तिमय व देशभक्ति प्रस्तुतियों ने बांधा समा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



प्रयागराज। जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद प्रयागराज तथा एमएलसी सुरेंद्र चौधरी के तत्वावधान में आयोजित प्रयागराज सोरांव महोत्सव के अंतर्गत आज विभिन्न सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों का सफल आयोजन हुआ।

महोत्सव की शुरुआत दोपहर 12 बजे जिला प्रशासन द्वारा आयोजित स्वच्छता संगोष्ठी से हुई, जिसमें स्वच्छता व जनऽजागरूकता पर सारगर्भित चर्चा की गई। दोपहर 1 बजे से विद्यार्थियों एवं स्थानीय प्रतिभाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। दोपहर 2 बजे राष्ट्रीय युवा दिवस को समर्पित एनसीसी कैडेट्स और स्काउटऽगाइड छात्रों की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। शाम 4 बजे नित्यानंद मिश्रा संजीव जी ने भक्तिमय गीतों से वातावरण को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। शाम 5 बजे शुभम बैंड और विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने सामूहिक नृत्य, कोरस तथा लोक नृत्य प्रस्तुत कर सांस्कृतिक विविधता का सुंदर प्रदर्शन किया। शाम 6 बजे वाराणसी के शुभवी शिवानी मिश्रा कपल डांस ग्रुप की प्रस्तुति ने दर्शकों की खूब तालियाँ बटोरीं। इसके बाद शाम 7 बजे स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को और भव्य बनाया। रात 8 बजे एनसीसी व स्काउट-गाइड छात्रों के देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। महोत्सव स्थल पर लगी प्रदर्शनी, हस्तशिल्प स्टॉल, किड्स ज़ोन और स्वादिष्ट व्यंजन दिनभर आकर्षण का केंद्र बने रहे। जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद प्रयागराज ने सभी आगंतुकों, कलाकारों, विद्यार्थियों एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आगामी कार्यक्रमों में भी सहभागिता की अपील की।

## सेंट मैरिज स्कूल तराव में मनाया गया वार्षिकोत्सव



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कोराव प्रयागराज। विकास खण्ड कोराव के तराव में सीबीएससी बोर्ड मान्यता प्राप्त सेंट मैरिज स्कूल तराव में बड़े ही धूम धाम से गीत प्रस्तुति के साथ वार्षिकोत्सव मनाया गया यह कार्यक्रम शाम 5 बजे से शाम लगभग 8 बजे तक चला विद्यालय के फादर द्वारा कार्यक्रम में आमंत्रित प्रेजिडेंट के रूप में डॉ लुईस , पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी नगर अध्यक्ष कोराव ओम प्रकाश केशरी समेत अन्य अतिथियों का सम्मान करके स्वागत किया गया आये हुए जन प्रतिनिधि ने विद्यालय के ब्यवस्था समेत अन्य कार्यो की सराहना की साथ ही स्कूल में पठन पाठन कर रहे छात्र छात्राओं के माता पिता का भी संबोधन के माध्यम से स्वागत किया गया इस तरह से वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की उपस्थित लोगों ने सराहना की

# लंबित भवन परियोजनाओं के कारणों का पता लगाकर ठोस कार्यवाही सुनिश्चित करें : आनंदीबेन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि लंबित भवन परियोजनाओं के कारणों का पता लगाकर ठोस कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इसके लिए उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग, अपर मुख्य सचिवों और संबंधित अधिकारियों को विश्वविद्यालयों का भ्रमण कर समस्याओं के समाधान निकालने की बात कही है। सोमवार को राज्यपाल की अध्यक्षता में राजभवन में विभिन्न राज्य विश्वविद्यालयों में निर्माणाधीन एवं लंबित भवन परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा हेतु एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रत्येक परियोजना की प्रारंभिक तिथि, निर्धारित पूर्णता समय, लागत, लंबित अवधि और संभावित पूर्णता अवधि पर विस्तार से चर्चा की गई।

इसके साथ ही भारत सरकार की केंद्र प्रायोजित योजना पीएम उषा के अंतर्गत राज्य विश्वविद्यालयों को प्राप्त धनराशि और उससे जुड़े निर्माण कार्यों की स्थिति का भी विस्तारपूर्वक मूल्यांकन किया गया। बैठक हाइब्रिड मोड में आयोजित हुई।

राज्यपाल ने समीक्षा के दौरान निर्देश दिया कि विश्वविद्यालय, कार्यदायी संस्थाएँ, पीएम उषा के अधिकारी एवं संबंधित विभाग नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित करें और निर्माण कार्यों में आ रही समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण, समयसीमा में पूर्ण, तथा उनकी प्रभावी मॉनिटरिंग राजभवन, कुलाधिपति कार्यालय और विभागीय अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से की जानी चाहिए।

उन्होंने भवनों की डिजाइन, टेंडर प्रक्रिया और निर्माण के हर चरण की गहन समीक्षा पर जोर देते हुए कहा कि सभी भवन उपयोगकर्ताओं विशेषकर विद्यार्थियों की वास्तविक जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन तैयार की जाए। पुराने और जर्जर भवनों के निरीक्षण, उपयोगिता आधारित पुनः उपयोग तथा जहाँ आवश्यक हो वहीं केवल नए भवन के निर्माण पर बल दिया गया।

पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को राज्यपाल ने निर्देश दिया कि प्रशिक्षित इंजीनियरों की निगरानी में निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ कराए जाएँ। विश्वविद्यालयों में छोटे क्लासरूम, छात्रावासों में वाशिंग मशीन, बड़े किचन, डिश वॉश एरिया जैसी सुविधाएँ सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान देने को कहा।

पीएम उषा योजना के फंड की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों की प्राथमिकताएँ विद्यार्थियों के हितों को सर्वोपरि रखकर तय की जाएँ तथा ऐसा सिस्टम बनाया जाए कि अधिकारी या कुलपति के स्थानांतरण से कार्यों की निरंतरता प्रभावित न हो।

# राष्ट्रपति 28 को राजयोग प्रशिक्षण केंद्र, गुलज़ार उपवन का उद्घाटन करेंगी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। राष्ट्रपति द्वारा 28 नवंबर को सुल्तानपुर रोड स्थित राजयोग प्रशिक्षण केंद्र , गुलजार उपवन के उद्घाटन के संबंध में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गोमती नगर में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।

जिसमें राधा दीदी ने ब्रह्माकुमारी संस्था का संक्षिप्त परिचय देते हुए संस्था की स्थापना, उसके आध्यात्मिक स्वरूप तथा देश-विदेश में फैले सेवा-केन्द्रों एवं वैश्विक विस्तार पर प्रकाश डाला। राधा दीदी ने बताया कि महामहिम राष्ट्रपति 28 नवंबर शुक्रवार दोपहर 12.00 बजे सुल्तानपुर रोड स्थित राजयोग प्रशिक्षण केंद्र , गुलजार उपवन में इस राज्य स्तरीय थीम का औपचारिक उद्घाटन करेंगी। मधुबन , माउंट आबू से पधारी लीना दीदी ने आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि, राजयोग प्रशिक्षक एवं अनेक सामाजिक क्षेत्र से जुड़े प्रमुख लोग भाग भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कार्यक्रम के प्रमुख सत्रों और अपेक्षित परिणामों के बारे में भी संक्षिप्त जानकारी दी। कटक से पधारे नथमल भाई ने वर्तमान समय में ह्रविश्व एकता और विश्वासङ्क की महत्ता पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सामाजिक तनाव, अविश्वास और वैश्विक चुनौतियों के बीच आध्यात्मिक ज्ञान और राजयोग ध्यान मानव मन को शांति, स्थिरता और नैतिक दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि ब्रह्माकुमारीज वर्षों से इस क्षेत्र में निरंतर सेवाए दे रही है।

## गोसाईगंज कोतवाली परिसर में 26 नवम्बर से होगा भाकियू का अनिश्चित कालीन धरना

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज में बस स्टैंड के निकट स्थित भारतीय किसान यूनियन अवध राजू गुप्ता संगठन के जिला कैम्प कार्यालय पर संगठन की आपातकालीन बैठक का आयोजन किया गया।इस बैठक में सर्वसम्मति से 26 नवंबर 2025 को कोतवाली गोसाईगंज परिसर में अनिश्चित कालीन धरना चलाने का निर्णय लिया गया। धरने का नेतृत्व संगठन के जिला अध्यक्ष सरदार सिंह गौतम करेंगे। जिला अध्यक्ष ने बताया कि यह धरना पुलिसिया अनियमितताओं को लेकर होगा। भाकियू की बैठक में प्रदेश प्रवक्ता रज्जन लाल रावत, जिला अध्यक्ष सरदार सिंह गौतम, जिला संरक्षक खुशी राम बाबू, जिला महामंत्री जगदीश खलीफा, जिला सचिव गिरीश कुमार रावत, जिला कमांडर निजी सचिव राम आसरे गौतम, तहसील अध्यक्ष रामगोपाल रावत, तहसील उप महामंत्री आदेश कुमार रावत, ब्लाक अध्यक्ष संतोष कुमार रावत, महिला जिला अध्यक्ष जागेश्वरी प्रधानिन, महिला ग्राम अध्यक्ष नन्की, महिला ग्राम अध्यक्ष आशा रावत, ग्राम अध्यक्ष रमेश कुमार रावत, मंशाराम रावत, सतगुरु रावत, शिव राज रावत ,बुद्धू लाल रावत, दया राम रावत , शंकर गौतम सहित सैकड़ों किसान कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विश्व हिन्दू परिषद – बजरंग दल की बैठक में सौंपी गई जिम्मेदारियां

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विश्व हिंदू परिषद – बजरंग दल प्रखंड गोसाईगंज – ग्रामीण की बैठक शिवलर गांव में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जैविक कृषि गौ रक्षा विभाग के क्षेत्र प्रमुख चंद्रभान उपस्थित रहे। इसी बैठक में प्रखंड और जिला के नवीन दायित्व की घोषणा भी की गई । शैलेश वर्मा को गांव संपदा प्रमुख प्रखंड गोसाईगंज ,अरविंद प्रजापति को गौ उत्पादन प्रमुख, हरिओम वर्मा को प्रखंड गोरक्षा प्रमुख,अमिताभ सक्सेना को गौशाला संपर्क प्रमुख जिला, सुशील विश्वकर्मा को जिला गौ भक्त युवा प्रमुख, शिवकुमार मिश्र को जिला गौ आधारित कृषि प्रशिक्षण प्रमुख बनाया गया।

## दो बैंक खातों से ठगों ने लाखों रुपए निकाल लिए।

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** काजीखेड़ा गांव के रहने वाले अभिमन्यु के अनुसार उनका बैंक ऑफ इण्डिया और बैंक ऑफ बड़ौदा की गोसाईगंज शाखा में खाते हैं।जिनमें से बैंक ऑफ इंडिया वाले खाते में 25 अक्टूबर को कहीं से 50 हजार रुपये का गए थे।उसके बाद उसी खाते से उसी दिन पहले 50 हजार फिर 50 हजार फिर 48 हजार रुपये उसके खाते से कट गए।इसके साथ ही उसके बैंक ऑफ बड़ौदा वाले खाते से भी 25 अक्टूबर को ही पहले 25 हजार फिर 20 हजार रुपये कट गए जिसकी जानकारी उसे फोन पर आए मैसेजों से हुई।जिसकी शिकायत उसने गोसाईगंज पुलिस से की है।जिसपर पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# सौर ऊर्ज़ा क्रांति की ओर यूपी, पीएम सूर्य घर योजना ने बदली तस्वीर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पिछड़े और ग्रामीण इलाकों में पीएम सूर्य घर योजना नई उम्मीद बनकर उभरी है। सौर ऊर्ज़ा आधारित इस योजना ने किसानों, छोटे व्यापारियों और आम नागरिकों के जीवन में आर्थिक राहत पहुंचाई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने इस योजना के क्रियान्वयन में तेजी दिखाई है और राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्यों में जगह बनाई है।

अधिकृत आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में अब तक दो लाख 75 हजार 936 घरों पर रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। इससे उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली का लाभ मिल रहा है और ऊर्ज़ा निर्भरता में उल्लेखनीय कमी आई है। स्थापना के मामले में यूपी गुजरात और महाराष्ट्र के बाद तीसरे स्थान पर है, जबकि कुल आवेदनों में प्रदेश दूसरे स्थान पर है। इस योजना का सबसे बड़ा प्रभाव छोटे व्यवसायों पर दिखाई दे रहा है। बिजली कटौती से पहले जहां वेल्डिंग, आटा चक्की, किराना स्टोर, नाई की दुकान और मोबाइल रिपेयर जैसी इकाइयां प्रभावित होती थीं, वहीं अब सौर ऊर्ज़ा से इनके संचालन में रुकावट नहीं होती। लगातार बिजली उपलब्ध होने से इन व्यवसायों की आय स्थिर हुई है और रोजगार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के बिजली बिल लगभग शून्य होने से उनके मासिक खर्च में 15 से 20 प्रतिशत तक की कमी आई है। कई परिवार अब शिक्षा, स्वास्थ्य और बचत की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ पा रहे हैं। 31 अक्टूबर तक प्रदेश में 1,808.09 करोड़ की सब्सिडी वितरित की जा चुकी है। सब्सिडी मिलने से योजना के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है और रूफटॉप सोलर स्थापना में तेजी आई है। लखनऊ, वाराणसी, कानपुर नगर और बरेली इस योजना के प्रमुख लाभार्थी जिले हैं। अकेले इन चार जिलों में 8,000 से अधिक रूफटॉप सोलर यूनिट स्थापित हो चुकी हैं।

# स्थ शरीर के लिए खेलकूद, योगासन व प्राणायाम आदि क्रियाएं बेहद अहम : सुनील आम्बेकर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखनऊ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आम्बेकर ने सोमवार को लखनऊ के पदमश्री मोहम्मद शाहिद एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में हॉकी टूर्नामेंट का उदघाटन किया। इस अवसर पर सुनील आम्बेकर ने कहा खेल हमें टीम भावना के साथ आगे बढ़ने की सीख तो देता है, साथ ही मनोरंजन के अलावा खुद का आंकलन करने का एक मौका भी देता है। स्वस्थ शरीर के लिए खेलकूद, योगासन व प्राणायाम आदि क्रियाएं बेहद अहम हैं।

सैफई स्पोर्ट्स कॉलेज इटावा ने स्पोर्ट्स हॉस्टल रामपुर को कांटे के मुकाबले में 4-3 गोलों से मात देकर हनुमान कप राज्य स्तरीय प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट में धमाकेदार आगाज किया। पहले दस मिनट दोनों टीमें एक दूसरे की रणनीति को भाँपती रहीं। इसी बीच 11वें मिनट में रामपुर का खाता शुभमन यादव ने खोला। मैच के 18वें मिनट में नीरज राजभर ने रामपुर के लिए दूसरा मैदानी गोल जड़ा। इसके बाद 22वें और 24वें मिनट में शिवम और नितीश ने गोल कर सैफई हॉस्टल को 2-2 गोल की बराबरी पर ला दिए। मैच में सैफ की तरफ से सुनील पाल ने गोल किए, जबकि रामपुर हॉस्टल से आर्यन रावत ने गोल किया। जिसके चलते सैफई ने 4-3 गोल मैच अपने कब्जे में किया। वीर शिवाजी हाकी अकादमी के अध्यक्ष गौरव अवस्थी ने बताया कि इस टूर्नामेन्ट में आठ टीमें चुनौती पेश करेंगी। इनमें स्टेट हॉस्टल बनारस, स्टेट हॉस्टल झांसी, स्टेट हॉस्टल लखनऊ, स्टेट हॉस्टल रामपुर, स्पोर्टस कालेज सैफई, गुरु गोबिंद सिंह स्पोर्टस कॉलेज लखनऊ, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और यूपी पुलिस की टीम शामिल हैं। उन्होंने बताया कि विजेता टीम को 50 हजार और उप विजेता को 30 हजार रुपये नकद के साथ ट्राफी और अन्य इनामों से नवाजा जाएगा। इस दौरान यूपी खेल विभाग के निदेशक डॉ. आरपी सिंह और यूपी राज्य सेवा के सदस्य अनिल कुमार पाठक बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।

## पीआरडी जवान की रोड एक्सीडेंट के मामले में मुकदमा दर्ज

**मोहनलालगंज लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गौरा के पास पीआरडी जवान की रोड एक्सीडेंट के मामले में परिजनों ने मुकदमा दर्ज कराया ।मोहनलालगंज नगर पंचायत मऊ निवासी धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि मेरे बड़े भाई इन्द्र बहादुर सिंह पुत्र स्व लाल त्रिवेणी कुँवर सिंह आयु लगभग 59 वर्ष पी.आर.डी. में कार्यरत है जो रोज की भांति 30 , अक्टूबर 2025 को घर से रात्रि 09:30 बजे ड्यूटी पर निगोहाँ थाने जाने के लिये निकले थे गौरा के निकट किसी वाहन ने टक्कर मार दी रात्रि करीब 10:30 बजे पुलिस द्वारा परिजनों को सूचना दी गई कि इन्द्र बहादुर सिंह को सड़क दुर्घटना में चोट आ गई है जिन्हें गौरा स्थित प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है सूचना पर हम लोग मौके पर गौरा स्थित अस्पताल पहुंचे उनका इलाज करवाया डॉ ने कहा कि घर ले जाओ घायल भाई ने बताया कि मोटरसाइकिल खड़ी करके लघु शंका के लिए जा रहे थे तभी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिसके बाद मैं सड़क के किनारे गिर गया पुलिस ने मुझे अस्पताल पहुँचाया वहीँ सूचना पर हम लोग मौके पर पहुंचे इलाज कराने के बाद उन्हें घर लेकर जा रहे थे कि रस्ते में अचानक उल्टियां होने लगी। स्थिति बिगड़ने लगी तुरंत हम लोगो ने उन्हें ट्रामा सेन्टर पीजीआई में भर्ती कराया जहाँ उनका इलाज चल रहा है। प्रार्थी के भाई की हालत गम्भीर है जो कि कोमा में होने के कारण अब तक उन्हे होश नही आया है। इंस्पेक्टर डी के सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है ।

## बीमारी से परेशान युवक ने खेत में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।**थाना नगराम क्षेत्र के तमोरिया मदारपुर गांव में सोमवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है , एक 35 वर्षीय किसान ने अपने खेत में बने छप्पर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ?। जानकारी के अनुसार सुबह श्याम किशोर अपनी पत्नी के साथ खेत पर गया था। कुछ देर बाद उनकी पत्नी घर लौट आई। जब वह दोबारा खेत पर पहुंची तो देखा कि श्याम किशोर ने छप्पर में रस्सी के सहारे फांसी लगा ली है। पत्नी रिंकी के अनुसार श्याम किशोर (35) लंबे समय से बीमार चल रहे थे और दवाइयों का सहारा ले रहे थे। बीमारी के कारण वह काफी परेशान रहते थे। पत्नी ने बताया कि उन्होंने मंगलवार को पीजीआई में दिखाने की बात कही थी, लेकिन आज उन्होंने यह कदम उठा लिया। प्रभारी ने बताया कि शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है।

# मत्स्य मंत्री ने भारतीय मेजर कार्प मत्स्य बीज का गोमती नदी में किया संचय

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

### राज्य सरकार प्रदेश को मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध : संजय कुमार निषाद

### प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत रिवर रैंचिंग जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मत्स्य विकास मंत्री डॉ. संजय निषाद की अध्यक्षता में आज यहां न्यू लक्ष्मण पार्क, गोमती रिवर फ्रंट पर राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड, हैदराबाद द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत रिवर रैंचिंग/जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश मत्स्य विकास निगम लिमिटेड गोमती हैचरी, लखनऊ से 2 लाख भारतीय मेजर कार्प मत्स्य बीज (रोहू कतला तथा नैन) 80 से 100 एम.एम. का संचय किया गया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम योजना एवं मछुआ दुर्घटना बीमा के कुल 6 लाभार्थियों को मत्स्य मंत्री ने प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. निषाद ने कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का मुख्य उद्देश्य नदियों में मत्स्य संसाधनों का पुनर्जीवन, पारंपरिक मछली पकड़ने के तरीकों को बढ़ावा देना, मछुआ समुदाय की आजीविका को मजबूत बनाना तथा जलीय जैव विविधता में वृद्धि करना है। उन्होंने बताया कि नदी पारिस्थितिकीय प्रणाली के संरक्षण हेतु रिवर रैंचिंग प्रक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण है। डॉ. निषाद ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस प्रकार के कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित कर नदी संरक्षण और मत्स्य विकास की पहल को मजबूत किया जाए। राज्य सरकार प्रदेश को मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मत्स्य विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए और पात्र लोगों तक इसका लाभ पहुंचाया जाना सुनिश्चित किया जाए। कार्यक्रम में मत्स्य विकास विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने कहा कि प्रदेश भर में रिवर रैंचिंग कार्यक्रमों को निरंतर संचालित किया जाना चाहिए। इस प्रकार के कार्यक्रमों से जलीय जैव विविधता में और वृद्धि होगी और नदियों में पारिस्थितिकीय तंत्र को बनाए रखने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम में एन. एस. रहमानी, निदेशक मत्स्य, पुनीत कुमार, उप निदेशक मत्स्य (मुख्यालय), एजाज नकवी, उप निदेशक मत्स्य (नियोजन), उग्रसेन सिंह, उपनिदेशक सांख्यिकीय, सृष्टि यादव, उप निदेशक मत्स्य (लखनऊ मंडल), लखनऊ, प्रदीप कुमार शुक्ला, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, लखनऊ एवं समस्त मण्डलीय व जनपदीय अधिकारी ,कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लखनऊ में आग लगने से सात दुकानें व गुमटी जली

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के इंटौजा इलाके में रविवार रात को दुकानों में आग लग गई। फायर बिग्रेड की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस आग में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। इंटौजा थाना प्रभारी मारकेण्य यादव ने बताया कि बीती रात को ग्राम माधवपुर में लखनऊ सीतापुर हाईवे पर इटौंजा ओवरब्रिज के निकट गुमटी और दुकान में आग लग गयी है। सूचना पर तत्काल थाना स्थानीय पुलिस बल और दमकल विभाग की गाड़िया पहुंची और देखा तो 5-6 गुमटी में आग लगी थी। फायर सर्विस की दो गाड़ियों की मदद से आग को बुझाया गया, इसमें कोई जनहानि नहीं है। लेकिन आग से नसरुद्दीन के प्लास्टिक स्क्रैप गोदाम, शिवा की मोटरसाइकिल गैराज गुमटी, उमेश की चार पहिया गैरेज गुमटी, विवेक की इलेक्ट्रिशियन की गुमटी, मोहम्मद की गुमटी, मुनीर और राजू की गुमटी जलकर स्वाहा हो गई। जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। थाना प्रभारी ने बताया कि आग लगने की वजह की जांच की जा रही है। फिलहाल शार्ट सर्किट से आग लगने की संभावना है।

## चार दिवसीय नीरू मेमोरियल एनुअल स्पोर्ट्स मीट स्पर्धा-2025 का शुभारंभ



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। सेंट जोसेफ ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्शन्स के चार दिवसीय नीरू मेमोरियल एनुअल स्पोर्ट्स मीट स्पर्धा-2025 का केडी सिंह बाबू स्टेडियम में शुभारंभ हुआ। अतिथि के रूप में खेल निदेशक उत्तर प्रदेश डॉ. आर.पी. सिंह, एमएलसी एवं क्रीड़ा भारती उत्तर प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह, एमएलसी पवन सिंह चौहान, एमएलसी अंगद सिंह,संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रदीप कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, पार्षद शिवपाल सांवरिया मौजूद रहे।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ATM-LKO-JNH-Gen-48-25-1 (ATM General) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.11.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 19.11.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ATM-LKO-BOY-Gen-50-25-1 (ATM General) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.11.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 19.11.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | DBU-LKO-JNH-Gen-49-25-1 (ATM General) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.11.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 19.11.2025 समय 11:50 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | DBU-LKO-BOY-Gen-51-25-1 (ATM General) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.11.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 19.11.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in 3559/2025 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# मनाया गया बाल दिवस, लगे फूड स्टॉल और हुई मनोरंजक गतिविधियाँ



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मड़ियांव में भरत नगर स्थित ट्रिनिटी पब्लिक स्कूल में बाल दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सीएमएस की पैरेन्टिंग कोच रीना राणा व स्कूल की प्रिंसिपल रश्मि सिंह मौजूद रहीं। बाल दिवस के अवसर पर शिक्षकों और छात्रों के द्वारा विभिन्न स्टॉल खाने-पीने के स्टॉल, खेल के स्टॉल, क्राफ्ट कॉर्नर और मनोरंजक गतिविधियाँ लगाई गईं। छात्रों ने रिंग टॉस, लकी ड्रॉ, बैलून शूटिंग जैसी कई गतिविधियों का आनंद लिया। स्कूल परिसर में लगे रंग बिरंगे बैलून और सजावट के साथ बच्चों और शिक्षकों के द्वारा बनाई गई रंगोली मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। इस मौके पर अभिभावकों ने भी सक्रिय रूप से हिस्सा लिया और स्कूल के प्रयासों की सराहना की। स्कूल के द्वारा आयोजित इस उत्सव में बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस उत्सव ने पूरे दिन एक जीवंत माहौल बनाए रखा। इसने न केवल छात्रों को आनंद प्रदान किया, बल्कि उनमें रचनात्मकता, टीम वर्क और आत्मविश्वास विकसित करने में भी मदद की। इस मौके पर प्रिंसिपल रश्मि सिंह, टीचर्स श्रुति सिंह, पल्लवी राज श्रीवास्तव, प्रतिमा तिवारी, लक्ष्मी दीक्षित, नेहा चतुर्वेदी, अदिति मिश्रा, श्रुति शर्मा, प्रिया सिंह, शिवानी मिश्रा, रचना मिश्रा, श्रद्धा मौर्या, श्रद्धा विश्वकर्मा, आस्था व कृतिका समेत स्कूल के बच्चे व उनके अभिभावक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत दिगोई, बीकेटी–लखनऊ**

पत्रांक मेमो/पंचम राज्यवित्त/पन्द्रहवां वित्त आयोग टेंडर वर्ष 2025–26 दिनांक: 19–11–2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्रा.पं. दिगोई, वि.ख. बी0के0टी0, में मनरेगा, पंचम वित्त आयोग, 15 वाँ वित्त आयोग, एस बी एम, SLWM फ़ेज–2, व अन्य योजनान्तर्गत, अंत्येष्टि स्थल विकास कार्यक्रम, आंगनबाड़ी, पंचायतभवन, सामुदायिक शौचालय, इंटरलॉकिंग, खडंजा, अमृत सरोवर, सामुदायिक मिलन केन्द्र, आरआरसी सेंटर, नेडप, वर्मी कंपोस्ट, सिल्ट केचर, फिल्टर चैंबर, नाली, प्लास्टिक बैंक, सोकपिट, सामुदायिक घूर गढ्ढा, ई–रिक्शा, ठेलिया, WSP, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र, प्रशासनिक सामग्री, पुस्तकालय, आदि निर्माण हेतु प्रयक्त होने वालीं सामग्री की आपूर्ति हेतु फर्म मालिकों, भटठा मालिकों से निविदा आमंत्रित की जाती है। जिस का विवरण निम्नवत है क्रमांक नाम सामग्री–सीमेंट, मोरंग, 40 एमएम गिटटी, ईट प्रथम श्रेणी, सरिया, इंटरलॉकिंग ब्रिक्स, सीधा खंजड, ईट अद्धा, ईट गिट्टी, बालू, ह्यूमपाइप, दरवाजा, खिड़की, टाइल्स, PVC पाइप, मोटर बोरिंग, सबर्मसेबिल, पेंट, लोहे का एंगल, टिन चद्दर लोहे की चद्दर, लोहे के फ़ेसिंग तार, चेन लिन्क जाली, 40एम.एम. व 20एम.एम. आर.सी.सी. गिटटी, एल्यूमीनियम सामग्री, लोहा सामग्री, दिव्यांग शौचालय, नल मरम्मत, फर्नीचर कार्य, शेड, प्रा0 विद्यालय पूर्व मा0 विद्यालय, हैंडपम्प रिबोर व मरम्मत कार्य, पलम्बर, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, बोर्ड, आदि उक्त सामग्री हेतु इच्छुक मान्य आपूर्तिकर्ता दिनांक 20–11–2025दोपह 1:00 बजे से 27–11–2025तक मुहरबंद निविदा ग्राम पंचायत अध्यक्ष कार्यालय सचिव कार्यालय में जमा कर सकते हैं। जो निविदा दिनांक 27–11–2025 को 4:00 बजे शाम मे उसी दिन निविदादाता/ फर्म मालिकों प्रतिनिधियों के समक्ष कार्यालय में खोले जाएंगे। निविदा फार्म किसी भी कार्य दिवस में नि:शुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं। प्राप्त निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा ।

**आर्दश कुमार सिंह**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत दिगोई, वि.ख. बी0के0टी0, लखनऊ

**धीरज कुमार यादव**
सचिव
ग्राम पंचायत दिगोई, वि.ख. बी0 के0टी0, लखनऊ

# खैराबाद सीएचसी का डीएमने किया निरीक्षण, दिए सख्त निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर (ब्यूरो) । जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खैराबाद का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, भर्ती वार्ड, लेबर रूम, एन0आर0सी0 पैथॉलोजी, औषधि कक्ष, एन0बी0एस0यू0 आदि का गहनतापूर्वक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि शासन की मंशानुरूप क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये। चिकित्सालय में आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये तथा अवस्थापना सुविधाओं में सुधार किया जाये। सभी स्थलों पर सफाई का समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये।

जिलाधिकारी ने बी0पी0एम0 अनुज कुमार के अनुपस्थित होने एवं व्यवस्थाएं सही न होने पर 15 दिन का वेतन काटनें एवं बैम का भी 15 दिन का वेतन काटनें के निर्देश दिये। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस की तैयारियां न होने पर नाराजगी व्यक्त की। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अधीक्षक को कार्यो में रूचि न लेने व अपने कार्यो के प्रति लापरवाही बरतने के कारण नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। ए0एन0एम0 सुमन लता स्टाफ नर्स को मरीजों को रेफर किये जाने पर लापरवाही बरतने के लिये कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। रजिस्टर पर विवरण अद्यतन न होने पर जिलाधिकारी ने स्टाफ नर्स पिंकी सिंह व पूनम सिंह को स्पष्टीकरण जारी करते हुये प्रतिकूल प्रविष्टि दिये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। डिलीवरी रजिस्टर पर पूरा विवरण दर्ज कराया जाये तथा जन्म पंजीकरण प्रमाण-पत्र डिस्चार्ज के समय ही उनके परिवारजन को दे दिया जाये। भर्ती मरीजों को दी जाने वाली दवाओं का विवरण पर्चे में अवश्य दर्ज किया जाये। उन्होंने मरीजों से वार्ता कर चिकित्सालय में मिल रही सेवाओं के विषय में फीडबैक भी लिया। उन्होंने रिफर रजिस्टर भी देखा तथा रिफर किये मरीजों से फोन से वार्ता भी की।



जिलाधिकारी ने कहा कि भर्ती मरीजों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन एवं नाश्ते का वितरण सुनिश्चित किया जाये। भोजन एवं नाश्ते की मात्रा एवं गुणवत्ता मानकों के अनुसार सुनिश्चित की जाये। फैमिली प्लानिंग के संबंध में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि डिलीवरी के उपरान्त समुचित काउंसलिंग की जाये। उन्होंने फार्मेसी में जाकर दवाओं के रख-रखाव का भी गहनतापूर्वक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि मानकों के अनुरूप दवाओं का समुचित रख-रखाव सुनिश्चित किया जाये तथा दवाओं से संबंधित समस्त रिकार्ड अद्यतन रखा जाये। समय पर मांग पत्र भी प्रेषित कराया जाये, जिससे किसी प्रकार की दवाओं की कमी न हो।

**अव्यवस्थाओं से नाराज़ जिलाधिकारी ने अधीक्षक पर भी कसावट दिखाई, नोटिस जारी करने के निर्देश**

**स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत सामने आते ही डीएम सख्त, कई कर्मियों को नोटिस व वेतन कटने के आदेश**

# खण्डसारी विभाग के बंद पड़े गन्ना क्रेशरों को तत्काल चालू करने की मांग को लेकर डीएम को सौंपा गया ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जिले में खण्डसारी विभाग के बंद पड़े गन्ना क्रेशरों को तत्काल चालू करने की मांग जोर पकड़ रही है। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि गन्ना क्रेशर शुरू न होने से किसान बेहद मुश्किल हालात से गुजर रहे हैं।

किसानों का कहना है कि खेती के लिए खाद, पानी, बीज, सिंचाई और अन्य जरूरतों पर उन्हें अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है, लेकिन क्रेशर बंद होने से वे अपना गन्ना नहीं बेच पा रहे हैं और महंगे ब्याज पर उधार लेकर खर्च चलाने को मजबूर हैं।

जिले के किसानों पर गन्ना मूल्य का लगभग 600 करोड़ रुपये बकाया चल रहा है, ऐसे में यदि क्रेशर चालू हो जाएँ तो किसान अपना गन्ना बेचकर तत्काल नकद राशि प्राप्त कर सकेंगे और अपनी रोजमर्रा की जरूरतें पूरी कर पाएंगे।



संगठन ने बताया कि वर्तमान में खेती के लिए खाद, पानी, बीज, सिंचाई और अन्य जरूरतों पर किसानों को अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है। क्रेशर बंद होने से किसान अपना गन्ना नहीं बेच पा रहे और महंगे ब्याज पर उधार लेकर खर्च चलाने को मजबूर हैं।

बीकेयू ने कहा कि जिले के किसानों पर गन्ना मूल्य का लगभग 600 करोड़ रुपये बकाया चल रहा है, ऐसे में यदि क्रेशर चालू हो जाएँ तो किसान अपना गन्ना बेचकर तत्काल नकद राशि प्राप्त कर सकेंगे और उसी से अपनी रोजमर्रा की जरूरतें पूरी कर पाएंगे। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि कई किसानों की आर्थिक स्थिति पहले से ही कमजोर है, ऐसे में क्रेशरों के बंद होने ने संकट को और बढ़ा दिया है।

संगठन ने जिलाधिकारी से आग्रह किया है कि किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए खण?डसारी विभाग के बंद पड़े क्रेशरों को तत्काल संचालित कराया जाए, ताकि किसान अपना गन्ना बेचकर नकद भुगतान प्राप्त कर सकें और अपनी खेती व घरऽगृहस्थी की जरूरतों को पूरा कर सकें।

# बालिका खो-खो प्रतियोगिता में श्री रघुराज सिंह हॉयर सेकेंडरी स्कूल लगातार दूसरी बार बना चैंपियन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। फादर जेरार्ड पैराजिनी की स्मृति में आयोजित हृदयोत्सव, 2025 कार्यक्रम में बालिका खो-खो प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न स्कूलों की 15 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मैच श्री रघुराज सिंह हॉयर सेकेंडरी स्कूल, सीतापुर और ओ.एन.जी.सी. स्कूल, लहरपुर के बीच खेला गया। जिसमें श्री रघुराज सिंह हॉयर सेकेंडरी स्कूल ने ओ.एन.जी.सी. स्कूल को 01-05 से कड़ी शिकस्त दी। प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मैच आर.एम.पी. इंटर कॉलेज और सैक्रेड हार्ट स्कूल, सिधौली के बीच खेला गया। जिसमें आर.एम.पी. इंटर कॉलेज ने 04-03 से विजय प्राप्त की। प्रतियोगिता का फाइनल मैच श्री रघुराज सिंह हॉयर सेकेंडरी स्कूल और आर.एम.पी. इंटर कॉलेज के बीच खेला गया। जिसमें श्री रघुराज सिंह हॉयर सेकेंडरी स्कूल ने एक तरफ मुकाबले में आर.एम.पी. इंटर कॉलेज को 01-02 से पराजित किया। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में अजय रावत, धीरेन्द्र कुमार वर्मा और संतोष कन्नौजिया आदि लोगों ने अपना योगदान दिया। प्रतियोगिता का संचालन डॉ. योगेश चंद्र दीक्षित और डॉ. मनीष गुप्ता ने किया। पुरस्कार वितरण फादर प्रशांत, फादर जॉर्ज और फादर सजीमन ने किया। विजेता टीम को नकद पुरस्कार स्वरूप 5,000.00 रुपए, ट्रॉफी, मोमेंटो तथा प्रमाण पत्र और उपविजेता टीम को 2,500.00 रुपए ट्रॉफी, मोमेंटो तथा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। विजेता टीम श्री रघुराज सिंह हॉयर सेकेंडरी स्कूल के शारीरिक शिक्षक/क्रीड़ा प्रभारी और प्रधानाचार्य ऋषि कुमार मिश्र के द्वारा अपनी टीम के प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त करते हुए आगे और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया गया।



## मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण पर डीएम ने की राजनीतिक दलों संग की बैठक

# अधिकारी घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करेंगे: डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित हुई। बैठक का संचालन एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने किया। बैठक में डीएम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार 04 नवंबर से 04 दिसंबर तक बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करेंगे और मतदाताओं से भरे हुए प्रपत्र वापस प्राप्त करेंगे। गणना प्रपत्र के प्रथम भाग में मतदाता का नाम, एपिक संख्या, भाग संख्या, क्रम संख्या, विधानसभा क्षेत्र का नाम व फोटो पहले से ही अंकित रहेगा।

उन्होंने बताया कि मतदाता अपने और अपने परिजनों का वर्ष 2003 की मतदाता सूची का रिकॉर्ड भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल पर देख सकते हैं। जो मतदाता गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को लौटाएंगे, उनके नाम आलेख्य निर्वाचक नामावली में शामिल किए जाएंगे। बीएलओ द्वारा एक प्रतिलिपि अपने पास सुरक्षित रखी जाएगी, जबकि दूसरी पर हस्ताक्षर कर मतदाता को पावती दी जाएगी।



एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि कि वर्ष 1951 से 2004 तक कुल आठ बार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण हो चुका है। प्रदेश में अंतिम पुनरीक्षण वर्ष 2003 में हुआ था। प्रवासन, मृतकों के नाम हटाने में त्रुटि, एक व्यक्ति का नाम विभिन्न स्थानों पर दर्ज होना तथा विदेशी नागरिकों के नाम गलती से शामिल होने जैसी स्थितियों को सुधारने के लिए यह पुनरीक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है।

मतदेय स्थलों के सम्भाजन पर सर्वसम्मति, चुनाव आयोग को भेजा जाएगा प्रस्ताव एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इस अवधि में मतदेय स्थलों का सम्भाजन भी कराया जा रहा है। इसके तहत 18 नवंबर तक सभी मतदेय स्थलों को अंतिम रूप देना है। इसके बाद 19, 20 और 21 नवंबर को प्रस्ताव मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उप्र लखनऊ को भेजा जाएगा। तत्पश्चात 24 नवंबर को संपूर्ण प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित किया जाएगा।

बैठक में बताया कि 10 नवंबर को प्रकाशित मतदेय स्थलों की सूची सभी दलों को उपलब्ध करा दी गई थी। इसके बावजूद किसी भी दल द्वारा कोई आपत्ति या सुझाव लिखित रूप में नहीं दिया गया। अधिकारियों ने पुनः स्पष्ट किया कि यदि किसी दल को कोई सुझाव या आपत्ति हो तो तत्काल उपलब्ध कराएं, ताकि 19 नवंबर को अंतिम सूची मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपी जा सके। हालांकि बैठक में उपस्थित किसी भी दल के प्रतिनिधि ने कोई आपत्ति दर्ज नहीं की। सभी ने प्रस्तावित सूची पर सहमति जताते हुए इसे निर्वाचन आयोग को भेजने की अनुमति प्रदान कर दी।

# दुधवा की मोटीवेटर नाजरुन निशा ने तालाब से मगरमच्छ का किया सफल रेस्क्यू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पलिया खीरी । दुधवा टाइगर रिज़र्व प्रभाग पलिया खीरी में रविवार का दिन साहस और जिम्मेदारी का अद्भुत उदाहरण बनकर सामने आया। दुधवा बाघ संरक्षण फाउंडेशन के अंतर्गत कार्यरत मोटीवेटर नाजरुन निशा ने एक बार फिर यह साबित किया कि संकट की घड़ी में त्वरित निर्णय और अदम्य साहस किसी भी बड़ी दुर्घटना को टाल सकता है।

सूचना मिली कि पलिया क्षेत्रांतर्गत मटहिया के पास स्थित एक तालाब में अचानक मगरमच्छ दिखाई दिया, जिससे स्थानीय लोगों में भय और अफरा-तफरी फैल गई। ग्रामीणों ने इस घटना की जानकारी तुरंत दुधवा बाघ संरक्षण फाउंडेशन की टीम को दी।

जैसे ही सूचना नाजरुन निशा तक पहुंची, उन्होंने बिना एक पल गंवाए मौके की ओर रुख किया और वहां पहुंचकर हालात का जायज़ा लिया। तालाब में मौजूद मगर की सक्रियता और वहां मौजूद ग्रामीणों की सुरक्षा को देखते हुए उन्होंने तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू करवाया। ग्रामीणों के सहयोग और अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए उन्होंने अत्यंत सावधानी के साथ मगरमच्छ को काबू में किया।



कई मिनटों तक चले इस संवेदनशील ऑपरेशन के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ने में सफलता मिली। इसके बाद उसे दुधवा क्षेत्र के नकौआ नाले में ले जाकर उचित तरीके से पुनः प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया गया, ताकि जानवर को किसी प्रकार का नुकसान न पहुंचे और मानव-वन्यजीव संघर्ष की संभावना भी खत्म हो जाए।

स्थानीय ग्रामीणों ने राहत की सांस लेते हुए नाजरुन निशा के इस साहसिक कदम की भरपूर प्रशंसा की। वन विभाग और दुधवा बाघ संरक्षण फाउंडेशन की टीमों ने भी उनके इस रेस्क्यू को बेहद सफल और अनुकरणीय बताया।

यह घटना न केवल वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता को दर्शाती है, बल्कि यह भी साबित करती है कि दुधवा क्षेत्र में प्रशिक्षित मोटीवेटर और बचाव टीमें हर वक्त लोगों और वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए तत्पर हैं।

# मोहम्मदपुर में डकैतों का धावा, 8 लाख के जेवरात व नकदी लेकर फरार, गांव में दहशत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमीरनगर खीरी। कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव में 16/11/2025 की रात डकैतों ने खौफनाक वारदात को अंजाम देकर पूरे इलाके में दहशत फैला दी। देर रात जब गांव के लोग गहरी नींद में थे, उसी समय हथियारों से लैस 6Ş7 अज्ञात बदमाशों ने निवास युवक अशफाक खां के मकान को निशाना बनाया और ताबड़तोड़ लूटपाट कर दी। परिजनों के मुताबिक, बदमाश मुख्य दरवाजे को तोड़कर घर में घुसे और हथियारों के बल पर परिवार को एक कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद घर के कमरों में रखे करीब 8 लाख रुपये के स्वर्ण व रजत आभूषण और 6,000 रुपये नकद समेटकर फरार हो गए। अचानक हुई इस वारदात से परिवार सहम गया और ग्रामीणों में भी भय का माहौल फैल गया है। घटना की जानकारी मिलते ही चौकी प्रभारी अमीरनगर और थाना प्रभारी मोहम्मदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पूरे घर का निरीक्षण किया, स्थानीय लोगों से पूछताछ की और घटनास्थल के आसपास सुराग जुटाने शुरू कर दिए हैं। रात में ही क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चलाया गया ताकि बदमाशों की गतिविधियों का पता लगाया जा सके। पुलिस का कहना है कि बदमाशों ने वारदात को पूरी प्लानिंग के साथ अंजाम दिया है और लूट का आंकड़ा बड़ा होने के कारण मामले को अत्यंत संवेदनशील मानते हुए कई टीमें जांच में लगाई गई हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। गांव में फैली दहशत के बीच लोगों में यह भी सवाल उठ रहा है कि आखिर बदमाशों को इतनी बड़ी वारदात को अंजाम देने का मौका कैसे मिल गया। ग्रामीणों ने सुरक्षा व्यवस्था और रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।



## चोरी की वारदात सुलझी

लखीमपुर खीरी । अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना खीरी पुलिस ने एक बार फिर प्रभावी कार्रवाई करते हुए चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को चोरी के सामान सहित गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई का नेतृत्व स्वयं थानाध्यक्ष खीरी द्वारा किया गया, जिसके अंतर्गत 16 नवंबर 2025 को बेटा सिंह पुत्र विश्वेश्वर सिंह, निवासी ग्राम भोरापुर, पोस्ट दौलतपुर, थाना पाली (जनपद हरदोई) को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने हाल ही में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। दबिश देकर पकड़े गए आरोपी के पास से चोरी गया सामान बरामद हुआ, जिसमें एक ई-लोडर रिक्शा (ठध्31एद्ध4469), एक बड़ा घरेलू गैस सिलेंडर, वजन करने वाला बड़ा कांटा और 5860 रुपये नकद शामिल हैं। बरामदगी के बाद थाना खीरी में मु0अ0सं0 829/2025 धारा 305(इ)/331(4)/317(2) बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई और उसके बाद सभी विधिक औपचारिकताओं को पूरा करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। घटना के खुलासे के बाद क्षेत्र में निवासियों ने राहत की सांस ली है, जबकि पुलिस की तत्परता और सक्रियता की सराहना भी की जा रही है। गिरफ्तारी में उपनिरीक्षक अजय कुमार सिंह, हेड कॉन्स्टेबल उमेश कुमार, कांस्टेबल सतेंद्र सिंह और कांस्टेबल दीपक कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की परीक्षाएं 18 नवंबर से शुरू

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध जौनपुर और गाज़ीपुर जिले के महाविद्यालयों की परीक्षाएं 18 नवंबर से शुरू होंगी। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो.वंदना सिंह ने सोमवार को इस संबंध में सभी संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं शिक्षकों को परीक्षा संचालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। कुलपति ने शिक्षकों के दायित्वों पर बल देते हुए कहा कि शिक्षकों का पुनीत कर्तव्य है कि वे विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ सही मार्गदर्शन भी दें। विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर को मजबूत करने के साथ-साथ उनके नैतिक मूल्यों का विकास अत्यंत आवश्यक है, जिससे वे मूल्य-आधारित शिक्षा प्राप्त कर समाज में सकारात्मक भूमिका निभा सकें। परीक्षाओं को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने की अपील करते हुए कुलपति ने विश्वास जताया कि सभी प्रबंधक, प्राचार्य एवं शिक्षक इस महत्वपूर्ण कार्य में अपना अपेक्षित योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के शैक्षिक, नैतिक और सामाजिक विकास के लिए शिक्षक निरंतर मार्गदर्शन प्रदान करें। कुलपति ने परीक्षा में शामिल सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## बरेली जिले के एक खेत में वायुसेना के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग, पायलट और क्रू सुरक्षित

बरेली। उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में मीरगंज क्षेत्र के गोरा लोकनाथपुर गांव के पास सोमवार शाम को भारतीय वायु सेना के उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) को तकनीकी खराबी के कारण सरसों के खेत में इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। हेलीकॉप्टर का पायलट और क्रू सुरक्षित हैं। रक्षा मंत्रालय के जनसंपर्क अधिकारी शान्तनु ने सोमवार को बताया कि भारतीय वायु सेना का उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) एक नियमित प्रशिक्षण पर था। उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी के कारण पायलट और क्रू ने त्वरित और आपातकालीन कार्रवाई कर हेलीकॉटर की बरेली के पास सुरक्षित लैंडिंग कराई है । इसके बाद बचाव दल मौके पर रवाना कर दिया गया है। हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग की खबर फैलते ही गोरा लोकनाथपुर और आसपास के गांवों से ग्रामीण मौके पर जुट गए। भीड़ बढ़ते देख एसडीएम मीरगंज, सीओ और प्रभारी निरीक्षक फोर्स पहुंचे। पुलिस ने हेलिकॉप्टर के आसपास बैरिकेडिंग कर सुरक्षा का घेरा बनाया और ग्रामीणों से अपील की कि वे भीड़ न बढ़ाएं और तकनीकी टीम का सहयोग करें। जानकारी के अनुसार बरेली एयरबेस से रिकवरी टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है, जो हेलिकॉप्टर की तकनीकी जांच और आगे की प्रक्रिया कर रही है। मौके पर सेना और प्रशासन के अधिकारी मौजूद हैं।

## नशे की लत समय से पहले व्यक्ति को मौत के मुंह में ढकेल देती है : हेमंत सारस्वत

मुरादाबाद। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल मुरादाबाद महानगर इकाई के तत्वावधान में सोमवार शाम को एसडीएम इंटर कॉलेज लाइनपार में नशा मुक्ति व विकसित भारत का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता प्रांत गौ रक्षा प्रमुख बजरंग दल हेमंत सारस्वत ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव से अवगत कराते हुए कहा कि विद्यार्थी वर्ग नशे से दूर रहे। नशे की लत समय से पहले व्यक्ति को मौत के मुंह में ढकेल देती है।

## संभल में एएसआई टीम से अभद्रता करने वाला हाफिज गिरफ्तार

संभल। उत्तर प्रदेश में संभल जिले की कोतवाली पुलिस ने सोमवार को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण टीम (एएसआई) से अभद्रता और सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस दूसरे आरोपित की तलाश कर रही है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि भारतीय पुरातत्व विभाग मेरठ मंडल के अभियंता विनोद कुमार रावत ने एक तहरीर दी थी। इसमें उन्होंने बताया कि जामा मस्जिद के निरीक्षण के दौरान टीम के साथ कुछ अराजकत्तवों ने अभद्रता की थी। इस मामले में कार्रवाई करते हुए कोट गर्दी निवासी हाफिज को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी ने बताया कि जामा मस्जिद केंद्रीय संरक्षित इमारत है, जिसे एएसआई प्रोटेक्ट करता है। उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार एएसआई द्वारा इसके रंग-रोगन और साफ-सफाई का कार्य नियमित रूप से किया जाता है। उन्होंने कहा कि हाफिज और काशिफ नाम के व्यक्तियों ने एएसआई टीम के साथ बदतमीजी की और राजकार्य में बाधा पहुंचाई। हाफिज को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश जारी है।

# रात में गूँजी गोलियों की आवाज़, मुठभेड़ के बाद दो शातिर लुटेरे गिरफ़्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

उचौलिया खीरी । थाना उचौलिया पुलिस और स्वॉट टीम को बड़ी सफलता मिली है। क्षेत्राधिकारी मोहम्मदी के मार्गदर्शन और प्रभारी निरीक्षक उचौलिया के नेतृत्व में पुलिस ने लूट की घटना में वांछित दो शातिर अपराधियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। दोनों के कब्जे से अवैध असलहे, कारतूस, लूट का पीली धातु का आभूषण, नकदी और मोटरसाइकिल बरामद की गई है। यह कार्रवाई थाना उचौलिया में दर्ज मुकदमा संख्या 256/2025 धारा 309(4) बीएनएस से संबंधित लूट की घटना पर आधारित थी। घटना 16/17 नवंबर 2025 की रात की है, जब पुलिस टीम को सूचना मिली कि तीन व्यक्ति मोटरसाइकिल पर अवैध असलहा लेकर घूम रहे हैं। सूचना पर सैंदा तिराहे के पास पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त अरमान पुत्र इसरार निवासी कुंवरपुर, थाना पिहानी, जनपद हरदोई के पैर में गोली लगी। मौके पर पुलिस ने अरमान और उसके साथी मंगू उर्फ राजेश पुत्र फकीरे लाल निवासी रहीमापुर, थाना उचौलिया को पकड़ लिया, जबकि एक आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पूछताछ में गिरफ्तार दोनों बदमाशों ने स्वीकार किया कि उन्होंने अपने फरार साथी के साथ मिलकर लूट की घटना को अंजाम दिया था। इनके पास से लूट के पीली धातु के कान के जेवर, कुल 2300 रुपये नकद, और दो अवैध तमंचे 315 बोर, जिंदा व खोखा कारतूस बरामद हुए। साथ ही काली रंग की टीवीएस रेडर मोटरसाइकिल भी मिली, जिसका उपयोग अपराध में किया गया था। घायल अभियुक्त अरमान को पुलिस ने प्राथमिकता पर उपचार के लिए सीएचसी पसगवां भेजा।



दोनों आरोपियों का भारी आपराधिक इतिहास सामने आया है। अरमान पर गैंगस्टर एक्ट, पॉक्सो, SC/ST एक्ट, 328/376क आर्म्स एक्ट सहित कई मामले पहले से दर्ज हैं। इसी प्रकार मंगू उर्फ राजेश के खिलाफ लखनऊ और खीरी जिले में चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट के अनेक मुकदमे पंजीकृत हैं। पुलिस ने मुठभेड़ और बरामदगी के आधार पर इनके खिलाफ मुकदमा संख्या 296/2025 धारा 109(1) बीएनएस और 3/25/27 आर्म्स एक्ट के तहत नया केस दर्ज किया है और आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

उचौलिया पुलिस टीम और स्वॉट टीम के संयुक्त प्रयास से हुई यह कार्रवाई क्षेत्र में अपराधियों पर बड़ी कार्यवाही के रूप में देखी जा रही है। पुलिस ने फरार आरोपी की तलाश तेज कर दी है और क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी गई है।

# प्रभारी मंत्री ने धान क्रय केंद्रों का किया निरीक्षण

## किसानों को एमएसपी का पूरा लाभ दिलाने के दिए निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार/जनपद के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने रोजा मंडी में धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया और तौल करा रहे किसानों से भुगतान आदि के सम्बन्ध में जानकारी ली। इस दौरान जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि जनपद में अभी तक 7472 कृषकों के माध्यम से 55,437.846 मी.टन धान की खरीद हो चुकी है और एफआरके की आपूर्ति शुरू हो गई है। बताया कि मिलर्स द्वारा लैब रिपोर्ट प्राप्त होते ही तेजी से सीएमआर का सम्प्रदान प्रारम्भ करा दिया जाएगा। प्रेषित सीएमआर के सापेक्ष मिलों को धान का प्रेषण किया जा सकेगा। इसके अलावा उन्होंने धान खरीद में आ रही समस्याओं को भी बताया। इस पर मंत्री ने मंडी प्रशासन एवं विभिन्न क्रय सस्थाओं के जिला प्रभारी को निर्देशित किया कि धान खरीद से अधिकाधिक कृषकों को लाभान्वित करने का प्रयास किया जाए। उन्होंने आढ़त पर धान बेचने आए किसानों से बातचीत की तो किसान ने बताया कि धान के मानक पूरा न होने के कारण सरकारी क्रय केंद्र पर नहीं बेच पा रहा है। मंत्री ने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को अच्छी फसल एवं उपज के लिए जागरूक किया जाए। ताकि किसान जागरूक होकर फसल बुआई कर अच्छा उत्पाद लेकर अधिक लाभ उठा सके। कहा कि किसानों को उनकी उपज का पूरा एमएसपी का लाभ मिले। किसानों को धान बेचने में किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो और भुगतान भी समय से होता रहे। इस अवसर पर डीएम डीपी सिंह, एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्र, सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, जिला खाद्य विपणन अधिकारी राकेश मोहन पांडेय, मंडी सचिव रिंकू कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# एसएस लॉ कालेज के नि:शुल्क विधिक सहायता केंद्र को मिला प्रशस्ति-पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय द्वारा आयोजित विधिक सेवा दिवस कार्यक्रम में स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय के निःशुल्क विधिक सहायता केंद्र (फ्री लीगल एड क्लिनिक) को समाजहित में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। यह सम्मान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु कुमार शर्मा द्वारा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव ओम प्रकाश मिश्र (तृतीय) की उपस्थिति में प्रदान किया गया। प्राधिकरण ने लीगल एड क्लिनिक की एक्सेस टू जस्टिक फार आल की दिशा में निरंतर सक्रिय भूमिका की प्रशंसा की।



महाविद्यालय का विधिक सहायता केंद्र कई वर्षों से आमजन को विभिन्न विधिक विषयों पर जागरूक करता आ रहा है। केंद्र द्वारा विवाह विच्छेद, दहेज उत्पीड़न, महिला सुरक्षा, घरेलू हिंसा, भूमि विवाद, संपत्ति संबंधी मुद्दे, श्रमिक अधिकार, एसिड अटैक पीड़ित सहायता, शमनीय मामलों के समाधान तथा सरकारी कल्याणकारी एवं विधिक योजनाओं पर जागरूकता अभियान संचालित किए जाते हैं। समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने में यह केंद्र महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इस उपलब्धि के पीछे संयोजक डॉ. अनिल कुमार शाह और सह-संयोजक प्रदीप कुमार सिंह का विशेष योगदान रहा, जिनके निर्देशन में टीम ने विधिक जागरूकता शिविर, परामर्श शिविर, न्यायालय सहायता तथा आउटरीच कार्यक्रमों में उत्कृष्ट कार्य किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जयशंकर ओझा के मार्गदर्शन और प्रबंध समिति के सचिव प्रो. (डॉ.) अवनीश मिश्र के नेतृत्व ने क्लिनिक को निरंतर मजबूत आधार प्रदान किया। प्रशस्ति-पत्र प्राप्त होने पर महाविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल रहा। संकाय एवं छात्रों ने इसे संस्था की उपलब्धि और भविष्य में व्यापक जन-सेवा की प्रेरणा बताया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जयशंकर ओझा ने बताया कि कालेज का लीगल एड क्लिनिक आने वाले समय में भी न्याय तक समान पहुंच के लक्ष्य को साकार करने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।

# डीएम की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड विकास एवं निर्माण कार्यों की बैठक संपन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

## योजनाओं की प्रगति खराब होने पर संबंधित के खिलाफ होगी कार्रवाई : डीएम

शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड विकास कार्यों एवं 05 करोड़ से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में डीएम ने समाज कल्याण तथा डे-एनआरएलएम के अधिकारियों को रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए। कहा कि जिन विभागों की योजनाओं में प्रगति खराब होने से जनपद की रैंकिंग प्रभावित होगी, तो उन संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने योजनाओं में गुणात्मक प्रगति लाने और विकास कार्यों की पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान देने को कहा।

डीएम ने जनपद में पांच करोड़ से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की जांच आख्या की समीक्षा करते हुए कार्यदाई संस्थाओं के अभियंताओं को निर्देश दिए कि जांच में जो भी कमियां पाई गई हैं, उन्हें प्राथमिकता पर दूर किया जाए। निर्देश दिए कि अनारंभ परियोजनाएं शीघ्र प्रारंभ की जाए तथा अपूर्ण परियोजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि पूर्ण हुई बृहद गौशालाओं में निराश्रित गोवंश को रखा जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह, परियोजना निदेशक अवधेशराम, डीसी एनआरएलएम यशोवर्धन सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# डॉ. निरुपमा सिंह ने दिव्यांगजनों को वितरित किया मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रतापगढ़ । ग्राम खूझी (ब्लॉक मांधाता) में स्तुति चैरिटेबल सोसायटी की अध्यक्षा डॉ. निरुपमा सिंह के निर्देशन में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं जनजागरण महोत्सव रविवार को भव्य रूप से संपन्न हुआ। अंतिम दिन पूर्णतः दिव्यांगजन सशक्तिकरण को समर्पित रहा, जिसमें संस्था द्वारा 12 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल वितरित की गईं। ट्राइसाइकिल प्राप्त कर लाभार्थियों के चेहरों पर आई खुशी आयोजन की सार्थकता को उजागर करती रही। डॉ. निरुपमा सिंह ने कहा कि समाज का वास्तविक उत्थान तभी संभव है जब सबसे जरूरतमंद लोगों तक सम्मान और आत्मनिर्भरता का अवसर पहुँचे 'सेवा परमो धर्मः' इसी भावना का आधार है। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में विशेषज्ञों ने दिव्यांगजनों के अधिकारों, सरकारी योजनाओं और आवेदन प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी, जिससे ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ी। दूसरे और तीसरे सत्र में कथा प्रवचन के साथ स्वास्थ्य शिविर एवं



## भागवत कथा के दौरान श्रद्धालुओं की बड़ी उपस्थिति

सामाजिक जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने स्वास्थ्य जांच कराई। डॉ. निरुपमा सिंह सहित चिकित्सकों ने स्वास्थ्य, पोषण और नियमित जांच के महत्व पर जानकारी दी तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाएं वितरित कीं। सात दिनों से जारी यह आयोजन स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, दिव्यांगजन सेवा और आध्यात्मिक उन्नयन का संगम बन गया। ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और युवाओं की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को अत्यंत सफल और प्रेरणादायक बनाया। आयोजन समिति ने बताया कि कथा समापन के उपरांत 18 नवम्बर को महाप्रसाद एवं भव्य भंडारा आयोजित होगा, जिसके लिए क्षेत्र में विशेष उत्साह दिखाई दे रहा है।

## हातिम अली शाह के उर्स में हुई मुल्क की तरक्की की दुआ

तिलहर/शाहजहांपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के मोहल्ला कच्चा कटरा स्थित सूफी संत हजरत हाजी हाफिज मोहम्मद हातिम अली शाह मियां के 52वें सालाना उर्स के अंतिम दिन कुलशरीफ में मुल्क व कौम की तरक्की के लिए दुआ की गई। कुलशरीफ की महफिल सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां की सरपरस्ती में सजी। इस मौके पर कारी मखदमू अशरफ, कारी अली अहमद, कारी निजामुद्दीन, अब्दुल मतीन, हाफिज अकील ने नात पेश की। जबकि मौलाना वकार ने शिजरा पढ़ा। जिसके बाद मुल्क की तरक्की की दुआ हुई। इस मौके पर इफ्तिखार चांद साबरी, काासिम वारसी, आसिम, राहतुल्ला खान, अच्छन मियां, काशिफ हुसैन, शारीक, मौजूद रहे। सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां ने लोगों का शुक्रिया अदा किया।

## जनपद में कोई भी मीट की दुकान नियम विरुद्ध ना चले, नियम विरुद्ध संचालन पाये जाने पर कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए : जिलाधिकारी

सम्भल ( बहजोई) कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा जनपद में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत मीट प्रतिष्ठान संचालित रहें इसको लेकर एक चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत विकासखण्ड असमोली के ग्राम मदाला फतेहपुर स्थित मीट प्रतिष्ठान का खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामजीत एवं उनकी टीम द्वारा निरीक्षण किया गया जिसके सत्यापन के दृष्टिगत यह तथ्य संज्ञान में आया कि ग्राम मदाला फतेहपुर स्थित शाने आलम मीट शॉप ( शाने आलम पुत्र मो. असलम) एवं नाजिम मीट शॉप ( नाजिम पुत्र भूरे) उपरोक्त दोनों संचालकों पर उत्तर प्रदेश गौवध निवारण अधिनियम के अन्तर्गत मुक़दमा पंजीकृत है। जिसके दृष्टिगत इन दोनों शाने आलम मीट शॉप एवं नाजिम मीट शॉप का मीट शॉप का पंजीकरण तत्काल निलंबित कर मीट शॉप को बंद कराया गया साथ ही निर्देशित किया गया कि निलंबन अवधि में खाद्य कारोबार को पूर्ण रूप से बंद रखते हुए 14 दिवस में अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें अन्यथा पंजीकरण को रद्द/ निरस्त कर दिया जाएगा। साथ ही ग्राम मदला फतेहपुर में दो अन्य मीट शॉप को एवं ग्राम शहबाजपुर कलां में 6 मीट शॉप को साफ सफाई संतोषजनक न पाए जाने के कारण एवं नियमों का उल्लंघन करने को लेकर नोटिस जारी किया गया। सहायक आयुक्त खाद्य ग्रेड 2 मानवेंद्र सिंह ने बताया कि जनपद में 678 रिटेल मीट की दुकानें हैं सभी के द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 व नियमावली 2011 के प्रावधानों का अनुपालन करना अनिवार्य है अगर कोई भी इन नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई संज्ञान में लाई जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में कोई भी मीट की दुकान नियम विरुद्ध न चले, नियम विरुद्ध संचालन पाये जाने पर मीट दुकानदार के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

## भाजपा के जिला महामंत्री का जन्मदिन मनाया

शिकारपुर (बुलंदशहर) कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली शिकारपुर के गांव पहाड़पुर हवेली निवासी भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री संजय चौधरी का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया है। सोमवार को नवीन अनाज मंडी में स्थित उनके प्रतिष्ठान पर भाजपा के जिला महामंत्री और किसानों व मजदूरों के नेता संजय चौधरी का साथी व्यापारियों ने जन्मदिन मनाया है। आढ़ती संघ के अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा, पूर्व अध्यक्ष आनंद प्रकाश सिंघल, अनिल मित्तल, रोहित चौधरी, गजे सिंह लइक अहमद, लबी गर्ग, राजकुमार शर्मा, नितिन गर्ग और मूलचंद आदि व्यापारियों ने मिष्ठान खिलाकर जन्मदिन मनाया है। साथी व्यापारियों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं।

# सीओ ने थानों का त्रैमासिक निरीक्षण किया, दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के निर्देश पर जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों ने अपने- अपने थानों का त्रैमासिक निरीक्षण कर अभिलेखों, कार्यप्रणाली एवं स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया। संबंधित थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी सदर प्रियांक जैन ने थाना रोजा का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अपराध रजिस्टर सहित अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों का अवलोकन किया। साथ ही सीसीटीएनएस कक्ष, थाना परिसर, मैस, बैरक, महिला हेल्प डेस्क, महिला सुरक्षा केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क, शस्त्रागार



तथा मुकदमों में दाखिल वाहनों की स्थिति का जायजा लिया और थाने में साफ-सफाई, अनुशासन, अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण एवं कार्यालय व्यवस्था पर विशेष बल देते हुए संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कहा कि सतर्कता, अनुशासन एवं व्यवहारिक शालीनता बनाए रखें। इसके अलावा सीओ सिटी पंकज पंत और सीओ पुवायां आदि ने भी अपने-अपने थानों का त्रैमासिक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# जनपद स्तरीय युवा उत्सव एवं विज्ञान मेला 2025 का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। जनपद स्तरीय युवा उत्सव एवं विज्ञान मेला 2025 का आयोजन युवा कल्याण विभाग संभल के तत्वाधान में बहजोई महाविद्यालय बहजोई के प्रांगण में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष महोदय संभल श्रीमती डॉक्टर अनामिका यादव जी रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महोदय ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में लोक नृत्य समूह लोकगीत समूह कविता लेखन कहानी लेखन डिक्लेमेशन पेंटिंग आदि प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें डिक्लेमेशन में प्रथम स्थान सिल्वर स्टोन स्कूल की नव्या ने प्राप्त किया। कहानी लेखन में प्रथम स्थान सर्वोदय इंटर कॉलेज के अमित कुमार ने प्राप्त किया। विज्ञान मेले में जीएलएम इंटर कॉलेज सिरसी की प्रदर्शनी प्रथम स्थान पर रही। चित्रकारी में सिल्वर स्टोन स्कूल की कीर्ति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लोकगीत समूह में जीजीआईसी संभल की प्रतिभागियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लोक नृत्य में बहजोई महाविद्यालय के प्रतिभागी प्रथम स्थान पर रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष महोदया द्वारा महिला शक्ति एवं युवाओं को भारत की बढ़ती विश्व स्तरीय साख में अपना योगदान देना देने हेतु पूर्ण समर्थन का लक्ष्य रखा एवं महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया। सभी विधाओं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## संरक्षित पशुओं का मारकर मांस ले गए पशु तस्कर

बदायूँ। संरक्षित पशुओं का मारकर तस्कर मांस ले गए। अवशेष खेत में ही छोड़ गए। रविवार दोपहर के समय ग्रामीणों ने जब अवशेष पड़े देखे तो रोष पनप गया। पुलिस को सूचना दी, जिसपर इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। अवशेषों को गड्ढे में डलवाया गया। शनिवार की रात को थाना क्षेत्र के गांव गोठा में तालाब के पास वजीरगंज से गोवर्धन भतरी जाने वाली सड़क पर बाला जी मंदिर के पास गोतस्करों ने घटना को अंजाम दिया। संरक्षित पशुओं को कर मांस लेकर तस्कर चले गए और उसके अवशेषों को खेत में गड्ढे में दबा दिया गया। रविवार को लोग खेतों में काम करने गए तो उन्होंने खून व कुछ अवशेष देखे। उन्होंने गांव के लोगों को सूचना देकर मौके पर बुला लिया। देखा तो बहुत सारे अवशेष मिले। इसके बाद थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की और ठोर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। अवशेषों का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है। तस्करों की तलाश की जा रही है।

## शहर में बंदरों का आतंक

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के शिवशक्ति नगर में इन दिनों बंदरों का आतंक बना हुआ है। बंदरों के झुंड गलियों और मकानों की छतों पर घूमते नजर आ रहे हैं, जिससे लोगों में भय का माहौल है। स्थानीय निवासी अयोध्या प्रसाद शर्मा के अनुसार बंदर आए दिन घरों में घुसकर खाने-पीने का सामान उठा ले जाते हैं और कई बार बच्चों व बुजुर्गों पर हमला भी कर चुके हैं। एक अन्य कॉलोनी निवासी अमित गुप्ता, मनोज गुप्ता, सर्वेश गुप्ता, नारायण दत्त शर्मा का कहना है कि नगर पालिका प्रशासन और वन विभाग को कई बार शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। कॉलोनी के ही रहने वाले सत्येंद्र राठौर, रामचंद्र राठौर, विनोद राठौर, नेमचंद्र गुप्ता, प्रवीण नेगी, शुभाष गुप्ता, राजेश कश्यप, डॉ0 आशीष सारस्वत, दंत चिकित्सक डॉ0 पवन शर्मा ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द बंदरों को पकड़ा जाए ताकि मोहल्ले में शांति और सुरक्षा बहाल हो सके।स्थानीय निवासी डॉ0 प्रशांत गुप्ता, एडवोकेट उमाकांत शर्मा, उमाशंकर शर्मा, सोहनपाल राठौर, देवेंद्र, महेश वर्मा, रामपाल सिंह, नरेंद्र शर्मा, शतीश गुप्ता ने बताया कि सुबह- शाम घर से निकलना मुश्किल हो गया है, बच्चे स्कूल जाने से डरते हैं। वहीं महिलाओं ने भी बताया कि बंदर अक्सर छत पर सूख रहे कपड़े फाड़ देते हैं और राशन के थैले छीन कर भाग जाते हैं।

## तीन अलग-अलग जगह पर मारपीट

शिकारपुर (बुलंदशहर) कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील शिकारपुर क्षेत्र में तीन अलग अलग गांव में मारपीट की हुई घटनाओं में एक महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। तीनों ही मामलों में पुलिस में नामजद मुकदमा दर्ज कराया गया है। पहला वाकया, शिकारपुर थाना क्षेत्र के गांव जखेता का है। श्रीमती कृष्णा देवी पत्नी विजय कुमार ने बताया कि उनके बेटे निशांत के साथ गांव निवासी महिला ने नगीना, हेमंत और टीकू के साथ मिलकर गाली गलौज की और पिटाई कर घायल कर दिया। दूसरी घटना, सलेमपुर थाना क्षेत्र के गांव रंगपुर की है। प्रभात कुमार पुत्र सुरेंद्र गिरी ने बताया कि गांव निवासी प्रमोद गिरी पत्र मलखान गिरी और राजकुमार गिरी पुत्र बनवारी गिरी द्वारा खेत पर चारों ओर लगी लोहे की एंगल को तोड़ दिया गया।

# साईं मंदिर के पुजारी की हत्या, चांदी के दो मुकुट लूट ले गए बदमाश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। पुजारी की हत्या कर बदमाशों ने मंदिर में लूटपाट कर पुलिस को खुली चुनौती दी है। वहीं बदमाश चांदी के दो मुकुट लूट गए। घटना रविवार देर रात की है। सोमवार सुबह स्थानीय लोगों को घटना की जानकारी हुई तो इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के नवादा इलाके में साईं मंदिर के पुजारी की गला दबाकर हत्या कर दी गई। बदमाश मंदिर से चांदी के दो मुकुट भी ले गए। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। पुजारी की हत्या के बाद क्षेत्र में रोष फैल गया। हिंदू संगठन के लोग मौके पर पहुंचे और आरोपियों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने आश्वासन दिया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव कल्लिया काजमपुर के रहने वाले मनोज शंखधार 15 साल से नवादा स्थित साईं मंदिर पर बतौर पुजारी के रूप में काम करते आ रहे



थे। रविवार रात को वह मंदिर परिसर में ही बने कमरे में सो रहे थे। रात में किसी समय बदमाश मंदिर परिसर में घुस आए। उन्होंने पुजारी को बंधक बनाया और गला घोंटकर हत्या कर दी। बदमाश चांदी के दो मुकुट ले गए। दानपात्र से भी रुपये ले जाने की बात सामने आ रही है। घटना की सोमवार सुबह तब हुई, जब सफाई कर्मी मंदिर में सफाई करने पहुंचा। उसने कमरे में पुजारी का शव पड़ा देखा। पुजारी के गले में कपड़ा कसा हुआ था। उनके पैर भी बांधे गए थे। सफाई कर्मी ने स्थानीय लोगों को सूचना दी। पुजारी की हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मंदिर परिसर में गहनता से छानबीन की। वहीं पुजारी हत्याकांड में एडीजी और आईजी साई मन्दिर पहुँचे साई मन्दिर के पुजारी की हत्या का मामला शासन तक पहुँचा, रिपोर्ट तलब, बरेली जोन के एडीजी रमित शर्मा और आईजी अजय साहनी ने मौका मुआयना कर शासन को रिपोर्ट भेजी। वहीं शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। वहीं एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच को टीम गठित कर दी गई है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा, जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## हिन्दी साहित्य परिषद का पुनर्गठन

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्राचार्य डॉ अनिल कुमार की अध्यक्षता तथा ऊर्दू विभागाध्यक्ष डॉ रवींद्र सिंह यादव के निर्देशन में सम्पन्न परिषद पुनर्गठन कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रेमचन्द चौधरी ने किया। चुनाव अधिकारी डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने सर्वप्रथम अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशिता आमन्त्रित की जिसमें एक मात्र प्रत्याशी बीए पंचम सेमेस्टर की योगिता यादव को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। महामंत्री पद पर कु डॉली ने सर्वाधिक 58 मत प्राप्त कर जीत हासिल किया। उपाध्यक्ष के दो पदों पर महिमा भारती और सुमित यादव निर्वाचित हुए। मोहन लाल, सौरभ कुमार एवं प्रियंका को संयुक्त सचिव चुना गया। केशव कुमार, राहुल कुमार एवं विपिन यादव को कार्य कारिणी का सदस्य चुना गया। इस अवसर पर इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ अनिल कुमार, डॉ हुकुम सिंह, डॉ गौरव कुमार सिंह, डॉ संजय कुमार, डॉ ज्योति विश्नोई, डॉ दिलीप कुमार वर्मा, डॉ सचिन कुमार, डॉ प्रियंका सिंह आदि ने सहयोग प्रदान किया।

## बदायूं की राधिका को राज्यपाल ने दिया गोल्ड मैडल

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के अटल सभागार मे हुए 23 वें दीक्षांत समारोह में बदायूँ की राधिका शर्मा को एम.ए. समाजशास्त्र में पूरे विश्वविद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने करने पर, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल महामहिम आनंदीबेन पटेल और झारखंड के राज्यपाल महामहिम संतोष गंगवार ने स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया शहर के श्रीराम नगर कालोनी में रहने वाले भागवत प्रवक्ता मुमुक्ष कृष्ण दद्दा की सुपुत्री राधिका शर्मा नेहरु मैमोरियल शिव नारायन दास कालेज की मेधावी छात्रा है. माता सुधा शर्मा आदर्श गृहणी के साथ एक धार्मिक महिला भी हैं. राधिका अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता के अलावा अपने शिक्षक और शिक्षकाओं के देती है.उनकी इस विशेष उपलब्धि पर प्रोफ़ेसर डा. बैकुंठ नाथ शुक्ल, डा. मनवीर सिंह,डा. सत्यम मिश्र:, डा. संतोष कुमार, डा. जीवन सारस्वत, डा. सोनी गुप्ता, वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार कामेश पाठक, भजन गायक मनु भैया, अनीता पाठक, पुरोहित शिव ओम शर्मा समेत सभी इष्ट मित्रों और सम्बंधियों ने तहेदिल से बधाई दी -।

# 36 घंटे बाद भी पूर्व सैनिक के हमलावर देहात कोतवाली की पुलिस की पकड़ से दूर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र के कोयली जंगल गांव में रविवार गाँव में पंचायत के दौरान हुए खूनी संघर्ष में घटना के 36 घंटे बीत जाने के बावजूद देहात कोतवाली पुलिस धारदार हथियार से पूर्व सैनिक व उनके भाइयों पर हमला करने वाले आरोपियों को अभी तकद गिरफ्तार नहीं कर पाई है। गंभीर हालत में घायल पूर्व सैनिक आनंद यादव और उनके दोनों भाइयों दशरथ लाल और किशन लाल यादव का लखनऊ के ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है।जहां आनंद यादव की हालत नाजुक बनी हुई है लगातार डॉक्टरों द्वारा इलाज किया जा रहा है। इस मामले में भगवान शंकर सिंह उर्फ उत्तम सिंह,अतुल सिंह उर्फ विक्की सिंह, गणेश शंकर उर्फ सत्यम सिंह,आलोक सिंह, अंकुर सिंह,विजय तिवारी और राजेश शर्मा फरार चल रहे हैं।फरार आरोपियों में से राजेश शर्मा और उत्तम सिंह कथित तौर पर व्हाट्स एप कॉल के माध्यम से पीड़ित परिवार और उनकी मदद करने वालों को लगातार धमकियां दे रहे हैं।हालांकि, देहात कोतवाली पुलिस का दावा है कि सभी आरोपियों के मोबाइल फोन बंद हैं और उनकी लोकेशन नहीं मिल पा रही है इस विरोधाभास पर सवाल उठ रहे हैं। पीड़ित परिवार घटना के बाद से डरा हुआ है। रात भर पुलिसकर्मियों को उनके घर के पास सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था।पीड़ित परिजन राजे श यादव ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और परिवार की सुरक्षा की मांग की है।उन्होंने बताया कि परिवार के दो सदस्य वर्तमान में देश की सेवा में तैनात हैं और घर पर कोई नहीं है।

इस मामले पर एडीजी जोन गोरखपुर अशोक जैन ने बताया कि देवीपाटन रेंज के आईजी अमित पाठक को कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।उन्होंने आश्वासन दिया कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा और किसी को बख्शा नहीं जाएगा। रात में पीड़ित परिवार के घर के पास पुलिस बल तैनात था। किसी भी प्रकार की अगर लापरवाही पुलि सकर्मियों के निकाल सामने आई तो जिम्मेदारी तय करके कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# कागजों में सिमट गया गोण्डा में मुखबिर तंत्र, तकनीक के सहारे गोंडा पुलिस




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । जिले में आए दिन पुलिस की ओर से जारी होने वाले प्रेस नोट में कहानी तो बार-बार यही दोहराई जाती है कि मुखबिर की सूचना पर शराब, असलहा, कारतूस के साथ आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली है। पुलिस भले ही इन गिरफ्तारियों के पीछे मुखबिर की मदद की बात करती हो,लेकिन हकीकत यही है कि आधुनिकता के इस दौर में गोण्डा पुलिस मुखबिर तंत्र का मंत्र ही भूल चुकी है।यही वजह है कि जिले में हुई कई बड़ी वारदातों का आज भी खुलासा नहीं हो सका है।बदलते दौर में पुलिसिंग के तौर तरीके तो बदलते चले गए,लेकिन इसी के साथ पुलिस महकमे की सबसे मजबूत कड़ी माने जाने वाले भरोसेमंद मुखबिरों का साथ छूटता चला गया। आधुनिकता के दौर में भले ही खाकी हाईटेक संसाधनों से लैस हो गई हो,पर बेसिक पुलि सिंग से दूर होती जा रही है।मुखबिरों की मदद नहीं मिलने से न तो बड़ी घटनाओं का पुलिस खुलासा कर पा रही है और न ही अपराधी पकड़ में आ रहे हैं।पुलिस के अफसर भी दबी जुबान ये बात स्वी कार करते हैं,लेकिन मौजूदा दौर में अब पुराने दौर को लाना मुमकिन नहीं है।जिले में पिछले कई सालों के भीतर कई जघन्य वारदातें हों या फिर हाल में हुई घटनाएं हर मामलों में पुलिस का नेटवर्क कमजोर ही जा रहा है।इसी वजह से घटनाओं का खुलासा नहीं हो सका।

### पुलिस के प्रेस नोट तक सिमट गए मुखबिर

गोण्डा पुलिस हर छोटे-बड़े मामले के खुलासे में जारी प्रेस नोट में यही जिक्र करती है कि मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की गई, लेकिन ऐसा होता नहीं है।सच तो यही है कि पुलिस को हाईटेक संसाधनों के नाम पर मिले सर्वि लांस की मदद से ही घटनाओं का खुलासा कर अपराधियों को गिरफ्तार करती है।ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि मुखबिर प्रेस नोट तक ही सिमट गए हैं।

### इसलिए किनारा करते चले गए मुखबिर

पुलिस सूत्रों की माने तो शुरुआती दौर में मुखबिर ही पुलिस की मजबूत कड़ी थी।कोई घटना होने पर मुखबिरों को फैला दिया जाता था।मुखबिर पूरी जानकारी देते थे। इसके बाद पुलिस अपने हिसाब से काम करती थी और कामयाबी भी मिलती थी,लेकिन धीरे-धीरे पुलिस ने मुखबिरों के साथ ही खेल शुरू कर दिया।कई बड़ी घटनाएं होने पर जब कोई क्लू नहीं मिलता था तो पुलिस मुखबिरों को ही उस मामले में लपेट देती थी।कई मुखबिरों को पुलिस ने अपराधी बताकर एनकाउंटर में मार दिया।इसके कई मामले भी सामने आए।इन्हीं वजहों से मुखबिरों ने पुलिस से दूरियां बना ली और एक समय ऐसा आ चुका है अब मुखबिर बचे ही नहीं हैं।

# बढ़ा अपराध : स्ट्रीट लाइट जलाने के विवाद में बुजुर्ग की हत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के नरेंद्रपुर गांव में स्ट्रीट लाइट जलाने को लेकर हुए विवा द में 70 वर्षीय जगदंबा प्रसाद की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। अयोध्या मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। यह घटना देर हुई है जब जगदंबा प्रसाद के नाती प्रमोद चौहान स्ट्रीट लाइट जलाने गए थे।गांव के कुछ लोगों, जिनमें बड़कन्नू उर्फ समर सिंह भी शामि ल थे, ने प्रमोद को गाली देना शुरू कर दिया। जब जगदंबा प्रसाद ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की।गंभीर रू प से घायल जगदंबा प्रसाद को अयोध्या मेडिक ल कॉलेज में भर्ती कराया गया था, जहां उनकी मृत्यु हो गई। नवाबगंज पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भर कर पोस्ट मॉर्टम के लिए भेज दिया है। नरेंद्रपुर गांव की निवासी सुनरा देवी ने आरोप लगाया है कि उन के मकान के बगल लगी स्ट्रीट लाइट जलाने के लिए जब उनके बेटे प्रमोद चौहान गए, तो बाद बड़कन्नू उर्फ समर सिंह ने गाली-गलौज शुरू कर दी। जब उनके ससुर जगदंबा प्रसाद ने गा ली देने से मना किया,तो बड़कन्नू उर्फ समर सिं ह और उनकी पत्नी गंगाजली ने लाठी-डंडों औ र ईंटों से उन पर हमला कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। नवाबगंज थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकद मा दर्ज कर लिया गया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।उन्होंने पुष्टि की कि स्ट्रीट लाइट जलाने को लेकर गाली-गलौज और मार पीट हुई थी।पुलिस मौके पर मौजूद है और आ गे की कार्रवाई कर रही है।

## पूना में मार्ग दुर्घटना में मौत छाया मातम

गोरखपुर । खजनी ब्लाक क्षेत्र के उनवल के वार्ड नंबर चार निवासी नंदू साहनी का 23 वर्षीय पुत्र दिलीप का 14-11-25 को रात 12, बजे पूना में अपनी पान की दुकान को बंद कर अपने क्वार्टर पर दोपहिया से जा रहा था कि अचानक डिवाइडर से टकरा गया जिनको तत्काल स्थानीय लोगो ने अस्पताल लेकर गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिए। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था,मृतक की शादी दो वर्ष पहले हुई थी परिजनों ने बताया की उसकी पत्नी के पेट में कुछ माह का बच्चा भी पल रहा है दिलीप एक हफ्ते वाद घर आने वाला था और अपनी पत्नी को पूना लेकर जाने वाला था। दिलीप की मृत्यु का समाचार रात तीन बजे फोन पर उनवल उसके निजी स्थान पर आते ही पुरे मुहल्ले में मातम छा गया मृतक मुहल्ले में बड़ा ही मिलनसार और हंसमुख लड़का था परिजनों का रोल रो कर बुरा हाल है उसके मृत्यु की खबर सुन उसके बड़े भाई पूना के लिए निकल गया है वह छठ में अपने पिता के साथ घर आया था।

# गौरव अग्रवाल ने प्रॉपर्टी डीलिंग में अपने पार्टनर के साथ किया जालसाजी व धोखाधड़ी, पीडित का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा । थाना कोतवाली नगर के रानी बाजार निवासी अंकुर अग्रवाल ने एक प्रार्थना पत्र कोतवाली नगर में देकर शिकायत किया था कि विपक्षी गौरव अग्रवाल के साथ पार्टनरशिप में प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता था। गौरव अग्रवाल द्वारा इसी का फायदा उठाकर प्रार्थी से पैसा लेकर अपने नाम जमीन गाटा संख्या 25 का दिनांक 7- 10-2014 को ग्राम देवरिया चूडामडि में 17 बिस्सा तथा दिनांक 23- 6 2025 को अपनी मां विमला देवी के नाम गाटा संख्या 6 गिर्द गोंडा ग्रामीण रकबा 42 डिस मिल का बैनामा तथा अपने साथी जुबेर आसिफ फारूकी पुत्र नौशाद अली फारूकी निवासी फैजाबाद रोड इमामबाड़ा गोंडा के नाम गाटा संख्या 1281 मी.मौजा खैरा ग्रामीण का अनुबंध इकरारनामा करवा लिया इस सभी भूमि के बैनामा हुआ किरनाम का समस्त पैसा प्रार्थी द्वारा विपक्षी गौरव अग्रवाल को दिया गया था लेकिन जब उपरोक्त गौरव अग्रवाल ने उपरोक्त जमीन को लालच वश अपने तथा अपनों के नाम लिखवाया तो प्रार्थी ने अपने रुपए की मांग की जिस पर विपक्षी द्वारा मुझे बार-बार आश्वासन दिया गया कि आपको आपका पैसा तथा जमीन मिल जाएगा मेरे द्वारा विपक्षी गौरव अग्रवाल को बुलाकर संजय सिंह एडवोकेट इरशाद हुसैन कौन बहादुर सिंह रवि कौशल के समक्ष गवाहन अपना बकाया का संपूर्ण देखा जोखा बनाकर उसके फोन नंबर मोबाइल संख्या 7355 42 8541 को दिनांक 31 10 2020 जारी व्हाट्सएप पर दिया लेकिन विपक्षी द्वारा प्रार्थी को अब तक रुपया वापस नहीं दिया गया।प्रार्थी के पैसे से खरीदी गई जमीन को बेचकर उपरोक्त गौरव अग्रवाल जमीन बेचकर प्रार्थी के साथ धोखाधड़ी व जालसाजी की गई है जिससे प्रार्थी परेशान है।पूर्व में दिए गए नगर कोत वाली गोण्डा में प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी का कहना है कि नगर कोतवाली द्वारा मेरे विपक्षी से मिलीभगत करके आज तक हमारे प्रार्थना पत्र पर कोई कार्रवाई नहीं किया है जिससे मैं काफी आहत हूं । इस संबंध में मेरे द्वारा एक ऑनलाइन शिकायत भी की गई है। मैं आपके समाचार पत्र के माध्यम से जिला प्रशासन से यही चाहता हूं कि मुझे न्याय दिलाए जाए और विपक्षी द्वारा कूरचित,जालसाजी व धोखाधड़ी करके जो पैसा मुझे लिया गया है वह पैसा वाप स दिलाया जाए।

# गायत्री चेतना केंद्र पर सम्पन्न हुआ विराट दीप महायज्ञ



गोरखपुर। गायत्री चेतना केंद्र, गणेशपुरमऽराप्तीनगर में अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में विराट दीप महायज्ञ एवं भजन संध्या का आयोजन श्रद्धा, उत्साह और आध्यात्मिक गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ धर्म ध्वजा फहराकर वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती सुधा मोदी एवं प्रसिद्ध नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ डॉ. पी.एन. सिंह सपरिवार द्वारा किया गया।

इस महायज्ञ में जन-जन के कल्याण एवं युग-परिवर्तन की बेला में वैदिक मंत्रों के साथ सूक्ष्म आहुतियां प्रदान की गईं।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मगहर कबीर पीठ के पीठाधीश्वर पूज्य महंत विचार दास जी, माननीय विधायक श्री प्रदीप शुक्ला, पूर्व महापौर डॉ सत्या पाण्डेय,भाजपा महिला मोर्चा से अधिवक्ता पूजा गुप्ता, स्वेता श्री, नवल किशोर नथानी, किन्नर अखाड़ा से प्रतिनिधि , नगर के कई सम्मानित समाजसेवी एवं बुद्धिजीवीगण उपस्थित रहे।

यह आयोजन शांतिकुंज हरिद्वार में 100 वर्षों से प्रज्वलित अखंड दीपक एवं वंदनीय माताजी भगवती देवी शर्मा जी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जनजागरण एवं जनकल्याण के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

शांतिकुंज से पधारी देवदूत टोली के आचार्य श्री शैलेंद्र कुमार एवं श्री कैलाश द्वारा प्रस्तुत राष्ट्रभक्ति एवं आध्यात्मिक गीतों ने वातावरण को भावविभोर कर दिया। उपस्थित जनसमूह करतल ध्वनियों से

# समाजसेवी मो. अब्दुल्ला चेन्जमेकर आफ द ईयर एवार्ड से सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच। एसोसिएशन ऑफ मुस्लिम प्रोफ़ेशनल की नेशनल एन.जी.ओ. कान्फ्रेंस, इस्लामिक सेन्टर ऑफ इंडिया लखनऊ में आयोजित हुई, जिस में देश भर से शिक्षाविद, समाज सुधारक, बुद्धिजीवी सम्मिलित हुए। इस कान्फ्रेंस में अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के पूर्व वाइस चांसलर प्रोफ़ेसर जमीरुद्दीन शाह, शाहीन ग्रुप के अध्यक्ष अब्दुल कदीर, जकात फाउन्डेशन ऑफ इंडिया के चेयरमैन डाक्टर सय्यद जफर महमूद, ऐशबाग ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली, अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के पूर्व प्रो-वाइस जमीर उद्दीन शाह,ब्रिगेडियर अहमद अली, पूर्व जिला जज बी.डी. नकवी, प्रसिद्ध चिकित्सक डाक्टर कौसर उस्मान, डाक्टर कौनैन कौसर, प्रसिद्ध आयुर्वेदिक चिकित्सक और नेशनल योगा ट्रेनर डाक्टर बदरुल इसलाम समेत पचासों स्पीकर्स और देश भर की सैकड़ों एन.जी.ओज. के हजारों कारकुनान ने शिरकत की। कान्फ्रेंस में अल्पसंख्यक, वक्फ एंव हज राज्य मन्त्री दानिश आज़ाद भी सम्मिलित हुए। दो दिवसीय कान्फ्रेंस में शिक्षा और रोजगार पर विस्तृत चर्चा हुई। इस कान्फ्रेंस में दर्जनों सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी एवार्ड से सम्मानित किया गया। बहराइच के सुप्रसिद्ध समाजसेवी मोहम्मद अब्दुल्लाह भी चेन्जमेकर ऑफ द ईयर से सम्मानित हुए। मोहम्मद अब्दुल्लाह को सम्मानित किए जाने पर बहराइचवासियों में खुशी का माहौल है। एडवोकेट सुहेल इकबाल, मोहम्मद शफीक, राकेश पाण्डेय, बिन्नू सिंह, डाक्टर अब्दुल वजूद खां, चांद मियां, राजेश जायसवाल, बच्चे भारती, जमाल अहमद, सलीम सिद्दीकी, अरशद अली मेकरानी, शफीक अहमद बाग़बान ने एवार्ड से सम्मानित किए जाने पर मोहम्मद अब्दुल्लाह को मुबारकबाद पेश की है।

### अभिग्रहीत वाहनों के भौतिक सत्यापन के लिए मोहम्मदनगर बनेगा सेन्टर

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने तहसील सदर बहराइच अन्तर्गत ग्राम मोहम्मदनगर में सचल दल इकाई बहराइच द्वारा अभिग्रहीत वाहनों के भौतिक सत्यापन की व्यवस्था हेतु खसरा/गाटा संख्या 1453मि. क्षेत्रफल 0.1000 हेक्टयर नवीन परती भूमि का आवंटन राज्य कर विभाग उ.प्र. शासन लखनऊ को किया गया है।

शाखा से होता है व्यक्तित्व निर्माण : सुनीता

### लक्ष्मीबाई केलकर स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित हुए कार्यक्रम



बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के माधवरेती स्थित सरस्वती विद्या मंदिर प्रांगण में राष्ट्र सेवा समिति की बहराइच इकाई द्वारा समिति की संस्थापिका वंदनीय लक्ष्मीबाई केलकर( मौसी जी )की स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में बहराइच नगर की 90 बहनों के द्वारा 90 मिनट की शाखा लगाई गई। जिसमें योग प्राणायाम एवं विभिन्न प्रकार के शारीरिक खेल के माध्यम से कैसे मन और मस्तिष्क को मजबूत बनाएं का प्रशिक्षण बहनों को दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्र सेवा का समिति की विभाग संचालिका सुनीता जी नहीं उन्होंने मौसी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मौसी जी ने अपना पूरा जीवन राष्ट्र को एवं भारत माता की निरंतर सेवा करने वाली अपनी बहनो कैसे शारीरिक एवं मानसिक रूप से दृढ़ हो राष्ट्र के प्रति संकल्पित हो गुणवत्तापूर्ण शाखा कैसे संचालित हो इसके ऊपर जीवन भर कार्य किया इस अवसर पर जिला संचालिका छवी, जिला कार्यवाहिका शीला, जिला संपर्क प्रमुख मंजू ,जिला सह संपर्क प्रमुख अंजलि , जिला व्यवस्था प्रमुख रेखा, नगर कार्यवाहिका रीना, सह नगर कार्यवाहिका साधना, शारीरिक प्रमुख तमन्ना सहित मातृशक्ति एवं वीरांगनाओं ने कार्यक्रम में सहभाग किया ।

### गो आश्रय स्थलों की निगरानी के लिए स्थापित मॉनिटरिंग कक्ष का सीडीओ ने किया उद्घाटन



बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। मुख्यमंत्री जी महत्वाकांक्षी योजना निराश्रित गोवंशों के संरक्षण हेतु जनपद में संचालित गो आश्रय स्थलों के प्रभावी अनुश्रवण एवं गो आश्रय स्थलों को प्रभावी बनाये जाने के उद्देश्य से मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देश तथा जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के नेतृत्व में विकास भवन में स्थापित किये गये मॉनिटरिंग कक्ष का मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने भाजपा उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय के साथ फीता काटकर उद्घाटन किया तथा मॉनिटरिंग कक्ष का निरीक्षण करते हुए विभिन्न गौशालाओं में संचालित गतिविधियों का अवलोकन भी किया। उल्लेखनीय है कि जनपद के सभी गो आश्रय स्थलों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरे विकास भवन में स्थापित मॉनिटरिंग कक्ष से कनेक्ट रहेंगे यहां पर तैनात नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारी द्वारा गो आश्रय स्थलों की गतिविधियों का अनुश्रवण करते रहेंगे। मॉनिटरिंग कक्ष के निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने निर्देश दिया कि गो आश्रय स्थलों के महत्वपूर्ण स्थानों यथा गेट, चरही तथा भण्डारण कक्ष को अनिवार्य रूप से कवर किया जाय। इस अवसर पर सीडीओ श्री चन्द्र ने कहा कि मॉनिटरिंग व्यवस्था से गो आश्रय स्थलों की एक स्थान से कार्मिकों की क्रियाशीलता, चारे पानी इत्यादि की उपलब्धता की बेहतर निगरानी हो सकेगी। सीडीओ ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि मॉनिटरिंग कक्ष के डाटा को सुरक्षित रखने का माकूल बन्दोबस्त किया जाय।

### ग्राम सेमरहना का डीएम ने किया भ्रमण

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) अन्तर्गत राजस्व ग्राम भरथापुर के हितग्राहियों को ग्राम सभा सेमरहना में विस्थापित किये जाने की कार्यवाही का जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने स्थलीय निरीक्षण कर मौके पर मौजूद उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा (मोतीपुर) राम दयाल से भूमि पैमाईश के बारे में आवश्यक जानकारी प्राप्त की। डीएम ने उप जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि विभिन्न मूल भूत सुविधाओं के लिए चिन्हित की गई भूमि की पुनः पैमाईश करा ली जाय ताकि कार्य प्रारम्भ होने पर भूमि को लेकर किसी प्रकार की समस्या न हो।

# नाज़िरपुरा में शिक्षा, शायरी और सामाजिक एकता का उत्सव



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जयंती पर नाज़िरपुरा में आयोजित तीसरा तालीमी इजलास व मुशायराऽ2025 इस बार शिक्षा, साहित्य, सेवा और सामाजिक चेतना का अद्वितीय संगम बनकर उभरा। नजीरपुरा विकास मंच द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों लोगों की उपस्थिति ने इसे जिले का सबसे चर्चित आयोजन बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ हाफिज मुनीर अहमद अंसारी के कुरान पाठ से हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री यासर शाह ने शिक्षा को समाज उत्थान का सबसे बड़ा साधन बताया और मौलाना आज़ाद की सोच को आज भी प्रासंगिक बताया। तालीमी इजलास के मुख्य अतिथि मौलाना मोहम्मद अहमद बेग ने मौलाना आज़ाद के जीवन, उनकी शिक्षा सेवाओं और हिंदू-मुस्लिम एकता पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि मौलाना डॉ. सुफियान अहमद अंसारी और मौलाना सिराज अहमद मदनी सहित कई सम्मानित लोग उपस्थित रहे।शाम को शुरू हुआ मुशायरा कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बना। रोहित शर्मा राहिल, योगेंद्र मिश्र योगी और अमर सिंह विशेन जैसे लोकप्रिय शायरों ने शानदार कलाम पेश किए। वरिष्ठ अधिवक्ता सैयद सगीर आबिद रिज़वी द्वारा मौलाना अबुल कलाम आजाद पर प्रस्तुत लेख को विशेष सराहना मिली। अंजुम जैदी, मंजूर बहराइची और साजिद बहराइची ने भी बेहतरीन शेर पढ़े। कार्यक्रम में पत्रकारों और समाजसेवियों को अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में मो. सलीम रूमी, डॉ. अजीमुल्ला खान, मो. अकरम एडवोकेट, मो. रशीद, डॉ. अनस जराई, अमर सिंह विसेन, राकेश चंद्र श्रीवास्तव, रफी अहमद, आफाक अहमद और रवि यादव शामिल रहे। पत्रकार डीपी श्रीवास्तव, आनंद प्रकाश गुप्ता, अब्दुल कादिर, फराज अंसारी, बिन्नू बाबा, मोहम्मद अनवर खान व रियाज़ अहमद को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा पर्यावरण, महिला शिक्षा, स्वच्छता, तकनीक और सामाजिक सौहार्द पर दी गई प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। विभिन्न स्कूलों-सेवंथ डे इंटर कॉलेज, सर सैयद इंटर कॉलेज, मदरसा सुल्तान उलूम, हरमैन मॉडर्न जूनियर हाई स्कूल, न्यू सादिक मोंटेसरी, अबुल कलाम आज़ाद जूनियर हाईस्कूल और मदरसा इस्लामिया नजीरपुरा-के बच्चों ने महान व्यक्तित्वों पर शानदार भाषण दिए, जिन्हें मुख्य

# गोंड़ा में दर्दनाक हादसा, डंपर चालक ने महिला आधा किलोमीटर तक घसीटा,सड़क पर बिखरे शव के टुकड़े

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले के करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्ग त कटरा शाहबाजपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास ए क डंपर की चपेट में आने से आधा किलोमीटर तक घसीटने के कारण 32 वर्षीय संगीता साहू की दर्दनाक मौत हो गई।इस हादसे में उनके प ति शिक्षक महेश कुमार साहू गंभीर रूप से घा यल हो गए,जिन्हें इलाज के लिए गोंडा मेडिक ल कॉलेज रेफर किया गया है।घटना के बाद स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया।बताया जा रहा है कि महेश कुमार साहू अपनी पत्नी संगी ता साहू को सीएचसी करनैलगंज में दिखाने के बाद अपने प्राथमिक विद्यालय भभुआ लेकर जा रहे थे।रास्ते में एक डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी।टक्कर के बाद संगीता डंपर के टायर में फं सकर करीब आधा किलोमीटर तक घसीटती रहीं जिससे उनकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने दौड़कर डंपर को रोका। मृतक संगीता देवी अपने शिक्षक पति महेश कुमार साहू के साथ करनैलगंज में किराए के मकान में रहती थीं। उनके पति श्रावस्ती जिले के प्राथमिक विद्या लय भभुआ में कार्यरत हैं।सूचना मिलने पर करनैलगंज कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सड़क पर पड़े संगीता साहू के क्षत-विक्षत शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कराया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।करनैलगंज कोतवाल तेज प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक महिला के शव को कब्जे में ले लिया गया है औ र पूरे मामले की जांच की जा रही है।

मृतक म हिला के शिक्षक पति महेश कुमार साहू ने डंपर चालक के खिलाफ तहरीर दी है,जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# योगी सरकार के निर्देशों का नहीं हो रहा पालन

# अधिशासी अभियंता की कुर्सी खाली, उपभोक्ता परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। विद्युत उपखंड कार्यालय में उपभोक्ताओं की समस्याएँ लगातार बढ़ती जा रही हैं, वहीं समाधान के लिए जिम्मेदार अधिशासी अभियंता की कुर्सी ज्यादातर दिनों खाली रहने से उपभोक्ताओं में भारी रोष व्याप्त है। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने बताते हैं कि जब से अधिशासी अभियंता प्रशांत गुप्ता का स्थानांतरण हुआ और नवीन अधिशासी अभियंता हरेन्द्र सिंह ने कार्यभार संभाला, तब से कार्यालय में उनकी मौजूदगी बेहद कम देखने को मिलती है। ऐसे में उपभोक्ताओं की शिकायतें कौन सुने और उनका निस्तारण कैसे हो—यह बड़ा सवाल बना हुआ है। सरकारी निर्देशों के अनुसार सभी विभागीय अधिकारियों को प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक कार्यालय में उपस्थित रहकर जन शिकायतें सुननी होती हैं। इसके अलावा प्रत्येक सोमवार को विद्युत उपखंड कार्यालय में सम्भव कैंप आयोजित कर उपभोक्ताओं की समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाना चाहिए। लेकिन पूरनपुर में यह व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त दिखाई देती है। हाल ही में आयोजित सम्भव कैंप के दौरान भी अधिशासी अभियंता की कुर्सी खाली रही। जन सुनवाई कैंप का पोस्टर तो उनकी कुर्सी के पीछे लगाया गया था, पर अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं थे। स्थिति तब और भी गंभीर हो गई जब भगवन्तापुर चुंगी के पास से हाई-टेंशन लाइन चोरी और अन्य बिजली संबंधी मामलों की जानकारी लेने पर हरीपुर बिजलीघर में तैनात जेई आर.एन. पांडे का व्यवहार उपभोक्ताओं के प्रति असहयोगी और आक्रामक दिखाई दिया। शिकायतकर्ता के अनुसार जेई ने नाम पूछकर स्मार्ट मीटर जबरन लगाने की चेतावनी तक दे डाली। जब उनसे पूछा गया कि किस आदेश के आधार पर ऐसा किया जाएगा, तो उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम लेकर उल्टा तंज कसना शुरू कर दिया, मानो मुख्यमंत्री ने व्यक्तिगत रूप से हर घर में जबरन मीटर लगाने का आदेश दिया हो। स्थिति यह है कि अधिशासी अभियंता कार्यालय में जेई का ऐसा व्यवहार उपभोक्ताओं के साथ हो रहा है, तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि वहां समस्याओं को कितनी गंभीरता से सुना और समझा जा रहा होगा। उपभोक्ताओं का कहना है कि अधिकारी और कर्मचारी दोनों ही जवाबदेही से दूर होते जा रहे हैं, जिससे आम जनता की परेशानी और बढ़ती जा रही है।

## जगदीशपुर पुलिस ने शातिर अपराधी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

अमेठी,थाना जगदीशपुर पुलिस ने गौकशी के मामले में वांछित एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर सोमवार को थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर गौकशी के मामले में वांछित मोईन पुत्र रफीक निवासी ग्राम गौहर का पुरवा थाना जगदीशपुर को थाना क्षेत्र जाफराबाद नार्थ जनपद ईस्ट दिल्ली, दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार युवक ने बताया कि बीती सत्ताइस अक्टूबर की रात को वह एवं उसका साथी जावेद साथ गोकशी करने गये थे। जावेद तमंचा व कारतूस भी लिये हुए था तभी पुलिस से घिरता देख जावेद से पुलिस पर जान से मारने के लिये फायर करने के लिये कहा था जावेद द्वारा तमंचे से पुलिस पर फायर करने पर और अपने आप को घिरता देख कर झाड़ियों की आड़ लेते हुए मौके से भाग गया था। इस सम्बंध में थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त एक शातिर अपराधी है जिसके विरुद्ध थाना जगदीशपुर व शिवरतनगंज पर पूर्व में गोवध निवारण अधिनियम, पशु क्रूरता अधिनियम, गैंगस्टर एक्ट आदि विभिन्न धाराओं में कुल पन्द्रह अभियोग पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार शातिर अपराधी को जेल भेज दिया गया है।

# अमरिया ब्लॉक की प्रधान घूंघट में, पुत्र करा रहा कार्य ग्रामीणों में रोष घोटाले की भरमार, गांव में गंदगी का अंबार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।विकास खंड अमरिया की ग्राम पंचायत जगत की प्रधान एवं सचिव ने सफाई के नाम 12 हजार रुपए निकाल लिए लेकिन गांव में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। रिवोर कराने के नाम पर भी 24280 रुपया निकाल लिए हैं।साथ ही 49798 रुपया बाउंड्री वॉल अबशेष का भी भुगतान किया गया दो और दो बार हिंदुस्तान इंटरप्राइजेज के नाम लगाया गया इंटरलॉकिंग के नाम पर रुपया बल्कि ईंट लगा दी घटिया सामग्री उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर दोनों मिलकर लगा रहे है धब्बा सूत्र बताते है। ग्राम पंचायत में कराये गये निर्माण कार्यों में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। प्रधान और सचिव ने नियमों को ताक पर रख सरकारी धन का दुरपयोग किया है। ग्राम प्रधान नजमा बेगम पत्नी छोटेबक्श प्रधान है। लेकिन सभी कार्य उनके पुत्र उवैश की देख रेख में ही होते हैं। बीतें दिनो पंचायत मे कराए गये नाली व इंटरलॉकिंग के निर्माण कार्यों में घटिया क्वालिटी की सामग्री का उपयोग किया गया हैं। निर्माण कार्य में पीला ईंट व नदी की रेत का उपयोग किया गया है। ग्रामीणों का कहना हैं कि निर्माण के दौरान प्रधान पुत्र को कई बार घटिया सामग्री कि शिकायत की गई परन्तु उसने सब कुछ नजर अंदाज कर निर्माण कार्य करा दिया। प्रधान पुत्र इंटरलॉकिंग में बड़े पैमाने पर पैसा कमा रहा है। सचिव शिखा के सहयोगी संजीव कुमार सरकारी दस्तावेजो कि गोपनीयता को अक्सर भंग करता दिखाई देता हैं। जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र समय से उपलब्ध नहीं होते हैं। ग्रामीण ब्लॉक कार्यालय के चक्कर लगाते अक्सर नजर आते हैं। ग्राम पंचायत में स्थित परिषदीय विद्यालय के पास से नाली निर्माण किया गया जिसमें पिला ईट लगाई गई हैं। पंचायत घर में भी कोई कर्मचारी ग्रामीणों की समस्याएं सुनते नहीं आता है। पंचायत सहायक का वेतन भी कई महीनों से नहीं मिला है।

## पूर्व मंत्री,विधायक,डीएम, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने चीनी मिल के नवीन पेराई सत्र का किया शुभारम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। नेशनल हाईवे पर स्थित दि किसान सहकारी चीनी मिल का नवीन पेराई सत्र का ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, विधायक बाबूराम पासवान एवं जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने शुभारम्भ किया। उन्होंने चीनी मिल पहुंचकर विधि-विधान से हवन पूजन किया। चीनी मिल के पटले पर नारियल फोड कर पटले में गन्ना डालकर एवं बटन दबाकर नये पेराई सत्र कर शुभारंभ किया गया। इस दौरान कंटे पर पहुंचकर फीता काटकर बैलगाड़ी व टैक्टर एवं कृषकों को फूल माला पहनाकर गन्ना पर्ची की तौल कराई गई। इस दौरान पूर्व मंत्री मंत्री डॉ0 विनोद तिवारी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह,अजीत प्रताप सिंह उप जिलाधिकारी,जीएम, युवा भाजपा नेता अनुराग अगिनहोत्री,उप सभापति चीनी मिल बहादुर सिंह, संचालक चीनी मिल आनंद मिश्रा,चीनी मिल के अधिकारी व कर्मचारी सहित अन्य उपस्थित रहे है।

# अमेठी से पचास किसानों का दल उन्नत बकरी पालन प्रशिक्षण हेतु मथुरा रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित गवर्निंग बोर्ड समिति से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप सोमवार को अमेठी जनपद से पचास कृषकों का दल आत्मा योजनान्तर्गत पांच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग हेतु रवाना किया गया। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान मथुरा में आयोजित किया जा रहा है। उप कृषि निदेशक ने बताया कि कृषि कार्य के साथ वैकल्पिक आजीविका के रूप में उन्नत नस्ल की बकरी पालन किसानों की आय वृद्धि में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए किसानों को आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक पद्धतियों, नस्ल सुधार, पोषण प्रबंधन, रोग नियंत्रण तथा बाजार व्यवस्था से संबंधित व्यवहारिक जानकारी प्रदान करने हेतु यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कृषि क्षेत्र में आय बढ़ाने के लिए पशुपालन महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बकरी पालन कम लागत में अधिक लाभ देने वाला व्यवसाय है, जिसे ग्रामीण क्षेत्र में आसानी से अपनाया जा सकता है। यह प्रशिक्षण किसानों को नई तकनीकों से अवगत कराएगा, जिससे वे अपने क्षेत्र में बकरी पालन को और अधिक संगठित एवं वैज्ञानिक ढंग से कर सकें। आत्मा योजना के अंतर्गत संचालित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम किसानों को आत्मनिर्भर बनाने तथा कृषि आधारित आय में वृद्धि के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण पूर्ण कर लौटने के बाद किसान अपने गांवों में अन्य कृषकों को भी प्रोत्साहित कर सकेंगे, जिससे जनपद में बकरी पालन को बढ़ावा मिलेगा। अंत में उप कृषि निदेशक ने आशा व्यक्त की कि यह प्रशिक्षण जिला अमेठी के कृषकों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा और वे प्राप्त ज्ञान का उपयोग कर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करने में सफल होंगे।

## वृद्धाश्रम में भोजन वितरण व पीके अवधी टीम का सम्मान किया

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जरूरतमंदों की मदद करने वाली संस्था धन श्री गुरुनानकदेव लंगर सेवा ट्रस्ट ने रविवार को अपना दूसरा स्थापना दिवस मनाया. इस अवसर पर वृद्धाश्रम में भर्ती बुजुर्गों भोजन वितरण व और सामाजिक सरोकार का रील बना लोगों को संस्कार के प्रति सचेत करने वाली पीके अवधी टीम सहित कई समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। रेलवे स्टेशन व अस्पताल में भर्ती मरीज तीमारदारों को निरंतर भोजन, रक्तदान करने, बीमार की सेवा, असहाय लोगों को व्हीलचेयर देने गरीब बच्चों को मुफ्त शिक्षा में सहायता करने निर्धन परिवारों को मदद करने तथा तीर्थयात्रा कराने जैसे कई सामाजिक कार्य करने वाली लंगर ट्रस्ट ने तुराबखानी स्थित आश्रम में समाजसेवी डीपी गुप्ता, मलिन बस्ती के बच्चों के लिए मुफ्त पाठशाला चलाने वाली सीडब्लूसी की मजिस्ट्रेट सरिता यादव रणजीत सिंह सलूजा बैंक अफसर हरविंदर सिंह के प्रतापगढ़ के समाजसेवी सरदार मंजीत सिंह व फ़ूड ब्लॉगर शिवा व कपूर सहित पीके अवधी टीम के सदस्यों को सम्मानित किया. सभी वृद्धजनों को भोजन कराया गया. इस अवसर पर गुरदीप सिंह हरप्रीत कौर सरदार गगनदीप सिंह शिक्षक महेश दत्त प्रभाकर दत्त सतपाल सिंह सतनाम सिंह श्रवण कुमार आदि मौजूद रहे। सोमवार को कामतागंज स्थित भट्ठे पर मजदूरों को वस्त्र व खाना की थाली भी बांटी गई।

## मण्डी पहुंचे डीएम तौल में तेजी लाए जाने के दिए निर्देश

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने पूरनपुर मण्डी पहंचकर धान खरीद केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मण्डी में उपस्थित किसानों की समस्याओं का संज्ञान लेते हुए जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी को निर्देश देते हुये कहा कि जो भी किसान धान बिक्री हेतु केन्द्रों पर आये उनकी तौल मानक के अनुरूप कराना सुनिश्चित की जाये। किसानों से धान क्रय प्रक्रिया में विलंब न किया जाये। जिन किसानों की धान तौल नहीं हुई उसे शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का पूर्ण लाभ दिया जाये।निरीक्षण के दौरान जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी, उप जिलाधिकारी पूरनपुर,सेंटर इंचार्ज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## विधालय में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में 465 जोड़ों को मिला मंगलमय जीवन का आशीर्वाद

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। एक विधालय में सोमवार दोपहर दो बजे समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री विवाह योजना के अंतर्गत भव्य मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह व मुख्य अतिथि के रूप में लोकप्रिय विधायक बाबूराम पासवान ने शिरकत की और विवाह बंधन में बंधे 465 नव दम्पत्तियों को उपहार स्वरूप आवश्यक सामग्री प्रदान कर उनके सुखी वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएँ दीं। मुख्य अतिथि ने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को सम्मानपूर्वक जीवनयापन की दिशा में सहयोग देना है। सामूहिक विवाह जैसी योजनाएँ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों को बड़ी राहत प्रदान करती हैं तथा सामाजिक समरसता को भी मजबूती देती हैं। उन्होंने नव दम्पत्तियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद भी दिया। कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। पूरनपुर नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता, भाजपा जिलाउपाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, समाजसेवी संदीप खंडेलवाल, वरिष्ठ नेता सुंदर लाल, बलवंत पासवान, सुनील शर्मा, प्रेमराज वर्मा सहित कई गणमान्य लोगों ने समारोह में भाग लेकर नवयुगलों को शुभकामनाएँ दीं। उपजिलाधिकारी पूरनपुर अजीत प्रताप सिंह, खण्ड विकास अधिकारी हेमंत कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी समेत अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। सरकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन और सामाजिक सहभागिता के इस संयुक्त प्रयास ने समारोह को अत्यंत गरिमामय बना दिया। सामूहिक विवाह के माध्यम से 465 परिवारों को मिला यह सहयोग उनके नए जीवन की सुखद शुरुआत का महत्वपूर्ण आधार बना।

## गांव पजावा में अन्नपूर्णा हेतु प्रस्तावित जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के गांव पजावा निवासी गेंदन लाल, प्रेम बहादुर शर्मा, महेश कुमार सहित लगभग एक दर्जन ग्रामीण सोमवार दोपहर 1 बजे तहसील परिसर पहुंचे। ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर बताया कि गांव में स्थित कृषि योग्य भूमि नई परती के रूप में दर्ज है। यह भूमि शासन की योजनाओं के अंतर्गत अन्नपूर्णा हेतु प्रस्तावित की गई हैं।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा इस भूमि पर जबरन कब्जा कर अतिक्रमण किया जा रहा है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, जब ग्रामीणों ने अवैध कब्जे का विरोध किया, तो आरोपी व्यक्ति उनसे मारपीट व विवाद पर आमादा हो गया। इसी को लेकर ग्रामीणों ने बताया कि यह भूमि सार्वजनिक हित से जुड़ी है, इसलिए इसका अवैध कब्जा न केवल सरकारी योजना में बाधा उत्पन्न करता है, बल्कि पूरे गांव के हितों को प्रभावित करता है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि समय रहते प्रशासन द्वारा हस्तक्षेप नहीं किया गया, तो अतिक्रमणकारी भूमि पर स्थायी निर्माण भी कर सकता है।ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कर अवैध कब्जे को तत्काल हटाने तथा आरोपी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

## ब्लॉक स्तर पर जीते बच्चों का न्याय पंचायत पर हुआ सम्मान

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। ब्लॉक स्तर की खेल कूद प्रतियोगिता उच्च प्राथमिक विधालय भगवनतापुर में जीते हुए बच्चों का न्याय पंचायत पर सम्मान नोडल संकुल शिक्षक श्री हुकुम सिंह द्वारा किया गया जिसमें कंपोजिट स्कूल चलतुआ के बच्चों ने कई प्रतियोगिता में जीत हासिल की 100 मीटर जूनियर बालिका वर्ग में कंपोजिट स्कूल चलतुआ की नंदिनी ने दूसरा, ऊंची कूद में दूसरा ,लम्बी कूद में दूसरा, चक्का फेंक में भी दूसरा और इसी स्कूल की दूसरी छात्रा रानी ने गोला फेंक में प्रथम स्थान प्राप्त किया और इसी प्रकार इसी स्कूल के विक्रम निषाद ने जूनियर बालक वर्ग ने 200 मीटर दौड़ में दूसरा स्थान, लम्बी कूद में दूसरा और ऊंची कूद में प्रथम स्थान प्राप्त किया और चैम्पियनशिप जीती इस खुशी में नोडल संकुल शिक्षक श्री हुकूम सिंह ने उक्त विधालय में जाकर विजय हुऐ बच्चों मैडल पहना कर और शील्ड देकर सम्मानित किया और बच्चों को और समस्त स्टाफ़ को जीत की मुबारक बाद दी और जिले स्तर पर होने वाली खेल कूद प्रतियोगिता में पूरी तयारी के साथ जाने को कहा और जीतने की अग्रिम शुभकामनाएं दीं इस मौके पर अध्यापक श्री प्रेम पाल मौर्य ,आदेश कुमार, नरेंद्र पाल उपस्थित रहे है।

## वर्तमान विश्व की समस्याओं का समाधान एकात्म मानव दर्शन से ही सम्भव : प्रफुल्ल केतकर

वाराणसी। 'आर्गनाइजर' साप्ताहिक पत्रिका के सम्पादक प्रफुल्ल केतकर ने पश्चिम की भौतिकवादी दृष्टिकोण का उल्लेख कर कहा कि इस दृष्टिकोण ने प्रकृति, पर्यावरण एवं विश्व में अशान्ति को जन्म दिया है। जिसका समाधान न पूंजीवाद से है, न साम्यवाद से है बल्कि उसका समाधान भारतीयता से ओत—प्रोत पं0 दीनदयाल उपाध्याय की एकात्म दर्शन से है।

सम्पादक प्रफुल्ल केतकर काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के स्वतंत्रता भवन सभागार में आयोजित तीन दिवसीय 'काशी शब्दोत्सव' के दूसरे दिन सोमवार को पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी की आध्यात्मिक राष्ट्रीयता एवं एकात्म जीवन—दर्शन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय दृष्टि एकात्म है जो मेरा भी सही पर आधारित है जबकि पश्चिम की दृष्टि अधिनायकवादी है और मेरा ही सही है में विश्वास करती है। भारतीय विकास संरचना चक्राकार है जिसमें निरन्तर परिवर्तन संवेद है। उन्होंने कहा कि पश्चिम ने प्रकृति को अपने अधीन कर अधिक उपभोग दृष्टि से कार्य किया है। जिससे प्रकृति का विनाश हुआ है, जबकि भारत में प्रकृति एवं पर्यावरण की रक्षा को परम धर्म माना है। इसी सत्र में एच.एन.बहुगुणा गढ़वाल केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 श्रीप्रकाश ने कहा कि पश्चिम जहां विभाजन पैदा करता है वहीं पं0 दीनदयाल उपाध्याय का दर्शन समाज को जोड़ता है। पं0 दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म दर्शन किसी प्रकार के भेदभाव को स्वीकार नहीं करता। उनका एकात्म दर्शन प्राचीन भारत की प्रवाहमान राष्ट्रीय चेतना पर आधारित है।

# एंबुलेंस को रास्ता न देना अमानवीय व्यवहार : ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। यातायात माह में एम्बुलेंस को रास्ता दें अभियान के तहत कटका क्लब सामाजिक संस्था ने राणा प्रताप पी. जी. कॉलेज और राधा रानी इंटर कॉलेज में जागरूकता अभियान चलाया। मुख्य वक्ता असिस्टेंट प्रोफ़ेसर ज्ञानेंद्र विक्रम सिंह रवि ने कहा कि एंबुलेंस का उपयोग आपात स्थिति में ही होता है। एंबुलेंस को रास्ता न देना अमानवीय व्यवहार है। एंबुलेंस को रोकने पर आपका चालान कट सकता है। इतना ही नहीं ऐसा करने पर आपको जेल भी हो सकती है ।

विशिष्ट वक्ता कथा वाचक शनि मिश्र ने बताया कि आपने एंबुलेंस के सायरन की आवाज सुनी होगी यह इसलिए बजाया जाता है ताकि आगे वाली गाड़ियां एंबुलेंस को जाने का रास्ता दे सकें । फिर भी लोग एंबुलेंस को रास्ता देने में लापरवाही बरतते हैं। वंदे भारत पदयात्री आशुतोष पांडेय ने बताया कि यातायात नियमों का सदैव पालन करना चाहिए। बिना ड्राइविंग लाइसेंस के गाड़ी चलाने पर अब 5 हजार रुपये का चालान भरना पड़ेगा जो पहले केवल 500 रुपये था। अध्यक्षता राणा प्रताप पीजी कालेज के प्राचार्य प्रोफ़ेसर दिनेश कुमार त्रिपाठी स्वागत राधा रानी इंटर कालेज की प्रधानाचार्य विंदू श्रीवास्तव व आभार ज्ञापन कटका क्लब अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रमाधिकारी , डॉ. प्रभात श्रीवास्तव , डॉ.विभा सिंह वीरेंद्र कुमार गुप्ता , दिलीप कुमार सिंह,विनय सिंह , सत्यम चौरसिया, विशाल विश्वकर्मा,समेत अनेक शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## कन्नौज पहुंची प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी, योजनाओं की समीक्षा की

कन्नौज। प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्यमंत्री और जिले की प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी ने सर्किट हाउस में आयोजित बैठक के दौरान कहा कि ओवर रेटिंग पर विराम लगता हुआ दिखना चाहिए। इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए कि कोई भी किसान खाद के लिये इधर-उधर न भटके। बैठक में विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत ने खाद वितरण पर संतोष व्यक्त करते हुये कहा कि खाद वितरण जिलाधिकारी की देख-रेख में पूर्ण पारदर्शिता के साथ की जा रही हैं। मंत्री ने मक्का और बाजरा खरीद की समीक्षा करते हुये कहा कि मक्का, बाजरा खरीद लक्ष्य के सापेक्ष होनी चाहिए। प्रभारी मंत्री ने जिले में संचालित सरकारी योजनाओं की भी समीक्षा की। बैठक में पूर्व सांसद सुब्रत पाठक, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सहित सभी अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पीएम एफएमई योजना से साहब लाल बने सफल ग्रामीण उद्यमी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी,आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना ग्रामीण उद्यमिता को नई दिशा दे रही है।विकास क्षेत्र सिंहपुर के ग्राम अहोरवा भवानी निवासी साहब लाल ने डीएम व सीडीओ के मार्गदर्शन तथा विभागीय सहयोग से इस योजना का लाभ उठाकर मौर्या आटा चक्की एवं आयल मिल की सफल स्थापना कर एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है।डीआरपी के सहयोग से साहब लाल द्वारा पीएम पोर्टल पर आवेदन किया गया जिसके अंतर्गत उन्हें बारह लाख रुपये का ऋण प्राप्त हुआ तथा उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा परियोजना लागत का पैंतीस प्रतिशत अनुदान भी स्वीकृत किया गया। प्राप्त संसाधनों से उन्होंने आधुनिक आटा चक्की एवं मिनी आयल मिल की स्थापना की जहां आटा, मल्टीग्रेन आटा, बेसन एवं खाद्य तेल सहित कई उत्पाद निर्मित किए जा रहे हैं। ये उत्पाद स्थानीय बाजार के साथ आसपास के जनपदों में भी उपलब्ध कराये जा रहे हैं।वर्तमान में इकाई का वार्षिक टर्नओवर लगभग पांच लाख रुपया है और यह स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी प्रदान कर रही है।जिलाधिकारी संजय चौहान एवं मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह ने साहब लाल की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पीएम-एफएमई जैसी योजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा देने का कार्य कर रही हैं। साहब लाल का प्रयास यह साबित करता है कि यदि सही मार्गदर्शन, वित्तीय सहयोग और लगन मिले, तो ग्रामीण क्षेत्र में भी उत्कृष्ट उद्यम स्थापित किए जा सकते हैं। जनपद में ऐसे सफल मॉडलों को बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग स्वरोजगार की दिशा में आगे आये।साहब लाल की यह सफल पहल स्थानीय उद्यमिता, खाद्य प्रसंस्करण एवं रोजगार सृजन को बढ़ावा देने की दिशा में एक सशक्त कदम है।

# हमारी सरकार में वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज : ब्रजेश पाठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## इसौली विधानसभा में एकता यात्रा में हुए शामिल



कुड़वार सुल्तानपुर । सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 जन्म जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा आयोजित रन फॉर यूनिटी के अंतर्गत आयोजित एकता यात्रा में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री शामिल हुए।एकता यात्रा के बाद उन्होंने अलीगंज कस्बे में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया।

सोमवार को सड़क मार्ग से इसौली विधानसभा के अलीगंज बाजार पहुंचे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक कोटिया मोड़ से एकता यात्रा में सम्मिलित हुए।एकता यात्रा सीधे जनसभा स्थल पहुंची।जहां उपमुख्यमंत्री ने सरदार बल्लभ भाई पटेल, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर जनसभा में शामिल हुए।मंच पर पहुंचने पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने स्वागत भाषण दिया।उसके बाद सीधे उपमुख्यमंत्री जनता से मुखातिब होते हुए बोले कि पार्टी ने सरदार बल्लभ भाई पटेल के जीवन चरित्र व कृतित्व को जन जन तक पहुंचाने के लिए उनके 150 वीं जन्म जयंती पर पूरे प्रदेश में एकता यात्रा का आयोजन किया गया है।उन्होंने कहा कि देश में गुलामी के दौरान गांधी जी के नेतृत्व में देश के वीर सपूतों ने कांग्रेस पार्टी के साथ आजादी की लड़ाई में शामिल हुए थे।आजादी के बाद गांधी जी ने कहा कि अब कंग्रेश पार्टी का कार्य खत्म हुआ लेकिन जो आज की कांग्रेस पार्टी है उसको सत्ता का लालच था।देश के विभाजन के दौरान जब कई रियासतें अलग देश की मांग करने लगी तो सरदार पटेल ने सख्त होते हुए कहा था कि जो भी रियासत अपने देश में शामिल नहीं होंगी उनका कोई महत्व नहीं होगा।पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी लगातार कश्मीर में धारा 370 का विरोध करते रहे।आजादी के बाद कश्मीर में जाने के लिए परमिट लगाई गई थी जिसको तोड़ते हुए श्यामा प्रसाद मुखर्जी बिना परमिट के कश्मीर चले गए।उनके विरोध के बाद यह व्यवस्था खत्म हुई।जनसंघ की स्थापना से लेकर बीजेपी गठन तक भाजपा का पार्टी का जो संकल्प पत्र था कि धारा 370 हटाएंगे,35 ए समाप्त करेंगे,अयोध्या में राम मंदिर बनाएंगे।उन सभी संकल्पों को 2014 में मोदी सरकार आने के बाद पूर्ण किया गया।धारा 370 हटाने के पहले विपक्षी पार्टियां कहती थी अगर धारा 370 हटाई गई तो देश में खून की नदिया बहेंगी लेकिन धारा 370 हटी,35 ए खत्म हुआ, राम मंदिर बना कही भी एक मच्छर के बराबर भी खून नहीं गिरा।कंग्रेस पार्टी पर हमलावर होते हुए उन्होंने कहा कि यह पार्टी हर मुद्दे पर देश के खिलाफ ही खड़ी रही।पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के इंडोनेशिया दौरे की याद साझा करते हुए उन्होंने कहा कि जब पूर्व प्रधान मंत्री इंडोनेशिया के दौरे पर गए थे तो उन्होंने देखा कि मुस्लिम देश में रामलीला का भव्य आयोजन हो रहा है तो उन्होंने उस देश के राष्ट्र अध्यक्ष से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि हमने उपासना पद्धति बदली है हम अपने पूर्वजों को कैसे भूल सकते है।मोदी सरकार ने जनधन खाते खुलवाए,हर घर उज्ज्वला कनेक्शन दिया।हर घर को स्वच्छ जल देने के लिए हर घर नल योजना गतिमान है।पूर्व की सरकारों में 01 रुपया दिल्ली से चलता था तो 15 पैसे लाभार्थी तक पहुंचता था लेकिन मोदी सरकार में सीधे 01 रुपया लाभार्थी तक पहुंचता है।उन्होंने कायाकल्प,नकल विहीन परीक्षा,ग्राम सचिवालय,प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य सरकार की उपलब्धता गिनाई।

## सम्पादकीय

# लोग कुर्सी का सम्मान करते हैं न कि उस पर बैठे व्यक्ति का

कल रात एक सेवानिवृत्त सरकारी उप-सचिव के साथ भोजन किया और जब हम उनकी सेवा के वर्षों के बारे में बात कर रहे थे तो मैंने उनसे एक ऐसा सवाल पूछने का फैसला किया जिससे कई शक्तिशाली लोग चुप-चाप डरते हैं। मैं आगे झुका और पूछा कि सेवानिवृत्ति के बाद सत्ता न होने का कैसा अनुभव होता है। एक पल के लिए उन्होंने मेरी ओर एक ऐसी दयालुता से देखा जो जीवन को डैस्क के दोनों ओर से देखने से ही आती है। फि र वे हंसे, किसी कड़वाहट या पछतावे से नहीं बल्कि एक ऐसे व्यक्ति की शांत संतुष्टि के साथ जिसने कुछ ऐसा समझ लिया है जो उच्च पदों पर बैठे कई लोग कभी नहीं समझ पाते। उन्होंने मुझे बताया कि जितने साल वे उस सीट पर रहे, उन्होंने हर दिन खुद को याद दिलाया कि लोग सीट का सम्मान करते हैं और उसे प्रणाम करते हैं, न कि उस पर बैठे व्यक्ति का। उन्होंने खुद से यही बात तब कही जब उनके लिए गाडियां रुकीं, जब लोग सभाओं में खड़े हुए, जब उनके घर पर निमंत्रणों की बाढ़ आई और जब उनके फोन की घंटी लगातार बजती रही और आवाजें शहद से भी मीठी लग रही थीं। वे जानते थे कि हर अभिवादन और हर सम्मानपूर्ण इशारा उनके पद के लिए था न कि उनके लिए। और उन्होंने कहा कि इस एक विचार ने सेवानिवृत्ति के बाद उनकी मदद की। जब वे बोल रहे थे, मुझे अहसास हुआ कि उन सरल शब्दों में कितनी बुद्धिमता छिपी है। कल्पना कीजिए कि अगर हमारे शक्तिशाली नेता यह समझ जाते तो हम कितने दुख से बच सकते थे। कल्पना कीजिए कि कितने गुस्से पर काबू पाया जा सकता था और कितने अहंकार अपने सामान्य आकार में सिमट जाते, अगर उन्हें याद रहे कि उन्हें जो सम्मान मिलता है वह सिर्फ उस कुर्सी से उधार लिया गया है जिस पर वे बैठते हैं। कुर्सी का अधिकार होता है। कुर्सी की पहुंच होती है। कुर्सी का महत्व होता है। व्यक्ति बस कुछ देर के लिए उस पर बैठता है। चारों ओर देखिए, आपको हर जगह विपरीत ही दिखाई देगा। सत्ता में बैठे लोग यह मानने लगते हैं कि वे ही सत्ता हैं। उन्हें लगता है कि उन्हें जो सम्मान मिलता है, वह उनकी प्रतिभा, उनके आकर्षण या उनके व्यक्तित्व के कारण है। वे भूल जाते हैं कि अगर कुर्सी छिन जाए, तो भीड़ गर्मियों में बर्फ से भी तेजी से पिघल जाती है। फोन की घंटी बजना बंद हो जाती है। अंतहीन आगंतुक गायब हो जाते हैं। उनके घर के बाहर गेट पर अब चिंतित याचकों की लंबी कतारें नहीं दिखतीं। अचानक वे अकेले हो जाते हैं और सन्नाटा चौंकाने वाला होता है क्योंकि उन्होंने पद को स्नेह समझ लिया था। काश हमारे और भी नेता, अधिकारी और कुर्सीधारी इस सच्चाई को समझते। किसी व्यक्ति की असली पहचान उसके कार्यकाल के आखिरी दिन के बाद शुरू होती है। यही वह क्षण होता है जब आप देखते हैं कि क्या लोग अब भी आपसे मिलने आते हैं, आपकी राय को महत्व देते हैं, गर्मजोशी से आपका स्वागत करते हैं और क्या आपको लगता है कि आपके पास देने के लिए कुछ है। यही वह क्षण होता है जब वह पुरुष या महिला कुर्सी से अलग हो जाता है। जब सेवानिवृत्त उप-सचिव ने अपनी बात समाप्त की तो वे फिर से मुस्कुराए और कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद का जीवन शांतिपूर्ण था क्योंकि उन्होंने कभी कुर्सी और व्यक्ति को भ्रमित नहीं किया। इसी समझदारी ने उन्हें निराशा के बजाय गरिमा के साथ विदा होने दिया। और शायद यही सबसे बड़ी ताकत है!

# 283 केस और सिर्फ सात में सजा

**मध्य प्रदेश में पिछले पंद्रह दिनों में ही लव जिहाद के चार नए मामले सामने आ गए। इनमें से कुछ में पीड़िता सामने आती है, बयान देती है, पुलिस कार्रवाई होती है और फिर अचानक मुकदमा अदालत में जाकर ढह जाता है। कई बार पीड़िताएं बयान बदल देती हैं। कई बार परिजन पलट जाते हैं। कई बार पुलिस की जांच इतनी कमजोर होती है कि अभियुक्त आसानी से छूट जाता है और फिर सवाल उठता है! क्या हम केवल 'लव जिहाद की राजनीति' कर रहे हैं या वास्तव में अपराध रोकना चाहते हैं इंदौर के इरफान अली कुख्यात अपराधी पर रेप, ब्लैकमेलिंग और धर्म परिवर्तन के दबाव जैसे गंभीर आरोप हैं, उसके खिलाफ कई पुराने मामले भी हैं। दूसरी ओर, इसी इंदौर में जिम ट्रेनर शादाब के मामले में, जिन संगठनों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले किया था, वही मामला पीड़िता द्वारा एफआईआर से इनकार कर देने पर खत्म हो गया। यहां केवल संगठनों की नहीं, देखा जाए तो पूरे समाज की जिम्मेदारी बनती है कि यदि किसी अपराध की आशंका है तो सिर्फ आवाज ही नहीं उठाएं, कानूनी प्रक्रिया में लेकर अपराधी को सजा भी दिलवाएं। पीड़िता का संरक्षण, कानूनी सलाह और मुकदमे की प्रगति पर नजर रखना सिर्फ पुलिस और अदालत की जिम्मेदारी नहीं हो सकती है, यह सामाजिक संगठनों और समुदाय की भी जिम्मेदारी है, जिसमें कि लगता है कि हिन्दू समाज गंभीर नहीं! अब आप जरा इस प्रकरण पर भी गौर करिए; भोपाल में मॉडल खुशबू अहिरवार की संदिग्ध मौत ने एक और बहस छेड़ दी है, खुशबू की माता ने हत्या और 'लव जिहाद' का आरोप लगाया है, जबकि आरोपी कासिम अपने को निर्दोष बता रहा है। यह एक आंकड़ा है, जिस पर भी को गंभीरता से सोचना चाहिए; 2020 से 2025 तक दर्ज 283 मामलों में से 197 मामले अभी कोर्ट में लंबित हैं। 86 मामलों में फैसला आया, लेकिन उनमें से 50 मामले बरी हो गए। क्यो इसका निष्कर्ष यह सामने आया है कि सबसे बड़ी वजह गवाहों का मुकर जाना है।**

मध्य प्रदेश में लगातार सामने आ रहे 'लव जिहाद' के मामलों की सच्चाई न्यायालय की चौखट पर पहुंचते-पहुंचते बदल जाती है। सार्वजनिक विमर्श में जितना शोर, तनाव, आंदोलन और आरोप-प्रत्यारोप दिखाई पड़ता है, न्यायालय में इनकी चमक वैसी नहीं रह जाती। हाल के पांच वर्षों के आंकड़े बताते हैं कि राज्य में दर्ज किए गए 283 मामलों में से केवल सात प्रकरणों में ही सजा हो सकी है, जबकि लगभग 50 मामलों में आरोपी बरी हो चुके हैं। यह स्थिति स्वाभाविक ही सवाल उठाती है कि क्या कानून बनाने भर से समस्या का समाधान हो जाता है या फिर हमारी सामाजिक-प्रशासनिक व्यवस्था कहीं न कहीं गंभीर रूप से चूक रही है और यदि ऐसा है तो इस चूक की जिम्मेदारी कौन लेगा! पुलिस न्यायालय समाज या वे संगठन, जो प्रकरणों के सामने आने पर अथवा सामने लाकर सक्रियता तो दिखाते हैं, लेकिन एफआईआर दर्ज होने के बाद फिर अधिकांश मामलों में नहीं देखते कि उक्त केस में आखिर क्या हो रहा है। मध्य प्रदेश में पिछले पंद्रह दिनों में ही लव जिहाद के चार नए मामले सामने आ गए। इनमें से कुछ में पीड़िता सामने आती है, बयान देती है, पुलिस कार्रवाई होती है और फिर अचानक मुकदमा अदालत में जाकर ढह जाता है। कई बार पीड़िताएं बयान बदल देती हैं। कई बार परिजन पलट जाते हैं। कई बार पुलिस की जांच इतनी कमजोर होती है कि अभियुक्त आसानी से छूट जाता है और फिर सवाल उठता है! क्या हम केवल 'लव जिहाद की राजनीति' कर रहे हैं या वास्तव में अपराध रोकना चाहते हैं इंदौर के इरफान अली कुख्यात अपराधी पर रेप, ब्लैकमेलिंग और धर्म परिवर्तन के दबाव जैसे गंभीर आरोप हैं, उसके खिलाफ कई पुराने मामले भी हैं। दूसरी ओर, इसी इंदौर में जिम ट्रेनर शादाब के मामले में, जिन संगठनों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले किया था, वही मामला पीड़िता द्वारा एफआईआर से इनकार कर देने पर खत्म हो गया। यहां केवल संगठनों की नहीं, देखा जाए तो पूरे समाज की जिम्मेदारी बनती है कि यदि किसी अपराध की आशंका है तो सिर्फ आवाज ही नहीं उठाएं, कानूनी प्रक्रिया में लेकर अपराधी को सजा भी दिलवाएं। पीड़िता का संरक्षण, कानूनी सलाह और मुकदमे की प्रगति पर नजर रखना सिर्फ पुलिस और अदालत की जिम्मेदारी नहीं हो सकती है, यह सामाजिक संगठनों और समुदाय की भी जिम्मेदारी है, जिसमें कि लगता है कि हिन्दू समाज गंभीर नहीं! अब आप जरा इस प्रकरण पर भी गौर करिए; भोपाल में मॉडल खुशबू अहिरवार की संदिग्ध मौत ने एक और बहस छेड़ दी है, खुशबू की माता ने हत्या और 'लव जिहाद' का आरोप लगाया है, जबकि आरोपी कासिम अपने को निर्दोष बता रहा है। यह एक आंकड़ा है, जिस पर भी को गंभीरता से सोचना चाहिए; 2020 से 2025 तक दर्ज 283 मामलों में से 197 मामले अभी कोर्ट में लंबित हैं। 86 मामलों में फैसला आया, लेकिन उनमें से 50 मामले बरी हो गए। क्यो इसका निष्कर्ष यह सामने आया है कि सबसे बड़ी वजह गवाहों का मुकर जाना है। पीड़िता या परिजन कोर्ट में आकर बयान बदल देते हैं। जब गवाह ही मुकर जाए तो न्यायालय क्या करेगा यहां यह सवाल महत्वपूर्ण है कि गवाह पलटते क्यों हैं, क्या सामाजिक दबाव क्या डर क्या बदनामी की आशंका क्या आर्थिक प्रलोभन इसी में आती है पुलिस की कमजोर जांच। डिजिटल साक्ष्य, कॉल रिकॉर्ड, चैट हिस्ट्री, बैंक ट्रांजैक्शन, सीसीटीवी फुटेज। अगर ये इकट्ठे न किए जाएँ तो अदालत में केस टिक ही नहीं सकता। कई बार पुलिस केवल एफआईआर दर्ज कर जांच को औपचारिकता मानकर चालन प्रस्तुत कर देती है, जबकि अदालत में अपराध साबित करने के लिए सशक्त और तकनीकी साक्ष्यों की आवश्यकता होती है। प्रश्न यह भी उठता है कि क्या ऐसे संवेदनशील मामलों को संभालने के लिए पुलिस को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है या सिर्फ कानून बना देने से सरकार अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेती है। तीसरी महत्वपूर्ण वजह संगठनों का रवैया। तमाम हिंदू संगठन इन मामलों में भारी आवाज उठाते हैं, सड़क पर उतर आते हैं, दबाव बनाते हैं, परन्तु जब न्यायालय में मामले की सुनवाई होती है तो अधिकांश मामलों में पीड़िता अकेली पड़ जाती है। क्या संगठनों की जिम्मेदारी केवल 'लव जिहाद' का नारा लगाने तक सिमट गई है क्या उनके पास ऐसे वकील नहीं जो पीड़िता को कानूनी मदद दें, उसका मनोबल बढ़ाएँ, अदालत में उसके बयान को सुरक्षित कराएँ बिना कानूनी मदद के अकेले भयभीत होकर एक सामान्य लड़की से यह उम्मीद कैसे की जा सकती है कि वह अदालत में साहसपूर्वक अपनी बात रख सकेगी। आज इसे सभी को ध्यान रखना चाहिए कि धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम 2021 का उद्देश्य स्पष्ट है धोखे, दबाव या छल से होने वाले धर्म परिवर्तन को रोकना। पर अगर कानून का क्रियान्वयन ही मजबूत न हो, तो कानून केवल राजनीतिक मुद्दा बनकर रह जाएगा। वैसे ये हम सभी जानते हैं कि संविधान दो बालिगों को सहमति से जीवन जीने का अधिकार देता है। यदि कोई रिश्ता सहमति पर आधारित है, तो कानून उसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकता परन्तु यदि पहचान छिपाकर, धार्मिक भावनाओं का दुरुपयोग करके या मानसिक-शारीरिक दबाव डालकर किसी युवती का शोषण किया जाता है तो उसे रोकना भी राज्य का दायित्व है। समस्या तब उत्पन्न होती है जब दोनों स्थितियों में फर्क पहचानने की क्षमता और ईमानदारी प्रशासनिक तंत्र में कमजोर पड़ जाती है। आज जब 90 प्रतिशत मामले अदालत में टिक नहीं पाते, तो समाज के भीतर यह संदेश जाता है कि कानून के बावजूद अपराधी बच जाते हैं। इससे पीड़िताओं का भरोसा भी टूटता है और कानून का डर भी कम होता है। यह स्थिति किसी भी सभ्य समाज के लिए घातक है। ऐसी परिस्थितियों में प्रश्न उठना स्वभाविक है, क्या हम केवल शोर करने के लिए खड़े हैं या न्याय सुनिश्चित करने के लिए राजनीति, समाज, पुलिस और न्यायालय; चारों की यह सामूहिक जिम्मेदारी है कि कोई पीड़िता अकेली न छोड़ी जाए। गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित हो, पुलिस वैज्ञानिक और पेशेवर जांच करे, और सामाजिक संगठन मामले के अंतिम निर्णय तक पीड़िता का साथ दें। वरना, चाहे कितने भी कठोर कानून बना लिए जाएँ, चाहे उन्हें 'धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम' का नाम दे दिया जाए, वे बेअसर ही साबित होंगे। कुल मिलाकर यहां कहना यही है कि यदि हमें सचमुच इस समस्या का समाधान चाहिए, तो आरोप-प्रचार की राजनीति से आगे बढ़कर कानून और न्याय की गंभीरता को समझना होगा। अपराध को अपराध की तरह देखना होगा। यह संघर्ष किसी एक समुदाय का नहीं, हर उस भारतीय का है जो न्याय, सुरक्षा और सभ्य समाज में विश्वास रखता है। ऐसे में यदि हम इस विश्वास को बचाना चाहते हैं तो हमें सचमुच अपने से यह बार-बार पूछना चाहिए, क्या हम पीड़िताओं के साथ खड़े हैं या केवल नारे लगाने और सिर्फ थोड़े वक्त तक ऐसे मामलों पर बातें करने भर तक सीमित हैं -डॉ. मयंक चतुर्वेदी

# तेरा क्या होगा आला...

### मुकेश 'कबीर'

**डॉक्टर हाथ में एके 47 भी रखने लगे यह देखकर आला घबराया और डॉक्टर से बोला कि जब सारे काम मैं कर देता था फिर तुम यह रायफल क्यूँ लटकाने लगे ? तो डॉक्टर बोला सुन वे आले,गलत फहमी मिटा ले, तू सारे काम नहीं करता था तू सिर्फ उतना ही करता था जितना मैं करवाता था, तुझे सीने पर रखकर धड़कन सुनता था।**

डॉक्टर के हाथ में आला तो देखा था लेकिन अब डॉक्टर हाथ में एके 47 भी रखने लगे यह देखकर आला घबराया और डॉक्टर से बोला कि जब सारे काम मैं कर देता था फिर तुम यह रायफल क्यूँ लटकाने लगे ? तो डॉक्टर बोला सुन वे आले,गलत फहमी मिटा ले, तू सारे काम नहीं करता था तू सिर्फ उतना ही करता था जितना मैं करवाता था, तुझे सीने पर रखकर धड़कन सुनता था, लेकिन अब मुझे दिल की धड़कन नहीं सुनना,मासूम लोगों की चीखें सुनना है इसलिए रायफल पकड़ ली मैंने। अब तेरे साथ दिक्कत यह है कि तुझे गले में लटकाए रखो और हाथों से गोली दवाई देते रहो, ये डबल मेहनत मैं क्यों करूं जब राइफल में आवाज और गोली एक साथ उपलब्ध हो? अब हमें यह सोचने की टेंशन ही नहीं कि किसको कौन सी गोली देना है, अब सिर्फ एक बटन दबाने की जरूरत है बस बाकी सब अपने आप हो जाता है,पेशेंट का मुँह भी खुल जाता है, जुबान भी बाहर आ जाती है, हमें कहने की जरूरत भी नहीं पड़ती। न अब धड़कन सुनने की जरूरत और न ही अलग से गोली देने की जरूरत इसलिए तेरे जैसा आला हमारे ज्यादा काम का है या यह सर्व सुविधायुक्त राइफ़ल ? अब तो तू सोच तेरा क्या होगा आला...। यह सुनकर आला समझ गया कि कुछ तो गड़बड़ है दया, ये आदमी डाकू तो हो सकता है लेकिन डॉक्टर तो कभी नहीं। दया जिस डॉक्टर के मन में दया नहीं वो सब कुछ होगा लेकिन डॉक्टर नहीं इसलिए आले ने पूछा सच सच बता तू डॉक्टर है या कसाई ? तब डॉक्टर ने कहा कि तुझे मेरा चोगा और टोपी दिखाई नहीं देती क्या ? डॉक्टर दिखने के लिए और क्या चाहिए ? सफ़ेद चोगा,गोल टोपी और कैबिन में हरा पर्दा, यह सब तो है न मेरे पास, सिर्फ एक आला नहीं होगा तो क्या फर्क पड़ेगा ? आला लटकाने की जगह राइफ़ल लटकाने से मेरी डॉक्टरी खत्म हो जायेगी क्या ? तब आले ने कहा कि तेरा कोई ईमान धर्म है या नहीं? तूने तो इंसान की जान बचाने,उन्हें जीवन देने की शपथ ली थी? तब डॉक्टर बोला कि मेरा धर्म यही है, मैंने जो भी किया है मेरे धर्म के अनुसार ही किया है,मेरा धर्म मुझे राइफ़ल की इजाज़त देता है आले की नहीं,आले को हम ताले में रखते हैं इसलिए चुपचाप पड़ा रह। अब आला समझ चुका था कि दुनिया बदल चुकी है ,अब लुटेरे आयेंगे दानी के भेष में और भक्षक आयेंगे रक्षक के भेष में। आज के दौर में जान लेने का सबसे सरल तरीका यही है कि डॉक्टर बन जाओ, लोग आपको भगवान समझकर आयेंगे और आप उन्हें भगवान के पास पहुंचाएंगे,आसानी से। पता नहीं कैसा वक़्त है हम पुलिस के हाथ से तो राइफल्स छीन रहे हैं और डॉक्टर के भेष में छिपे चंद दरिन्दे उस राइफल को धारण कर रहे हैं,इसीलिए सारे फसाद हो रहे हैं द्य अब वक़्त है कि हम डाक्टर का सिर्फ चोगा और टोपी देखकर भ्रमित ना हों, यह जरूर चेक करें कि डॉक्टर ने इंसानियत की पढ़ाई की है या नहीं ? हमारे देश में हमेशा से डॉक्टर को धरती के भगवान का दर्ज़ा प्राप्त है,जिसे सिर्फ जान बचाने की तालीम दी जाती है, जान लेने की तालीम तो सिर्फ कसाई को दी जाती है, इसलिए डॉक्टर के पास जाने से पहले उसकी जांच पड़ताल जरूर कर लें कि वह डॉक्टर है या.....।

## सेहत मंत्र

# ह्रदय के स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद है अंगूर

दुनिया में शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति हो जिसे अंगूर पसंद न हों। द्राक्ष, रसाला, मधुफला, फलोत्रमा आदि नाम अंगूर के ही हैं। मीठे, रसीले और ठंडक प्रदान करने वाले इस फल का जन्म स्थल रूस के आरमेनिया नामक स्थान को माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि कि ईरान तथा अफगानिस्तान से होता हुआ यह फल भारत में भी पहुंचा। यह फल केवल ताजा नहीं बल्कि सुखाकर किशमिश व मुनक्के के रूप में भी प्रयोग किया जाता है। शराब बनाने के लिए भी इसका प्रयोग किया जाता है। बाजार में अंगूर की बहुत सी किस्में उपलब्ध हैं। जैसे रंग के आधार पर अंगूर की दो किस्में हैं काले तथा हरे अंगूर। कुछ अंगूरों का आकार लम्बा होता है तो कुछ का गोल। इसी प्रकार छोटे और बड़े अंगूर भी पाए जाते हैं। कुछ अंगूरों में बीज होते हैं जबकि बेदाना में बीज नहीं होते। हालांकि इनमें प्रोटीन, वसा, विटामिन और खनिज लवण बहुत ही कम मात्रा में होते हैं। इसमें कार्बोहाडट्रेट शर्करा के रूप में पाया जाता है इसमें ग्लूकोज तथा फ्रक्टोज किस्म की शर्करा पाई जाती है इसी कारण इनका सेवन काफी स्फूर्तिदायक सिद्ध होता है। दूसरी और किशमिश में शर्करा की मात्रा अंगूर से ज्यादा होती है इससे उसमें मिलने वाली ऊर्जा की मात्रा भी ज्यादा है। ताजा अंगूरों की सौ ग्राम मात्रा से जहां लगभग सत्तर कैलोरी ऊर्ज़ा प्राप्त होती है वहीं किशमिश की इतनी ही मात्रा से लगभग तीन सौ आठ कैलोरी ऊर्जा की प्राप्ति होती है। अंगूर हमारे स्वास्थ्य का भी रक्षक होता है। अंगूर को सुखाकर तैयार की जाने वाली मेवा किशमिश तथा बड़े बीज वाले अंगूर को सुखाकर तैयार किया जाने वाला मुनक्का दोनों ही बहुत लोकप्रिय हैं। इनके विविध औषधीय प्रयोग किए जाते हैं। आयुर्वेदिक तथा यूनानी दवाओं में अक्सर इनका प्रयोग किया जाता है। कफ, दुर्बलता तथा कब्ज को दूर करने के लिए इनका प्रयोग फायदेमंद होता है। इसके लिए पंचामृत अवलेह नामक मिश्रण तैयार किया जाता है।

## धर्म मंत्र

# पांडवों ने एक रात में किया था एकविरा देवी मंदिर का निर्माण

महाभारत काल की कई कहानियां हम सभी ने पढ़ व सुन रखी हैं। महाभारत से मनुष्य को कई सीखें भी मिलती हैं। जैसे महाभारत काल में पांडवों ने धर्म के रास्ते पर चलते हुए बुरे और संघर्ष भरे दिनों का सामना किया था। इन दिनों से निकलने के लिए पांडवों ने काफी संघर्ष भी किया था। वहीं पांडवों ने सत्य की जीत और बुराई की हार के लिए भगवान श्रीकृष्ण के अलावा कई अन्य देवी-देवताओं की सहायता ली थी। पांडवों ने संघर्ष भरे दिनों से मुक्ति पाने और मां की कृपा पाने के लिए देवी एकविरा की कठोर तपस्या की थी। देवी एकविरा की कृपा से पांडवों के अज्ञातवास के दिन आसान हो गए थे। तो ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको देवी एकविरा मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं। बता दें कि महाराष्ट्र के मुंबई से करीब 100 किमी दूर लोनावला स्थित है। लोनावला प्राकृतिक रूप से बेहद खूबसूरत जगह है। यहां पर कार्ला गुफाएं हैं, जहां एकविरा देवी का प्राचीन मंदिर है। पौराणिक मान्यता है कि यह मंदिर कई सालों पुराना है। जिन गुफाओं के ठीक बगल में एकविरा देवी की पूजा की जाती है, उसे कभी बौद्ध धर्म का केंद्र माना जाता था। एकविरा देवी की चुनौती को स्वीकार करते हुए पांडवों ने एक रात में लोनावला पहाड़ियों के बीच एकविरा देवी के मंदिर का निर्माण कर दिया। जब मंदिर का निर्माण हो गया, तो पांडवों ने मां का आह्वान किया और उन्हें दर्शन देने के लिए कहा। पांडवों का आह्वान सुनकर एकविरा देवी ने उन्हें दर्शन दिया और उनको वरदान दिया कि अज्ञातवास के दौरान पांडवों को कोई भी पहचान नहीं पाएगा।

## पर्यटन



# मप्र के मांडवगढ़ में पर्यटकों के लिए है बहुत कुछ

रानी रूपमती और बाजबहादुर के प्रणय प्रसंगों के गवाह महल, उनसे कुछ दूर नर्मदा नदी की पतली सी रेखा, जहाज महल व हिंडोला महल की अद्भुत कारीगरी कुल मिलाकर इतना सब कि पर्यटकों को लगेगा कि उनका मांडवगढ़ पहुंचना सार्थक हो गया। मध्य प्रदेश के इंदौर से लगभग 100 किलोमीटर सड़क के रास्ते से मांडवगढ़ जब जाते हैं तो लगता है कि यहां के अवशेषों का एक-एक पत्थर राजपूत राजाओं ओर फिर मुगल सम्राटों के वैभव-पराभव के कहानी कह रहा है। दूर-दूर तक फैला एकांत और रात की निस्तब्धता में जब आप मांडव में रात गुजारेंगे तो ऐसा आभास होगा कि मानो संपूर्ण अतीत मुखर होकर चहल-पहल में बदल गया है और नर्तकियों के पैरों व घुंघरुओं की थाप जहाज महल के फर्श पर मुखरित हो रही है। अतीत के इस समृद्ध वैभव को जब आप देखने आ ही रहे हैं तो कम से कम दो दिन यहां जरूर बिताएं। यहां से 124 किलोमीटर दूर रतलाम रेल जंक्शन है, जो दिल्ली, मुंबई रेलमार्ग का मुख्य स्टेशन है, 100 किलोमीटर दूर इंदौर भी रेलमार्ग से मुंबई व दिल्ली से जुड़ा हुआ है। इंदौर से मांडू के लिये नियमित बस सेवा है। भोपाल, रतलाम, महू, उज्जैन व इंदौर से यहां के लिए सीधी बसें भी हैं। इंदौर से टैक्सी सेवाएं भी आपको सरलता से उपलब्ध हो सकती हैं। यहां के दर्शनीय स्थलों में जामा मस्जिद, होशंगशाह का मकबरा, मुख्य दरवाजे, अशर्फी महल, जहाज महल, हिंडोला महल और बाजबहादुर महल मुख्य रूप से शुमार किये जाते हैं। इन सभी स्थलों की कारीगरी देख कर पर्यटक सम्मोहित हो जाते हैं। इनके अतिरिक्त रेवा कुंड भी अवश्य देखें। इस तालाब में दूरस्थ नर्मदा नदी का पानी संग्रहीत करने की व्यवस्था बाजबहादुर ने कराई थी। इसका उपयोग रानी रूपमती द्वारा किया जाता था। 16वीं शताब्दी के प्रारंभ में बाजबहादुर द्वारा अपने लिए बनवाए गए खूबसूरत महलों के अलावा रूपमती परिसर, निकहत महल, हाथी महल, परिया खान मकबरा, दाई का मकबरा, दाई की छोटी बहन का महल, ईको प्वाइंट आदि इतनी ऐतिहासिक धरोहरें हैं कि इनको देखते हुए आप रानी रूपमती व बाजबहादुर की प्रणय गाथाओं में खो जाएंगे।

# लोधेश्वर धाम में श्रद्धा का सागर महादेवा महोत्सव दिव्य आभा संग प्रारंभ

## वैदिक स्वर और जयघोष में डूबा महादेवा परिसर, डीएम ने परंपरागत रीति से की पूजा, संस्कृति का भव्य मंचन शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता







बाराबंकी। रामनगर तहसील स्थित प्राचीन लोधेश्वर महादेवा धाम में सोमवार को सदियों पुरानी आस्था पुनः आलोकित हुई। पावन परिसर में धूपऽदीप की सुगंध, शंखऽघंटों की गूंज और भक्ति से भरे वातावरण के बीच सात दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ हुआ। प्रशासनिक और सामाजिक जगत की सम्मानित उपस्थिति में महाकाल की चरण वंदना का यह वार्षिक पर्व दिव्यता का अनुपम दृश्य रच रहा है।

जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी जब धाम पहुंचे, तो संस्कृत पाठशाला के बच्चों ने पुष्पों से अभिनंदन कर शुभ वातावरण रचा। परंपरा निभाते हुए प्रवेश द्वार पर दीप समर्पित किया गया। फिर वैदिक ऋचाओं की मधुर लय में वे गर्भगृह पहुंचे, जहाँ आचार्यों ने दुग्ध, पुष्प, अक्षत और गंगाजल से पारंपरिक विधि से पूजा संपन्न कराई। हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा क्षेत्र मुखर हो उठा।

धाम की सजावट इस वर्ष विशेष आकर्षण का केंद्र बनी है। पुष्पमालाओं से सजे मार्ग, रौशनी से नहाए मंदिर द्वार और रंगीन ज्योति से दमकते गर्भगृह ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया। पूजा के समापन पर जिलाधिकारी ने सांस्कृतिक मंच पर दीप प्रज्ज्वलित कर महोत्सवी कार्यक्रमों की औपचारिक शुरुआत की।

मंच पर आरंभ हुए सांस्कृतिक सत्र ने भक्ति को नई ऊंचाई दी। शंख की ध्वनि से वातावरण में ऊर्ज़ा का संचार हुआ। बहार सुगम संगीत प्रभाग के निदेशक प्रभात नारायण दीक्षित की रचना 'हे लंबोदर, जिसके बाद श्री दीक्षित और उनके छात्र-छात्राओं ने रंग गयो मन मेरा भोला के रंग में शिव स्तुति की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिरस से भर दिया। कलाऽश्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए शिवराजे फ्यूजन बैंड के कार्तिकेय कैलाश दीक्षित के निर्देशन में अभिजीत, प्रत्युष, वंशिका और अदिति ने लोकप्रिय गीतों का आकर्षक मैशअप पेश किया। इसके बाद अदिति और कार्तिकेय की युगल प्रस्तुति 'लग जा गले' ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया, जबकि वंशिका गुप्ता की 'आओगे जब तुम सजना' प्रस्तुति ने तालियों की लंबी गूंज बटोरी। संगीत संगत में अंजीत द्विवेदी (ऑक्टोपैड), रवि कुमार (सिंथेसाइज़र) और कार्तिकेयऽअभिजीतऽप्रत्युष (गिटार) का संयोजन सराहनीय रहा। कार्यक्रम का समापन प्रशांत बाल विद्या मंदिर की छात्राओं की मनोहारी सरस्वती वंदना के साथ हुआ, जिसने शाम को आध्यात्मिक गरिमा प्रदान की।

महोत्सव के शुभारंभ में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, एसडीएम गुंजिता अग्रवाल, सीओ गरिमा पंत, प्रशिक्षु आईएएस तेजस के, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) श्री राज कुमार सिंह, एएसपी विकास चन्द्र त्रिपाठी, पूर्व विधायक शरद अवस्थी, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक कुशमेश, ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शेखर हरायण तथा प्रशासनिकऽराजनीतिक क्षेत्र के कई प्रमुख जन उपस्थित रहे। मंच संचालन प्रवक्ता आशीष पाठक ने किया। उद्घाटन अवसर पर जिलाधिकारी ने जनपदवासियों को महोत्सव में सहभागी बनने का आमंत्रण देते हुए कहा कि महादेवा की यह धरती संस्कृति, श्रद्धा और सौहार्द की अनूठी मिसाल है।

### महादेवा महोत्सव में भजनों व लोकगीतों ने बांधा समा

बाराबंकी। महादेवा महोत्सव के सांस्कृतिक पांडाल में पूर्णिमा और सरगम ग्रुप की लोक गायिका पुष्पा त्रिवेदी तथा उनके सहयोगी कलाकारों ने भजन और लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत पुष्पा त्रिवेदी के भजन ल्लकरुणा निधान रउवा जगत के दाताङ्क से हुई। इसके बाद ल्लमेरी विनती सुनो सांवरे राम जीङ्क की प्रस्तुति ने उपस्थित भक्तों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। लोकगीत ल्लतोहार दूल्हा गौरा सबसे निरालाङ्क की प्रस्तुति ने पांडाल में तालियों की गड़गड़ाहट भर दी। तेजस्वी त्रिवेदी द्वारा प्रस्तुत शिवगीत ल्ललाईके शिव के मनाई होङ्क को भी दर्शकों ने खूब सराहा। आशा त्रिवेदी ने महादेवा लोधेश्वर धाम पर आधारित गीत ल्लचलो चली भइय्या महादेवा लोधेश्वर की शिवनगरीङ्क प्रस्तुत कर भक्तिमय माहौल को चरम पर पहुँचा दिया।

### कथक में उतरी शिव की लीलाएँ, अनुज मिश्रा एंड ग्रुप ने बांधा समां

बाराबंकी। महादेवा महोत्सव के सांस्कृतिक पंडाल में पंडित अनुज मिश्रा एंड ग्रुप की प्रस्तुति ने भक्ति और कला का अद्भुत संगम रचा। कलाकारों ने कथक नृत्य शैली के माध्यम से महादेव की दिव्य लीलाओं को ऐसा जीवंत किया कि दर्शक मंत्रमुग्ध होकर देखते रह गए। कार्यक्रम की शुरुआत 'कर्पूर गौरं करुणावतारं' पर सधी हुई भाव–भंगिमाओं और लयबद्ध पगचाप के साथ हुई, जिसने मंच पर आनंद तांडव की अद्वितीय छटा बिखेरी। इसके बाद 'जटा तट वी गलज्ज्वलज्जलप्रवाह' पर रौद्र तांडव की जोशीली प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को भक्ति भाव में डुबा दिया। करीब पाँच हजार वर्ष पुरानी शिव ध्रुपद की मनोहारी प्रस्तुति ने दर्शकों को प्राचीन भारतीय संगीत की अनुगूंज का अद्भुत अनुभव कराया। कार्यक्रम में शक्ति वंदना 'जय जय गिरिराज किशोरी', शिवऽगंगा और शिव नाटिका नृत्य की प्रभावी प्रस्तुतियाँ भी हुईं, जिनसे पूरे पंडाल में आध्यात्मिक ऊर्ज़ा का संचार हो गया।

# बार कौंसिल चुनाव: बाराबंकी से श्रवण सिंह व रितेष का दाखिला



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। यू पी बार कौंसिल के सदस्य पद हेतु जनवरी 2026 में होने जा रहे चुनाव के लिए इस जनपद से वरिष्ट अधिवक्ता श्रवण सिंह वा जिला बार एसो के वरिष्ट उपाध्यक्ष रितेष मिश्रा ने तमाम समर्थक अधिवक्ताओं के साथ सिविल कोर्ट परिसर के निकट एकत्रित होकर अधिवक्तगणों को संबोधित किया तदोपरांत बार कौंसिल मुख्यालय इलाहाबाद के लिए प्रस्थान किया।

इस अवसर पर श्रवण सिंह ने कहा कि वे अधिवक्ता हितों के लिए कार्य करेंगे और अधिवक्ता हित की योजनाएं बनाकर कार्य करेंगे।

जिला बार एसो के वर्तमान में वरिष्ट उपाध्यक्ष तथा आंदोलन कारी अधिवक्ता के रूप में जाने जाने वाले रितेष मिश्रा ने कहा कि वकीलों पर जुल्म वा उनका उत्पीड़न कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।उन्होंने पूर्व में हापुड़ में हुए वकीलों के उत्पीड़न/पुलिस लाठी चार्ज का जिक्र कर कहा यह घटना प्रदेश के वकीलों को अच्छी तरह याद है,उन्होंने कहा की ऐसी घटनाएं रोकने के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को शीघ्र लागू कराने की दिशा में प्रमुखता से काम करेंगे चाहे सड़क पर संघर्ष करना पड़े।इस अवसर पर राम लखन शुक्ल,विवेक श्रीवास्तव,कौशल किशोर त्रिपाठी,सुरेश गौतम,सुनीत अवस्थी,राकेश शर्मा,सचिन प्रताप सिंह,रवि रंजन श्रीवास्तव,मनोज तिवारी,अमित गुप्ता,प्रदीप गुप्ता,अभिषेक गुप्ता, शैलेन्द्र सूर्यवंशी,राहुल विक्रम सिंह,प्रदीप श्रीवास्तव,आशीष श्रीवास्तव,शालू सिंह, सन्तोष कुमार,राजेश पाण्डेय,आकाश त्रिपाठी, शरद उपाध्याय सहित भारी संख्या में अधिवक्ता सिविल कोर्ट परिसर में प्रातः उपस्थित आकर दोनों प्रत्याशियों ( श्रवण सिंह वा रितेष मिश्रा )को इलाहाबाद जाकर नामांकन दाखिल करने हेतु शुभकामना के साथ विदा किया।

# दहेज हत्या मामले में वांछित पिता–पुत्र गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बेलहरा बाराबंकी। थाना मोहम्मदपुर खाला पुलिस में दहेज हत्या के एक मामले में वांछित चल रहे पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई के बाद दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

मामला बीते शनिवार का है जब इसी थाना क्षेत्र के चंदूरा निवासी नीतेश मिश्रा की पत्नी चांदनी उर्फ सुषमा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। घटना के बाद मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर दहेज मांगने और मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी थी। मायके पक्ष का आरोप था कि दहेज की मांग के कारण उनकी पुत्री चांदनी का लगातार उत्पीड़न किया जा रहा था और इसी के चलते उनकी पुत्री की हत्या कर दी गई। मायके पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान नामज़द आरोपियों की तलाश की गई। रविवार को पुलिस टीम ने दबिश देकर वांछित रमाकांत मिश्र उर्फ उमाकांत मिश्र और नीतेश मिश्रा निवासीगण चंदूरा को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष आशुतोष मिश्रा ने बताया कि दोनों आरोपियों को विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### बरेली में प्रोफ़ेशनल सम्मेलन : वक्ताओं ने आत्मनिर्भर भारत अभियान पर दिया जोर

बरेली, । भाजपा कार्यालय पर सोमवार को आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत प्रोफ़ेशनल सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता (आंवला) जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह ने की। मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग कुंवर बृजेश सिंह उपस्थित रहे।

सम्मेलन में राज्य मंत्री ने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में सभी पेशेवरों की भूमिका सिर्फ अपने क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि वे समाज के नव–निर्माता और भविष्य के वास्तुकार भी हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि अब भारत पूरी दुनिया में अपनी तकनीक और उत्पादों की गुणवत्ता से पहचाना जा रहा है। जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह (आंवला), विधायक प्रो. श्यामबिहारी लाल और विधान परिषद सदस्य कुंवर महाराज सिंह ने भी उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक भारतीय उत्पादों का प्रयोग करें और इसका प्रचार करें।

### एसडीएम ने परखा बीएलओ का कार्य व्यवहार

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के मरकामऊ पंचायत भवन में उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने एसआईआर अभियान के तहत बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा और लेखपाल सुरेंद्र अवस्थी भी मौजूद रहे। उपजिलाधिकारी ने बीएलओ और सुपरवाइजर को कार्य में तेजी लाने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।यह निरीक्षण सोमवार को किया गया, जहां एसआईआर के फॉर्म भरे जा रहे थे। उपजिलाधिकारी ने बताया कि सिरौलीगौसपुर तहसील क्षेत्र के रामनगर और दरियाबाद विधानसभा क्षेत्रों के सभी बूथों पर बीएलओ तैनात कर दिए गए हैं। बीएलओ घर–घर जाकर गणना फॉर्म वितरित कर रहे हैं।उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने बीएलओ को ऑनलाइन फॉर्म भरने के तरीके के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने जोर दिया कि मतदाताओं से मांगी जा रही जानकारी और दस्तावेज तेजी के साथ एकत्र किए जाएं। इस मौके पर ग्राम प्रधान रेखा गुप्ता, बीएलओ निधि मौर्य, रितेश कुमार सहित अन्य बीएलओ उपस्थित थे।

### मानसिक स्वास्थ्य क्लब का गठन, प्रतिभागी बच्चे सम्मानित

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। श्री सुंदर लाल ग्रुप ऑफ कॉलेज, औरेला सैदनपुर में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के तहत एक मानसिक स्वास्थ्य क्लब का गठन किया गया है। इस अवसर पर विद्यार्थियों को लाइफ स्किल और कोपिंग स्किल सिखाने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन भी किया गया।यह पहल मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवधेश कुमार यादव के निर्देशन और डॉ. डी.के. श्रीवास्तव सीएमओ नोडल अधिकारी एनसीडी के मार्गदर्शन में की गई। उप प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष कुमार यादव नोडल मानसिक स्वास्थ्य प्रशिक्षक ने कार्यशाला की अध्यक्षता की। उन्होंने प्रधानाचार्य शैलेंद्र नाथ द्विवेदी और नैदानिक मनोवैज्ञानिक डॉ. विनोद कुमार पाल से प्रशिक्षण प्राप्त किया था।कार्यशाला में जिला चिकित्सालय बाराबंकी से डॉ. प्रेम प्रकाश मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता) और प्रशांत दीक्षित केस मैनेजर सामुदायिक नर्स की संयुक्त टीम ने बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में सरल शब्दों में विस्तार से जानकारी दी। प्रतियोगिता में प्रत्येक कक्षा से 5 सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को कॉलेज प्रबंधक राकेश कुमार दीक्षित द्वारा प्रमाण पत्र, पुरस्कार और 'मनदूत/मनपरी' बैच प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर प्राचार्य राजकुमार यादव, प्रवक्ता सत्यनाम वर्मा, कमलाकांत पाण्डेय, रिजवान अली, हर्षिता सिंह यादव, हिमांशु त्रिपाठी, संजय यादव, आशीष आर के, नज्में आलम, हिमांशु तिवारी, जसवंत यादव, राज करन वर्मा, राम अनुज शर्मा, मेराज अहमद सहित हजारों छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# महादेवा महोत्सव ,धार्मिक आस्था और प्रशासनिक सजगता का अद्भुत संगम

## जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने परम्परागत विधि विधान से किया शुभारंभ, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुश्री गुंजिता अग्रवाल की नेतृत्व क्षमता और प्रशासनिक तत्परता से महोत्सव में उमड़ा विश्वास

विकास तिवारी





रामनगर बाराबंकी शिव की नगरी महादेवा में इस वर्ष का महादेवा महोत्सव अपने सम्पूर्ण वैभव, उत्साह और आकर्षण के साथ आरंभ हुआ, जिसने न केवल श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद से अभिभूत किया, बल्कि प्रशासनिक तैयारी के ऐसे सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किए जिन्हें आने वाले वर्षों तक याद रखा जाएगा। जिले के प्रशासनिक मुखिया जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठान के मध्य महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया। उनकी उपस्थिति, शांत भाव से किया गया पूजन और पारंपरिक विधि-विधान की पूर्णता ने पूरे वातावरण को दिव्यता और गहन श्रद्धा से सराबोर कर दिया। जैसे ही शुभारंभ की औपचारिकताएँ पूर्ण हुईं, महोत्सव स्थल मानो एक जीवंत, उत्साहपूर्ण और भव्य अध्याय बनकर आँखों के सामने खुल गया।

इस वर्ष महोत्सव की तैयारी जिस पैमाने पर की गई थी, वह अपने आप में अभूतपूर्व प्रतीत हुई। महोत्सव के विशाल परिसर को प्रशासन ने सूक्ष्मता से सजाया-संवारा था चमकदार रोशनी, सुव्यवस्थित मंडप, आकर्षक प्रदर्शनी, सलीकेमंद पार्किंग और सहज चलनशील भीड़ इन सबने स्पष्ट रूप से यह विश्वास दिलाया कि प्रशासन ने इस आयोजन को केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी, एक सेवा और एक संकल्प के रूप में देखा है। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, शौचालय, चिकित्सा सुविधा, साफ-सफाई और सूचना केंद्र जैसी सुविधाओं की उपलब्धता इतनी सहज थी कि लोगों ने खुले दिल से इसकी प्रशंसा की। यह कहना अतिशयोक्ति न होगा कि इस वर्ष महादेवा महोत्सव अपनी व्यवस्था और सौंदर्य दोनों में एक नए स्तर पर पहुंचा है। इस अद्भुत आयोजन के केंद्र में जिस अधिकारी का नाम विशेष रूप से उभरकर सामने आया, वह हैं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुश्री गुंजिता अग्रवाल। यह उनका पहला महादेवा महोत्सव है, परंतु उनकी कार्यशैली ने ऐसा प्रभाव छोड़ा मानो वर्षों से वे इस आयोजन का संचालन करती रही हों। संवेदनशीलता, नेतृत्व क्षमता और निर्णय लेने की दृढ़ता–इन तीनों गुणों का संगम उनके व्यक्तित्व में स्वाभाविक रूप से दिखाई दिया। सुबह से लेकर देर शाम तक फील्ड पर उनकी सक्रियता, तैयारियों की सूक्ष्म समीक्षा, कर्मचारियों के साथ संवाद, समस्याओं का त्वरित समाधान और हर गतिविधि पर लगातार निगाह–इन सबने साफ कर दिया कि उन्होंने इस महोत्सव को अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी की तरह लिया। लोगों की सुविधा, सुरक्षा और संतोष उनके लिए सर्वोच्च प्राथमिकता थी, यह उनकी हर गतिविधि से परिलक्षित होता रहा। उनके नेतृत्व में तहसीलदार विपुल सिंह और नायब तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी की अहम भूमिका ने भी इस आयोजन के स्तर को बेहद ऊँचा किया। दोनों अधिकारी निरंतर फील्ड निरीक्षण करते देखे गए–कभी सफाई कर्मचारियों को निर्देश देते, कभी पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त कराते, कभी भीड़ नियंत्रण में लगे कर्मचारियों को मार्गदर्शन देते। उनका कार्य के प्रति समर्पण और तत्परता निश्चित रूप से प्रशासनिक सेवा का आदर्श उदाहरण कहा जा सकता है। जहाँ भी कोई चुनौती सामने आई, वह चाहे व्यवस्थागत हो या भीड़ प्रबंधन से संबंधित, दोनों अधिकारियों ने उसे मौके पर खड़े होकर तुरंत निपटाया।सुरक्षा व्यवस्था की रीढ़ बनीं सीओ सुश्री गरिमा पंत। उनकी सुरक्षा रणनीति ने महोत्सव को एक सुदृढ़ ढांचा दिया। उन्होंने सम्पूर्ण महोत्सव क्षेत्र को वैज्ञानिक ढंग से कई जोनों में विभाजित किया और हर जोन में पर्याप्त पुलिस बल, महिला पुलिसकर्मी और अन्य सुरक्षा संसाधनों की नियुक्ति की। उनकी सतर्कता और नेतृत्व की वजह से श्रद्धालु निश्चिंत होकर दर्शन कर सके। ट्रैफिक नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन, खोया-पाया केंद्र, आपातकालीन प्रतिक्रिया–हर व्यवस्था को उन्होंने अत्यंत सूझ-बूझ और मुस्तैदी से संचालित किया। उनकी लगातार मौजूदगी और शांत दृढ़ता श्रद्धालुओं में सुरक्षा की गारंटी के रूप में महसूस हुई। शुभारंभ के पहले ही दिन श्रद्धालुओं, स्थानीय निवासियों और व्यापारियों ने प्रशासन की इस समन्वित मेहनत, दृढ़ इच्छाशक्ति और उत्कृष्ट प्रबंधन की भरपूर प्रशंसा की। लोगों का कहना था कि इस बार महादेवा महोत्सव न केवल प्रशासनिक व्यवस्था के लिहाज से असाधारण है, बल्कि सांस्कृतिक माहौल, स्वच्छता और सुरक्षा के स्तर ने इसे ऐतिहासिक बना दिया है। कई श्रद्धालुओं ने कहा कि महोत्सव मैदान में कदम रखते ही ऐसा अनुभव हुआ मानो एक सजी-संवरी, अनुशासित और सुसंगत आध्यात्मिक दुनिया में प्रवेश कर रहे हों। इस वर्ष का महादेवा महोत्सव यह साबित करता है कि जब प्रशासन, पुलिस और तहसील स्तर की टीमें एकजुट होकर जिम्मेदारी और समर्पण के साथ काम करती हैं, तो किसी भी बड़े कार्यक्रम को अभूतपूर्व सफलता मिल सकती है। यह आयोजन प्रशासन की क्षमता, टीमवर्क और प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण बनकर उभरा है। आगे आने वाले दिनों में श्रद्धालुओं की भीड़ और बढ़ेगी, लेकिन जिस कॉन्फिडेंस और तैयारी के साथ प्रशासन पहले दिन से खड़ा दिखा है, उससे स्पष्ट संदेश मिलता है कि महादेवा महोत्सव इस वर्ष अपनी भव्यता, अनुशासन और सुविधाओं की वजह से एक यादगार अध्याय बनकर इतिहास में दर्ज होगा।

### भक्ति–सुरों और सांस्कृतिक रंगों से सजेगा महादेवा महोत्सव का मंच

बाराबंकी । महादेवा महोत्सव में कल का दिन पूरी तरह सांस्कृतिक उत्सव के रंगों से भरपूर रहेगा। सुबह 12 बजे यूनियन इंटर कॉलेज के छात्र मंच संभालेंगे, जिसके बाद 12:30 बजे प्राथमिक विद्यालय के बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। दोपहर 1 बजे कस्तूरबा गांधी विद्यालय की बालिकाएँ कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएँगी, वहीं 1:30 बजे स्थानीय बच्चों द्वारा शिवऽपार्वती विवाह और समुद्र मंथन जैसे पौराणिक प्रसंगों का मनोहारी मंचन किया जाएगा। दोपहर 2 बजे बी0पी0एन0 स्कूल के विद्यार्थी अपनी प्रस्तुति देंगे, फिर 2:15 बजे एस0बी0पी0एम0 स्कूल के बच्चे मंच पर उतरेंगे। इसके बाद 2:45 बजे कान्ती महाविद्यालय की प्रस्तुति दर्शकों का मनोरंजन करेगी। ठीक 3 बजे गायिका अर्चना मिश्रा सुरों की मधुर धारा बहाएँगी। शाम 4 बजे सिद्धार्थ कनौजिया की कठपुतली कला दर्शकों को रोमांचित करेगी, जिसके बाद 4:45 बजे पर्णिका श्रीवास्तव का कथक नृत्य रंग बिखेरेगा। दिन के समापन पर 6 बजे नीलम विश्वकर्मा और सचदेवा सारथी द्वारा प्रस्तुत जवाबी कीर्तन श्रद्धा और भक्ति का भाव जगाएगा। दिनभर चलने वाले इन विविध कार्यक्रमों से महोत्सव में संस्कृति, परंपरा और आस्था का सुंदर संगम दिखाई देगा।

# टेस्ट क्रिकेट को पूरी तरह से बर्बाद किया जा रहा है: हरभजन

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने ईडन गार्डन्स जैसी कम तैयार और गेंदबाजों के लिए अत्यधिक अनुकूल पिच को 'टेस्ट क्रिकेट का विनाश' करार देते हुए कहा कि इस तरह की स्थिति खिलाड़ियों के वास्तविक विकास में बाधा डालती है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में 124 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत 30 रनों से हार गया और यह मुकाबला तीन दिन के अंदर ही समाप्त हो गया। हरभजन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, ''उन्होंने टेस्ट क्रिकेट को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है। टेस्ट क्रिकेट को भावपूर्ण श्रद्धांजलि। उन्होंने कहा, '' उन्होंने जिस तरह का काम किया है, जिस तरह की पिचें इतने वर्षों से बनाई जा रही हैं, मैं उसे देखता आ रहा हूं। कोई इसके बारे में बात नहीं करता क्योंकि जब टीम जीत रही होती है तो सब ठीक लगता है।




कोई विकेट ले रहा होता है और कोई विकेट लेकर महान बन रहा है। उन्होंने कहा, '' ऐसे में सबको लगता है कि सब ठीक चल रहा है। यह चलन अभी से शुरू नहीं हुआ है। यह कई सालों से चला आ रहा है, और मुझे लगता है कि यह खेलने का गलत तरीका है। इस मैदान पर 2001 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऐतिहासिक जीत के दौरान 13 विकेट झटकने वाले हरभजन ने कहा कि अब इस मुद्दे पर विचार करने का समय आ गया है क्योंकि ऐसी पिचें खिलाड़ियों के विकास में योगदान नहीं देतीं। उन्होंने कहा, ''आप किसी भी तरह से आगे नहीं बढ़ रहे हैं, आप बस चक्की में बंधे बैल की तरह चक्कर लगा रहे हैं। आप जीत तो रहे हैं, लेकिन कोई वास्तविक लाभ नहीं है। एक क्रिकेटर के रूप में, आप आगे नहीं बढ़ रहे हैं। भारत के लिए 103 टेस्ट में 417 विकेट लेने वाले हरभजन ने कहा, '' यह इस बात पर विचार करने का समय है कि ऐसी पिचें आपको कहां लेकर जा रही है। यहां आपके बल्लेबाजों को यह नहीं पता होता है कि रन कैसे बनाने है और वह ऐसे दिख रहे हैं जैसे उन्हें बल्लेबाजी करना ही नहीं आता। उन्होंने कहा, '' ऐसे में एक सक्षम गेंदबाज़ और एक सक्षम बल्लेबाज में क्या फर्क रह जाता है। हालात इतने अनुकूल हो गये है कि लोग कौशल के कारण नहीं बल्कि पिच के कारण आउट हो रहे हैं। यह देखकर दुख होता है कि टेस्ट क्रिकेट कैसे खेला जा रहा है। मुझे नहीं पता कि हम ऐसा क्यों कर रहे हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच श्रृंखला का दूसरा और अंतिम टेस्ट मैच 22 नवंबर से खेला जायेगा।

# नॉर्वे ने इटली को हराकर 1998 के बाद पहली बार फीफा विश्व कप के लिए किया क्वालीफाई

एजेंसी



मिलान (इटली)। नॉर्वे ने रविवार रात इटली को उसके घर में 4-1 से हराकर फीफा विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया। नॉर्वे ने 1998 के बाद पहली बार फुटबॉल विश्व कप में जगह बनाई है, जबकि मेजबान इटली को लगातार तीसरी बार प्लेऑफ का रास्ता अपनाना पड़ा।

नॉर्वे ने क्वालीफाइंग अभियान को आठों मैच जीतकर पूरा किया और चार बार की विश्व चैंपियन इटली से छह अंक आगे रहते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। इटली को बेहतर गोल अंतर के चलते अगले दौर में जाने के लिए नौ गोल से जीत की जरूरत थी, इसलिए उसने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया। मैच के 10वें मिनट में फ्रांसेस्को पियो एस्पोसिटो ने नजदीकी दूरी से गोल कर इटली को बढ़त दिलाई। पहली पारी के अधिकांश समय तक मेजबान टीम हावी रही और कई मौके बनाए, जबकि नॉर्वे को केवल एक आधा मौका मिला, जब एंटोनियो नुसा का शॉट बार के ऊपर चला गया। दूसरे हाफ में नॉर्वे ने पूरी तरह बदला हुआ खेल दिखाया। 63वें मिनट में नुसा ने बॉक्स के भीतर से शानदार लेफ्ट-फुट शॉट लगाकर बराबरी कर ली। खेल के अंतिम चरणों में नॉर्वे ने नियंत्रण हासिल कर लिया और 78वें मिनट में इटली की रक्षा में हुई बड़ी गलती के कारण एर्लिंग हालांड को खाली जगह मिल गई। उन्होंने क्रॉस को आसानी से वॉली करते हुए टीम को बढ़त दिलाई। सिर्फ एक मिनट बाद हालांड ने अपना दूसरा गोल दागा और अभियान में अपने गोलों की संख्या 16 कर ली। इंजरी टाइम में जॉर्गन स्ट्रैंड लार्सन ने चौथा गोल कर नॉर्वे की बड़ी जीत सुनिश्चित की। इस जीत के साथ नॉर्वे ने साबित कर दिया है कि वह अगले वर्ष होने वाले विश्व कप में किसी भी टीम के लिए आसान प्रतिद्वंद्वी नहीं होगा।

# गिल को मिली अस्पताल से छुट्टी

एजेंसी

कोलकाता। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में गर्दन में आई अकड़न के इलाज के बाद भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को एक निजी अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। हालांकि अगले शनिवार को गुवाहाटी में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में उनकी भागीदारी को लेकर अभी भी संशय बना हुआ है, क्योंकि टीम प्रबंधन उनके कार्यभार को ध्यान में रखकर ही अंतिम निर्णय लेगा। गिल अब होटल में अपने साथी खिलाड़ियों से जुड़ेंगे। लेकिन ऐसा माना जा रहा कि वह मंगलवार सुबह कोलकाता में होने वाले अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं लेंगे। पूरी टीम बुधवार को गुवाहाटी के लिए उड़ान भरेगी। लेकिन चूंकि गिल गर्दन की समस्या से उबर रहे हैं और वाणिज्यिक उड़ान (कमर्शियल एयर ट्रैवल) की सलाह आमतौर पर ऐसे खिलाड़ियों को नहीं दी जाती। इसलिए ऐसी अटकलें हैं कि वह टीम के साथ उस दिन यात्रा न करें। मुख्य कोच गौतम गंभीर ने मैच के बाद बताया कि शुभमन गिल की फॉटिनेस पर मेडिकल टीम लगातार नजर बनाए हुए है और फिजियो जल्द ही उनकी एक और जांच करेगा। चौथी पारी में गिल के बाहर होने से भारत के पास एक बल्लेबाज कम रह गया था और कम स्कोर वाले मुकाबले में यह कमी सीधे असर डाल गई। गंभीर ने माना कि यह स्थिति आसान नहीं थी। उन्होंने कहा, ''यह एक चुनौती भरी परिस्थिति थी। शुरुआत से हम जानते थे कि हमारी बल्लेबाजी में एक खिलाड़ी कम है। शुभमन उपलब्ध नहीं थे और लंच से पहले दो विकेट गिर गए, तो व्यवहारिक तौर पर हम तीन विकेट खो चुके थे। फिर भी हमें भरोसा था कि अगर एक पचास रन की साझेदारी या दो चालीस रन की साझेदारियां बन जातीं, तो मैच की दिशा अलग हो सकती थी।'' अगर गिल गुवाहाटी टेस्ट के लिए फिट नहीं होते, तो उनके स्थान के लिए बी साई सुदर्शन और देवदत्त पड़िक्कल को विकल्प के तौर पर देखा जा सकता है।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन: सात्विक-चिराग पर भारत की उम्मीदें टिकीं, लक्ष्य और प्रणय लय की तलाश में

एजेंसी

नई दिल्ली। सिडनी में मंगलवार से शुरू हो रहे ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में एक बार फिर भारत की सबसे बड़ी उम्मीद पुरुष युगल के शीर्ष वरीय सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी पर रहेगी। यह जोड़ी इस सीजन का अपना पहला खिताब जीतने की कोशिश करेगी। एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सात्विक-चिराग इस वर्ष भारतीय बैडमिंटन के कठिन दौर में लगातार चमकते रहे हैं। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता और हांगकांग सुपर 500 तथा चाइना मास्टर्स सुपर 750 में उपविजेता रहे। विश्व नंबर एक की रैंकिंग में 18 सप्ताह बिताने के बाद मई में 27वें स्थान तक खिसकने वाली यह



जोड़ी अब वापसी करते हुए तीसरे स्थान पर पहुंच चुकी है। वे अपने अभियान की शुरुआत चीनी ताइपे के चांग को-ची और पो ली-वेई के खिलाफ करेंगे। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन और एच.एस. प्रणय के लिए यह टूर्नामेंट निरंतरता हासिल करने का मौका होगा। लक्ष्य ने लंबे समय के खराब दौर के बाद हांगकांग ओपन में फाइनल तक पहुंचकर दमदार वापसी की थी। जापान में पिछले सप्ताह वह सेमीफाइनल तक पहुंचे थे। सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य पहले दौर में चीनी ताइपे के सू ली यांग से भिड़ेंगे। 2023 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता प्रणय पिछले साल इस टूर्नामेंट के उपविजेता रहे थे। चोट से उबरकर लौटे प्रणय ने कुमामोटो (जापान) में अच्छा प्रदर्शन किया था। वह पहले मैच में कनाडा के ब्रायन यांग का सामना करेंगे। किदांबी श्रीकांत, जो इस साल मलेशिया मास्टर्स में उपविजेता रहे थे, पहले दौर में पांचवीं वरीयता प्राप्त लिन चुन-यी से भिड़ेंगे। अमेरिका ओपन चैंपियन आयुष शेट्टी का मुकाबला मलेशिया के जस्टिन होह से होगा। किरण जॉर्ज को छठी वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोतो की चुनौती मिलेगी। वहीं थरुण मननेपल्ली डेनमार्क के मैग्नस जोहानसन के खिलाफ अभियान शुरू करेंगे। महिला एकल में अकेली भारतीय आकर्षी कश्यप को कठिन शुरुआत मिलेगी, जहां उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त और ओलंपिक चैंपियन आन से यंग से होगा।

## दूसरे वनडे से बाहर हुए मिचेल, निकोल्स कवर के तौर पर टीम में शामिल

वेलिंगटन। न्यूज़ीलैंड के ऑलराउंडर डेरिल मिचेल वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे के लिए नेपियर नहीं जाएंगे। रविवार को खेले गए पहले वनडे के दौरान उन्हें जांघ में तकलीफ हुई थी, जिसके बाद न्यूज़ीलैंड क्रिकेट ने पुष्टि की कि मिचेल अब क्राइस्टचर्च में अपने बाएं ग्रोइन की स्कैन जांच करवाएंगे। स्कैन के बाद ही उनकी आगे की उपलब्धता पर फैसला किया जाएगा। मिचेल ने हैगले ओवल में वेस्टइंडीज के खिलाफ सात रन की जीत में अपना सातवां वनडे शतक लगाया, लेकिन बल्लेबाजी के दौरान जांघ में दर्द महसूस होने के कारण वह दूसरी पारी में फील्डिंग के लिए मैदान पर नहीं उतरे। उनकी जगह हेनरी निकोल्स को कवर के रूप में टीम में शामिल किया गया है। निकोल्स सोमवार को नेपियर में टीम के साथ जुड़ेंगे। निकोल्स ने आखिरी बार इस साल अप्रैल में वनडे खेला था। घरेलू फोर्ड ट्रॉफी में वह इस समय सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं— 306 रन औसत 76.50 के साथ, जिसमें ओटागो और ऑकलैंड के खिलाफ लगातार दो शतक (117* और 138*) शामिल हैं।

# सरकार ने 'प्लैटिनम' आभूषणों के आयात पर 30 अप्रैल तक लगाया प्रतिबंध

एजेंसी

नई दिल्ली। सरकार ने कुछ प्रकार के 'प्लैटिनम' आभूषणों के आयात पर 17 नवंबर से 30 अप्रैल, 2026 तक प्रतिबंध लगा दिया है।विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने इस संबंध में सोमवार को एक अधिसूचना जारी की है। इससे पहले सरकार ने सितंबर में कुछ चांदी के आभूषणों के आयात पर अगले साल 31 मार्च तक प्रतिबंध लगाया था।



अधिसूचना में कहा कि 'प्लैटिनम' आभूषणों की आयात नीति को ''तत्काल प्रभाव से 30 अप्रैल 2026 तक 'मुक्त' से 'प्रतिबंधित' में संशोधित किया गया है।'' आयातकों को अब इन वस्तुओं के आयात के लिए डीजीएफटी से लाइसेंस लेना होगा। अधि?सूचना के मुताबिक इस नीति को 31 मार्च, 2026 तक ''मुक्त'' से ''प्रतिबंधित'' कर दिया है। इस बदलाव के तहत विशिष्ट प्लैटिनम आभूषणों को ''मुक्त'' से ''प्रतिबंधित'' दर्ज़ा दिया गया है। इसके लिए आयातकों को विदेश व्यापार महानिदेशालय से लाइसेंस लेना होगा। अधिसूचना के मुताबिक उनकी आयात इस कदम का उद्देश्य थाईलैंड से बिना जड़ाऊ आभूषणों के नाम पर चांदी के आयात पर अंकुश लगाना था। डीजीएफटी के मुताबिक इस कदम के लिए आयातकों को लाइसेंस प्राप्त करना आवश्यक है। इसका उद्देश्य मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के दुरुपयोग से जुड़ी चिंताओं को दूर करना और घरेलू निर्माताओं की सुरक्षा करना है। यह कदम सितंबर 2025 में चांदी के आभूषणों पर लगाए गए इसी तरह के प्रतिबंध के बाद उठाया गया है। इसका उद्देश्य मुक्त व्यापार समझौते के माध्यम से संभावित शुल्क चोरी को रोकना है। इस कदम का उद्देश्य थाईलैंड से बिना जड़ाऊ आभूषणों के नाम पर चांदी के आयात पर अंकुश लगाना था। भारत का आसियान (दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों का संघ) के साथ एक मुक्त व्यापार समझौता है। थाईलैंड इस 10 राष्ट्र समूह का सदस्य है।

# देश-विदेश में काजू को प्रोत्साहन देने के लिए बोर्ड के गठन को केंद्र से संपर्क करेगा केसीएमए

एजेंसी

मंगलुरु (कर्नाटक)। कर्नाटक काजू विनिर्माता संघ (केसीएमए) देश-विदेश में काजू को प्रोत्साहित करने के लिए जल्द ही बैठक कर एक बोर्ड का खाका तैयार करेगा और इस संबंध में राज्य और केंद्र सरकार से संपर्क करेगा। रविवार को यहां संपन्न तीन दिवसीय काजू शताब्दी शिखर सम्मेलन के दौरान केसीएमए के अध्यक्ष ए के राव ने बताया, जल्द ही केसीएमए के पदाधिकारी बैठक कर बोर्ड के स्वरूप पर चर्चा करेंगे और एक प्रस्ताव बनाकर सरकार से मिलेंगे। उन्होंने कहा, इस बोर्ड के लिए केवल सरकार से ही नहीं, बल्कि काजू उद्योग से जुड़े सभी भागीदारों के सहयोग की जरूरत है। हालांकि, बिना सरकार के सहयोग के हम कुछ नहीं कर सकते। काजू उद्योग को बढ़ावा देने की लिए बोर्ड आज के समय की जरूरत है। भारत में विदेशी फल और मेवे को प्रोत्साहन देने वाली कंपनी एसएस एसोसिएट्स के सुमित सरन ने कहा कि काजू को बढ़ावा देने के लिए एक स्वतंत्र बोर्ड आवश्यक है जो पेशेवर ढंग से काम करे। बोर्ड की पहली जिम्मेदारी संसाधन एकत्रित करने की होगी। उन्होंने कहा, जितने भी अंतरराष्ट्रीय बोर्ड हैं उनमें संसाधन एकत्रित करने में वहां का उद्योग योगदान करता है। इसके बाद, वहां की सरकार उसमें योगदान करती है। यही वजह है कि भारत में कैलिफोर्निया और ऑस्ट्रेलिया का बादाम अच्छी पैठ बना चुका है। सरन ने कहा, विदेश में जो भी प्रोत्साहन बोर्ड हैं वे निजी विशेषज्ञ एजेंसियों की सेवाएं लेते हैं जिससे परिणाम भी अच्छे आते हैं। चिली का अखरोट पूरी दुनिया में सबसे प्रसिद्ध अखरोट है। आज भारत में अखरोट के बाजार में अकेले चिली के अखरोट की हिस्सेदारी करीब 60 प्रतिशत पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि दिलचस्प है कि चिली का अखरोट उद्योग महज 25 साल पुराना है और प्रोत्साहन के बल पर आज पूरी दुनिया में छा गया है। इसी तरह, कैलिफोर्निया का पिस्ता और बादाम।

# संक्षिप्त समाचार

## संगाकारा निभाएंगे आरआर के क्रिकेट निदेशक और मुख्य कोच की दोहरी भूमिका

**जयपुर।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के दौरान कुमार संगाकारा राजस्थान रॉयल्स (आआर) के प्रमुख कोच और क्रिकेट निदेशक की दोहरी भूमिका निभाएंगे। इसके साथ ही पिछली बार बल्लेबाजी कोच रहे विक्रम राठौड़ को टीम का सहायक कोच बनाया गया है। संगाकारा पहले भी 2021 से 2024 तक टीम के प्रमुख कोच रह चुके हैं। उनके कार्यकाल में आआर की टीम 2022 के फाइनल और 2024 के प्लेऑफ में पहुंची थी। आआर ने एक बयान जारी करते हुए कहा, ''वह एक ऐसा दौर था, जिसमें टीम के प्रदर्शन और निरंतरता में साफ बढ़ोतरी देखी गई। फ्रेंचाइजी के मुख्य मालिक मनोज बदाले ने कहा, ''हम बेहद खुश हैं कि कुमार एक बार फिर प्रमुख कोच के रूप में लौट रहे हैं। टीम को उनकी पहचान, नेतृत्व और रॉयल्स के कल्चर की गहरी समझ से निरंतरता और स्थिरता का सही संतुलन मिलेगा। कुमार ने हमेशा हमारा पूरा भरोसा जीता है। उनकी स्पष्टता और क्रिकेट की समझ टीम को अगले स्तर तक ले जाने में अहम भूमिका निभाएगी। इसके साथ बल्लेबाजी कोच राठौड़ का प्रमोशन भी हुआ है। फ्रेंचाइजी ने यह भी घोषणा की कि शेन बॉन्ड गेंदबाजी कोच, ट्रेवर पेनी और सिड लाहिरी क्रमशः सहायक कोच और हाई परफॉर्मेंस कोच बने रहेंगे। संगाकारा ने कहा, ''प्रमुख कोच के तौर पर लौटना और इस प्रतिभाशाली ग्रुप के साथ काम जारी रखना मेरे लिए सम्मान की बात है। मुझे खुशी है कि मेरे साथ एक मजबूत कोचिंग टीम भी है। विक्रम, ट्रेवर, शेन और सिड अपने-अपने क्षेत्रों में महत्वपूर्ण अनुभव लाते हैं और हम साथ मिलकर खिलाड़ियों को सबसे अच्छी तैयारी देने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हम सभी जानते हैं कि हमें टीम के रूप में किस दिशा में जाना है और हमारा लक्ष्य ऐसी टीम बनाना है, जो स्पष्टता, मजबूती और एक उद्देश्य के साथ खेले। टीम प्रबंधन को अब एक नए कप्तान के साथ काम करना होगा, क्योंकि आरआर ने अपने निवर्तमान कप्तान संजू सैमसन को ट्रेड डील में चेन्नई सुपर किंग्स को दे दिया है, जहां से उन्हें रवींद्र जडेजा और सैम करन मिले हैं। टीम ने नितीश राणा, आकाश मधवाल, अशोक शर्मा, फजलहक फारूकी, कुमार कार्तिकेय, कुणाल सिंह राठौर, महेश तीक्षणा और वनिंदु हसरंगा को भी रिलीज या ट्रेड कर दिया है। जडेजा और करन के साथ उन्होंने डोनोवन फरेरा को दिल्ली कैपिटल्स से ट्रेड किया है। आगामी नीलामी में टीम के पास 16.05 करोड़ रुपये की राशि होगी, उन्हें नौ स्लॉट भरने हैं, जिसमें एक विदेशी खिलाड़ी की भी जगह शामिल है।

## सिनर ने अल्काराज को हराकर लगातार दूसरा बार जीता एटीपी फाइनल्स का खिताब

**ट्यूरिन (इटली)।** इटली के स्टार टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने फाइनल मुकाबले में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्पेन के कार्लोस अल्काराज को हराकर लगातार दूसरी बार अपना एटीपी फाइनल्स चैंपियनशिप 2025 का खिताब जीता। सिनर ने रविवार को खेले गये खिताबी मुकाबले में विश्व के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी अल्काराज को 7-6 (7-4), 7-5 से हराकर चैंपियनशिप अपने नाम की। सिनर ने पिछले तीन एटीपी फाइनल्स चैंपियनशिप मैचों में शामिल रहे हैं और उन्होंने लगातार दूसरी बार खिताब जीता है। 2023 के संस्करण में उन्हें सर्बिया के नोवाक जोकोविच से हार का सामना करना पड़ा था। खिताब जीतने के बाद सिनर ने कहा, ''कार्लोस के खिलाफ खेलना मुश्किल था। वह खेल में वापसी करने वाले सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। मैं बहुत खुश हूं। यह बहुत ही कठिन मैच था। इस सीजन का इस तरह अंत करना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। सिनर और अल्काराज ने साल के चारों ग्रैंड स्लैम खिताब बराबरी पर जीते हैं, जिसमें सिनर ने ऑस्ट्रेलियन और विंबलडन का खिताब जीता, जबकि स्पेनिश खिलाड़ी ने फ्रेंच और यूएस ओपन में जीत हासिल की। ट्यूरिन में ग्रुप चरण में तीन जीत के बाद, अल्काराज ने साल के अंत में नंबर वन रैंकिंग हासिल की, सिनर दूसरे स्थान पर हैं।

## भारत के काले और लोपेज की जोड़ी ने अपना पहला बीडब्ल्यूएफ युगल खिताब जीता

**लुसाका (जाम्बिया)।** भारतीय शटलर अनुज काले और इयान लोपेज की जोड़ी ने अचुतादित्य राव डोड्डावरापु और अर्जुन रेड्डी पोचाना की जोड़ी को हराकर बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष युगल खिताब जीता। स्पोर्ट्स डेवलपमेंट सेंटर में रविवार को प्रतिस्पर्धा करते हुए बैडमिंटन रैंकिंग में 386वें स्थान पर काबिज काले और लोपेज ने 26 मिनट तक चले मुकाबले में हमवतन और दुनिया की 618वें नंबर की जोड़ी अचुतादित्य राव डोड्डावरापु और अर्जुन रेड्डी पोचाना को 21-9, 21-13 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

# सीबीडीटी अध्यक्ष ने कर संग्रह का लक्ष्य हासिल करने की उम्मीद जताई

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष रवि अग्रवाल ने सोमवार को उम्मीद जताई कि मौजूदा वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष कर संग्रह का लक्ष्य हासिल कर लिया जायेगा। श्री अग्रवाल ने यहां भारत मंडपम में भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले के दौरान सीबीडीटी के करदाता अलाउंज का उद्घाटन करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा, ''चालू वित्त वर्ष में 01 अप्रैल से 10 नवंबर तक प्रत्यक्ष कर संग्रह में 6.99 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हम लक्ष्य हासिल करने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन करदाताओं और व्यक्तियों के लिए ऑडिट किया हुआ रिटर्न भरने की आवश्यकता है उनके लिए अंतिम तिथि 10 दिसंबर है। उम्मीद है कि इस तारीख तक स्थिति और स्पष्ट हो जायेगी, और विभाग लक्ष्य हासिल करने में सफल रहेगा। आयकर रिफंड में हो रही देरी के बारे में पूछे जाने पर श्री अग्रवाल ने कहा कि जैसे-जैसे प्रक्रिया आगे बढ़ रही है लोगों को उनका रिफंड दिया जा रहा है। सीबीडीटी का प्रयास है कि पहले ही सारी चीज स्पष्ट कर ली जाए और बाद में किसी तरह की कोई समस्या ना हो। उन्होंने कहा कि कम रिफंड का एक कारण यह भी हो सकता है कि सरकार द्वारा किए गए सुधारों के बाद लोगों ने रिफंड के दावे कम किये हों। हालांकि उन्होंने पूछे जाने पर यह नहीं बताया कि दावे कितने कम हुए हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि नए आयकर कानून के लिए सीबीडीटी की ओर से पूरी तैयारी की जा रही है। नये फॉर्म डिजाइन करने का काम जनवरी तक पूरा कर लिए जाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि यह एक बड़ा बदलाव होगा क्योंकि नये कानून में भाषा बिल्कुल सरल रखी गई है और इसका उद्देश्य यह है कि करदाताओं को आसानी हो।

# सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोना और चांदी के भाव में मामूली गिरावट नजर आ रही है। कीमत में आई इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,25,070 रुपये से लेकर 1,25,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,14,640 रुपये से लेकर 1,14,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,68,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,25,220 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,14,790 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,25,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22



कैरेट सोना 1,14,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,25,120 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,14,690 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,25,070 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,14,640 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,25,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,14,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,25,120 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,14,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,25,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,14,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,25,120 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,14,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,25,220 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,14,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में मामूली गिरावट दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,25,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# आतंकवाद को जड़ से समाप्त करना हम सबकी साझी प्रतिबद्धता : शाह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने दिल्ली बम विस्फोट के दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने की वचनबद्धता जताते हुए सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद को जड़ से समाप्त करना हम सबकी साझी प्रतिबद्धता है।

श्री शाह ने आज हरियाणा के फरीदाबाद में उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की 32 वीं बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आतंकवाद को जड़ से समाप्त करना हम सबकी साझी प्रतिबद्धता है। मोदी सरकार के अब तक के रिकार्ड के अनुरूप दिल्ली बम विस्फोट के दोषियों को हम पाताल से भी ढूंढ कर देश की न्यायिक व्यवस्था के सामने खड़ा करेंगे और उन्हें सख्त से सख्त सजा दिलाएंगे।'' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण है कि सशक्त राज्य ही सशक्त राष्ट्र का सृजन करते हैं और इसे ज़मीन पर उतारने में क्षेत्रीय परिषदों का बहुत महत्व है। संवाद, सहयोग, समन्वय और 'पॉलिसी सिनर्जी' के लिए क्षेत्रीय परिषदें बहुत महत्वपूर्ण हैं। इन परिषदों के माध्यम से कई प्रकार की समस्याओं को हल किया गया है।

उन्होंने कहा कि अभी भी महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध के मामलों में जल्द सजा दिलाने में विलंब, कुपोषण जैसी कई समस्याएं हैं जिनसे देश को मुक्त करने की ज़रूरत है। उन्होंने महिलाओं और बच्चों के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम के तहत यौन अपराध और बलात्कार के मामलों की त्वरित जांच पर बल देते हुए कहा कि ऐसे घृणित अपराध को कोई भी सभ्य समाज स्वीकार नहीं कर सकता। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसके लिए फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालयों की संख्या बढ़ाई जाए।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि सहकारिता, कृषि और मछली पालन गरीबी दूर करने और रोजगार प्रदान करने का महत्वपूर्ण माध्यम बन सकते हैं। सहकारिता, कृषि और मछली पालन से गरीबी दूर हो रही है और रोजगार बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री के 'सहकार से समृद्धि' के मंत्र का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सहकारिता क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावना है। उन्होंने जोर दिया कि सकल घरेलू उत्पाद के साथ रोजगार, खासकर स्वरोजगार में वृद्धि से ही एक विकसित भारत के स्वप्न को साकार कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि सिर्फ जीडीपी देश की समृद्धि का परिचायक नहीं होता बल्कि समृद्धि तभी मानी जाती है जब हर व्यक्ति गरीबी रेखा से ऊपर आ जाता है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय ने देश भर में सहकारी क्षेत्र को मजबूत करने के लिए 57 पहल की हैं। इनमें प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) के कंप्यूटरीकरण, तीन नई राष्ट्रीय सहकारी समितियों की स्थापना और त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी की स्थापना शामिल है।

बैठक में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, जम्मू-कश्मीरके मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता,



संघ शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया, जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और लद्दाख के उप-राज्यपाल कविंदर गुप्तात था इन राज्यों एवं संघशासित प्रदेशों के वरिष्ठ मंत्री भी शामिल हुए। बैठक में केन्द्रीय गृह सचिव, अंतर राज्यपरिषद सचिवालय के सचिव, सदस्य राज्यों के मुख्यसचिव/सलाहकार और राज्य सरकारों तथा केन्द्रीयमंत्रालयों एवं विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। श्री शाह ने कहा कि क्षेत्रीय परिषदों की मूल भावना और भूमिका सलाहकारी है, लेकिन पिछले दशक में इसे एक्शन ओरियंटेड प्लेटफॉर्म के रूप में स्वीकारा गया है और इसके परिणाम भी मिले हैं। उन्होंने कहा, '' राज्यों के बीच, क्षेत्र और राज्यों के बीच और केन्द्र और राज्य सरकारों के साथ फॉलोअप के साथ मुद्दों को हमने स्वीकारा भी है और इनके समाधान प्राप्त करने के लिए ठोस रास्ता भी बनाया है। हमारा लक्ष्य स्पष्ट है - क्षेत्रीय मजबूती के साथ राष्ट्रीय तरक्की और हर क्षेत्र में भारत की वैश्विक नेतृत्व जो हमें महान भारत की रचना की ओर ले जाती है।'' उन्होंने आह्वान किया कि सभी राज्य जल संसाधन प्रबंधन और पानी की समस्या दूर करने के लिए आपसी समन्वय से काम करें। उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 के अनुपात में 2014 से 2025 तक क्षेत्रीय परिषदों की बैठकों में लगभग ढाई गुणा बढ़ोत्तरी हुई है और ये इन बैठकें सार्थक भी रही है।वर्ष 2004 से 2014 में क्षेत्रीय परिषद और स्थायी समिति की कुल 25 बैठकें हुई थीं जबकि 2014 से 2025 के दौरान अब तक 64 बैठकें हुई हैं। उन्होंने कहा कि बैठकों की संख्या में दोगुनी सेअधिक बढ़ोत्तरी प्रधानमंत्री के टीम भारत कॉन्सेप्ट को उद्घोषित करती हैं। इन बैठकों में 1600 मुद्दों पर चर्चा हुई और उनमें से 1303 मुद्दों (81.43 फीसदी) का समाधान हुआ। यह सभी राज्य सरकारों, संघ शासित प्रदेशों तथा केन्द्रीय मंत्रालयों और विभागों के सहयोग से हो सका है और अंतर-राज्य परिषद सचिवालय इसमें सक्रियभूमिका निभा रहा है।

श्री शाह ने कहा कि यह वर्ष वंदे मातरम की रचना का 150वां वर्ष है। एक ज़माने में बंकिमचंद्र चटर्जी जी की महान रचना वंदे मातरम हमारे देश की आज़ादी का उद्घोष बना था। आज भारत सरकार और सभी राज्य मिलकर फिर से इसे महान भारत की रचना का उद्घोष बनाने के लिए कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि यह भारत की युवा पीढ़ी में देशभक्ति के संस्कार प्रस्थापित करने का प्रयास है। उन्होंने सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों से वंदे मातरम गीत के माध्यम से देश के युवाओं में देशभक्ति के संस्कार को फिर से जागृत करने का आह्वान किया।

उन्होंने तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन का जिक्र करते हुए कहा कि इन नए कानूनों को लागू करने से काफी सकारात्मक नतीजे मिले हैं। नए कानूनों के तहत दोष-सिद्धि की दर में लगभग 25 से 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और दोषियों को समय पर सज़ा भी मिली है। उन्होंने कहा कि इन कानूनों के प्रभावी अमल के लिए राज्य सरकारों को और अधिक प्रयास करने चाहिए। साथ ही, गृह मंत्री ने सभी राज्य सरकारों से जांच और फॉरेंसिक एनालिसिस से लेकर न्यायालयों को ऑनलाइन जोड़ने तक तकनीक को अपग्रेड करने का अनुरोध किया।

श्री शाह ने मिलेट्स को बढ़ावा देने के अभियान में राजस्थान के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि सभी राज्यों को मिलेट्स के उत्पादन और प्रयोग को बढ़ाना चाहिए। उन्होंने राज्य सरकारों से मिलेट्स को गरीबों को हर महीने पांच किलो मुफ्त अनाज दिए जाने की योजना का हिस्सा बनाने की अपील की और कहा कि इससे मिलेट्स का उत्पादन ही नहीं बढ़ेगा , बल्कि साथ ही नयी पीढ़ी को मिलेट्स खाने की आदत पड़ेगी और लोगों की सेहत भी अच्छी रहेगी।

## अल फलाह विश्वविद्यालय के अध्यक्ष को दिल्ली पुलिस ने जारी किया समन

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अल फलाह विश्वविद्यालय के अध्यक्ष को आतंकी मॉड्यूल और फर्जी दस्तावेजों की जांच में तलब किया है। दिल्ली पुलिस ने फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल मामले की जांच और विश्वविद्यालय के खिलाफ जालसाजी एवं धोखाधड़ी के दो मामलों में चल रही जांच के सिलसिले में अल फलाह विश्वविद्यालय के अध्यक्ष को दो समन जारी किए हैं। यह समन तब भेजा गया जब जांचकर्ताओं ने पाया कि विश्वविद्यालय के अध्यक्ष जावेद अहमद सिद्दीकी का बयान विश्वविद्यालय के कामकाज और संस्थान से जुड़े व्यक्तियों की गतिविधियों से जुड़ी कई विसंगतियों को स्पष्ट करने के लिए महत्वपूर्ण था। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा शनिवार को गंभीर चिंताएं उठाए जाने के बाद क्राइम ब्रांच ने फरीदाबादा स्थित विश्वविद्यालय के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी के दो मुकदमे दर्ज किये थे। दिल्ली पुलिस के मुताबिक सिद्दीकी को समन जारी करना एक व्यापक जांच का हिस्सा है, जो पिछले सप्ताह लाल किले के पास हुए विस्फोट की चल रही जांच से जुड़ी है।

## रूसी समुद्री बोर्ड के अध्यक्ष ने की डोभाल से मुलाकात

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति के सहयोगी और रूसी समुद्री बोर्ड के अध्यक्ष निकोले पेत्रुशेव भारत यात्रा पर हैं। उन्होंने आज राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और भारत के राष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा समन्वयक वाइस एडमिरल बिस्वजीत दासगुप्ता के साथ बातचीत की। रुसी दूतावास ने एक्स पर इसकी जानकारी दी। दूतावास की ओर से यह भी जानकारी दी गई कि समुद्री सहयोग पर रूस-भारत परामर्श आज नई दिल्ली में होगा। दूसरी ओर विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव की मास्को में मुलाकात प्रस्तावित है। दोनों पक्ष इस दौरान द्विपक्षीय सहयोग, चल रहे राजनयिक संबंधों और भारत एवं रूस के बीच रणनीतिक साझेदारी को मज़बूत करने के उद्देश्य से आगामी राजनीतिक पहलों की विस्तृत समीक्षा कर सकते हैं। शुक्रवार को रूसी विदेश मंत्रालय ने एक्स पोस्ट में बैठक की घोषणा की। इसमें कहा गया कि विदेश मंत्री लावरोव अपने भारतीय समकक्ष डॉ. जयशंकर से मास्को में मुलाकात करेंगे। दोनों मंत्री आगामी राजनीतिक संपर्कों, प्रमुख द्विपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। उल्लेखनीय है कि अगले महीने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा संभव है। यह उनकी 2021 के बाद पहली भारत यात्रा होगी।

## साजिश के तहत हो रहा है मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चुनाव आयोग एक साजिश के तहत पूरे देश में मतदाता सूची पुनरीक्षण करवा रहे हैं और फिर इसे उपकरण की तरह इस्तेमाल कर इसके जरिए 'वोट चोरी' का काम करवाया जा रहा है। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पेज एक्स पर एक पोस्ट में सोमवार को कहा ''चुनाव आयोग और प्रधानमंत्री एक साजिश के तहत पूरे देश में मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम कराने में लगे हुए हैं। ये जगजाहिर है कि पुनरीक्षण वो उपकरण है जिसका इस्तेमाल 'वोट चोरी' के लिए किया जाता है। लेकिन..अब चिंताजनक खबरें सामने आ रही हैं।

## असम की मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण आज से

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने नागरिकता के संबंध में विशिष्ट प्रावधानों वाले सीमावर्ती राज्य असम की मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण (एसआर) मंगलवार से कराने की घोषणा की है जिसमें आगामी पहली जनवरी तक मतदाता बनने की अर्हता वालों के नाम शामिल किये जा सकते हैं। असम में एसआर की घोषणा ऐसे समय की गयी है जबकि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का काम सितंबर में पूरा किया गया था और उसके बाद इस समय 12 राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों - अंडमान निकोबार, चंडीगढ़, गोवा, गुजरात, केरल , लक्ष्यद्वीप, मध्य प्रदेश, पांडिचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु , उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल की मतदाता सूचियों के एसआईआर की प्रक्रिया चल रही है। आयोग ने सोमवार को स्पष्ट किया है कि असम में नागरिकता संबंधी कुछ विशिष्ट प्रावधानों और इस समय नागरिकता सत्यापन के लिए चल रही प्रक्रियाओं को देखते हुए वहां एसआईआर की जगह केवल विशेष पुनरीक्षण (एसआर) कराया जा रहा है।

# अगले सत्र में लाया जाएगा नया बीज अधिनियम : शिवराज

एजेंसी

मुंबई। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को मुंबई में कहा कि घटिया और अनधिकृत बीजों की बिक्री पर नियंत्रण के लिए आगामी बजट सत्र में एक नया बीज अधिनियम लाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि बागवानी फसलों के लिए गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री उपलब्ध कराने के लिए महाराष्ट्र में तीन स्वच्छ पौध केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं।

केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान सोमवार को मुंबई के बीकेसी में आयोजित एशियाई बीज सम्मेलन-2025 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने किसानों को किफायती दामों पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने की आवश्यकता व्यक्त करते हुए बीज उद्योग से किसानों के हितों पर विचार करने की अपील की। दलहन और तिलहन के उत्पादन में निजी क्षेत्र का योगदान कम होने का उल्लेख करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि बीज कंपनियों को इस क्षेत्र में सक्रिय रूप




से भाग लेना चाहिए। सभी बीज कंपनियों के लिए 'साथी' पोर्टल पर 100 प्रतिशत पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा, जिसे बीजों के उत्पादन और वितरण श्रृंखला को पारदर्शी बनाने के लिए बनाया गया है। तापमान वृद्धि और बदलती मौसम स्थितियों के अनुकूल किस्मों के विकास पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता बताते हुए, उन्होंने कहा कि सरकार और निजी क्षेत्र को मिलकर किसानों के लाभ के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। बीज उद्योग केवल लाभ का विषय नहीं है, बल्कि देश और विश्व की खाद्य सुरक्षा का आधार भी है।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार अगले दो-तीन वर्षों में राज्य में 25 लाख हेक्टेयर भूमि को प्राकृतिक खेती के अंतर्गत लाने का प्रयास कर रही है। इसके लिए, बीज उत्पादक कंपनियों से प्राकृतिक खेती के लिए उपयुक्त किस्में विकसित करने की माँग की जा रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यदि बीज उत्पादक कंपनियाँ नवाचार करें, तो हम स्थायित्व की ओर बढ़ सकते हैं। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि भारत का बीज बाजार दुनिया के सबसे तेज़ी से बढ़ते बाजारों में से एक है। आज यह लगभग 7.8 अरब डॉलर तक पहुँच गया है और 2030 तक इसके लगभग 19 अरब डॉलर तक पहुँचने का अनुमान है। अमेरिका, चीन, फ्रांस और ब्राज़ील के बाद भारत दुनिया में पाँचवें स्थान पर है और चूँकि भारत में इस्तेमाल होने वाले 95 प्रतिशत से ज़्यादा बीज घरेलू स्तर पर उत्पादित होते हैं, इसलिए यह उद्योग सीधे तौर पर 'मेक इन इंडिया' में योगदान दे रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य किसानों की आय दोगुनी करना है। इस अवसर पर एशिया प्रशांत बीज संघ के अध्यक्ष टेकवोंग, भारतीय राष्ट्रीय बीज संघ के अध्यक्ष डॉ. एम. प्रभाकर राव, भारतीय बीज उद्योग महासंघ के अध्यक्ष अजय राणा, एशिया प्रशांत बीज संघ के कार्यकारी निदेशक फ्रैंकलिन सेओ, भारतीय राष्ट्रीय बीज संघ के कोषाध्यक्ष वैभव काशीकर और भारतीय बीज उद्योग महासंघ के उपाध्यक्ष राजू राठी सहित विभिन्न देशों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## कांग्रेस अध्यक्ष खरगे से मिले मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, कर्नाटक मंत्रिमंडल में फ़ेरबदल पर चर्चा

नयी दिल्ली। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सोमवार शाम कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की। कर्नाटक मंत्रिमंडल में फ़ेरबदल की अटकलों के बीच इस बैठक को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार 20 नवंबर को ढाई वर्ष पूरे कर लेगी जिसे देखते हुए राज्य मंत्रिमंडल में फ़ेरबदल की चर्चा तेज़ हो गयी है। सूत्रों के अनुसार कर्नाटक में मंत्रिमंडल फ़ेरबदल को लेकर दोनों नेताओं के बीच बातचीत हुयी है। इस बैठक में मंत्रिमंडल में नए चेहरों को शामिल किये जाने को लेकर भी चर्चा की गयी। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली दौरे के दौरान मुख्यमंत्री सिद्धारमैया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मुलाकात करेंगे। वह प्रधानमंत्री मोदी के साथ कर्नाटक के गन्ना किसानों के मुद्दे और मेकेदातु जल परियोजनाओं के लिए लंबित मंजूरी पर चर्चा कर सकते हैं।

# सहारा की संपत्ति बिक्री पर सुनवाई छह सप्ताह टली

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने अडानी ग्रुप को संपत्ति बेचने की अनुमति मांगने वाली सहारा कंपनी की याचिका पर सुनवाई छह सप्ताह के लिए टाल दी है। कंपनी ने महाराष्ट्र स्थित एम्बी वैली परियोजना और लखनऊ स्थित सहारा शहर सहित 88 संपत्तियों को अडानी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को बेचने की अनुमति देश की शीर्ष अदालत से अनुमति मांगी थी।

भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और एमएम सुंदरेश की पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता द्वारा विस्तृत जवाब दाखिल करने के लिए और समय मांगे जाने पर चार सप्ताह का समय दिया। अब मामले की सुनवाई छह सप्ताह बाद के लिए निर्धारित की गई है। अदालत ने सहारा कर्मचारियों द्वारा समूह की कंपनियों से अपने लंबित वेतन जारी करने की मांग वाली याचिकाओं पर भी सुनवाई स्थगित कर दी। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल सहारा की ओर से पेश हुए। सॉलिसिटर जनरल ने यह भी आग्रह किया कि इस मामले में सहकारिता मंत्रालय को भी पक्षकार बनाया जाए क्योंकि इससे कई सहकारी समितियां प्रभावित हुई हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता और न्यायमित्र के रूप में कार्यरत शेखर नफड़े ने अदालत को सूचित किया कि उन्हें सहारा द्वारा उजागर न की गई कई संपत्तियों पर दावे प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि सहारा को अपनी संपत्तियों का पूरा विवरण एक आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करने का निर्देश दिया जाए। लेकिन अदालत ने सोमवार को इस अनुरोध पर कोई निर्देश जारी नहीं किया। अदालत ने पिछली सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से संपत्तियों को बेचने की अनुमति के सहारा के अनुरोध पर जवाब मांगा था। अदालत ने यह भी निर्देश दिया था कि संपत्तियों पर अधिकार का दावा करने वाले पक्ष न्यायमित्र के समक्ष अपने दावे प्रस्तुत करें। अदालत ने निर्देश दिया कि न्यायमित्र विवादित संपत्तियों, दावों से मुक्त संपत्तियों और अस्पष्ट स्वामित्व वाली संपत्तियों की पहचान करते हुए एक वर्गीकरण चार्ट तैयार करेगा। अदालत ने सहारा को अपने कर्मचारियों के लंबित वेतन दावों की जांच करने का निर्देश दिया। सहारा ने दलील दी कि सेबी बार-बार प्रयास करने के बावजूद कुर्क की गई संपत्तियों की नीलामी नहीं कर पाया है। अपने संस्थापक सुब्रत रॉय के निधन के बाद संपत्तियों के प्रबंधन और निपटान की उसकी क्षमता कमजोर हो गई है। कई संपत्तियां कई आदेशों के अधीन हैं, जिनकी बिक्री के लिए अदालत की अनुमति आवश्यक है। अदाणी प्रॉपर्टीज के साथ 88 संपत्तियों की बिक्री के लिए एक टर्म शीट पर जो हस्ताक्षर किए गए हैं वह अदालत की मंजूरी के अधीन है। इससे प्राप्त राशि का उपयोग बकाया देनदारियों को पूरा करने के लिए किया जाएगा।

यह मुकदमा लंबे समय से चल रहे सहारा-सेबी मामले से उपजा है, जिसमें सहारा की संस्थाओं को 2012 में वैकल्पिक रूप से पूर्ण परिवर्तनीय डिबेंचर (ओएफसीडी) खरीदने वाले निवेशकों को धन वापसी के लिए 24,000 करोड़ रुपये से अधिक जमा करने का निर्देश दिया गया था। सहारा का दावा है कि उसने पर्याप्त राशि जमा कर दी है, जबकि सेबी का कहना है कि 9,000 करोड़ रुपये से अधिक अभी भी बकाया है।

# पेज एक का शेष

### धैर्य, संतुलन खोए...

सीसीटीवी फुटेज दिखाए। सीएम योगी की पांच बड़ी बातें- 1. 1950 में भारत की अर्थव्यवस्था में यूपी का शेयर 14 फीसदी थी। 2017 में भारत की अर्थव्यवस्था में यूपी का योगदान आठ फीसदी से कम रह गया था। फीसदी थी। 2017 में भारत की अर्थव्यवस्था में यूपी का योगदान आठ फीसदी से कम रह गया था। हमने मात्र दो वर्ष में यूपी को नंबर-2 पर पहुंचाया। 2. ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुनिया ने भारत के पराक्रम को देखा। यूपी भी देश की सेना रक्षाओं के साथ रहा। ब्रह्मोस मिसाइल यूपी के लखनऊ में बनी है। मैंने लखनऊ में इसके लिए फ्री में लैंड दी। हर वर्ष पूरी कैपेसिटी से ब्रह्मोस मिसाइल का नोड कार्य करना प्रारंभ करेगा तो यूपी को प्रतिवर्ष 300 से 500 करोड़ का जीएसटी प्राप्त होगा। 3. कानून व्यवस्था पर कार्य हुआ तो यूपी में निवेश की झड़ी लग गई। जिस प्रदेश में पांच वर्ष में 50 हजार करोड़ का भी निवेश नहीं आ पाता था, वहां 8 वर्ष में 45 लाख करोड़ से अधिक से निवेश प्रस्ताव लाने में सफलता प्राप्त की। 4. पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने लंबी छलांग लगाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेलो इंडिया खेलो के माध्यम से 2014 में एक अभियान चलाया। फिट इंडिया मूवमेंट, सांसद खेलकूद प्रतिस्पर्धा के माध्यम से खेलकूद के प्रति भाव पैदा करने की नई प्रेरणा प्रदान की। 5. भारत सबसे युवा राष्ट्र है। यहां 56 फीसदी आबादी कामकाजी है। उनके सपनों को उड़ान देने के लिए संस्थानों को तैयार होना है। योगी ने बच्चों को दिया मेडल व डिग्री कुलपति प्रो. श्रीकृष्ण श्रीवास्तव ने बताया कि कुल 5746 को उपाधियां मिली। इनमें 2024-25 के यूजी के 1676, बीडीएस के 87, एमडीएस 38, 2023 - 24 के यूजी के 2347, पीजी के 727 विद्यार्थी हैं। बीडीएस के 59 और एमडीएस 38 छात्रों को उपाधि प्राप्त हुई। इसके अलावा पीएचडी के शोधार्थियों को भी उपाधि दी गई है। इस दौरान दो मेधावियों को चांसलर मेडल और 89 को स्वर्ण पदक मिले। इस दौरान सीएम के हाथों अवार्ड पाने वालों में मुस्कान साहू, पेशवानी शर्मा, सुमि गौर, जीविदा शुक्ला, स्मारिका सक्सेना, इंशा इमरान, मधुलिका, ऋषिता अस्थाना, नैना सिंह, विभव दुबे, पल्लवी राय, नीरज कुमार कुशवाहा, वर्तिका गुप्ता, वैष्णवी यादव, शुभम शुक्ला, वैष्णवी श्रीवास्तव, सारा मेहंदी आदि शामिल रहीं। वहीं डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित होने वालों में मयंक जयपुरिया, अमृता यादव, मंजू भारद्वाज, श्वेता सिंह, ऊषा अरुणिमा, आलोक शरण, समीक्षा गुप्ता, ओजस्विनी पाल, शैलजा पांडेय, नेहा शर्मा, आफरीन हसन, फरहीन आजाद, सारा जैदी, अनुकृति मिश्रा शामिल रहीं।

### शेख हसीना...

उकसाया। इस दौरान लगभग 1,400 प्रदर्शनकारी मारे गए और 25,000 तक घायल हुए। सुश्री हसीना पर पाँच आरोप लगाये गये थे, जिनमें हत्या के लिए उकसाना, फाँसी का आदेश देना और विरोध प्रदर्शनों को दबाने के लिए घातक हथियारों, ड्रोन और हेलीकॉप्टरों के इस्तेमाल को अधिकृत करना शामिल है। सुश्री हसीना ने हालांकि अंतरराष्ट्रीय मीडिया को दिये कई साक्षात्कारों में खुद पर लगे इन सभी आरोपों का खंडन किया था और कहा था कि प्रदर्शनकारियों को मारने के लिए इस्तेमाल की गई गोलियाँ बंगलादेश पुलिस द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली गोलियों से अलग थीं। कई विश्लेषकों ने संकेत दिया है कि ये गोलियाँ असमाजिक तत्वों द्वारा चलाई गयी थीं। सुश्री हसीना की कानूनी टीम ने 'निष्पक्ष सुनवाई के अधिकारों और उचित प्रक्रिया के अभाव' का हवाला देते हुए, न्यायेतर, संक्षिप्त या मनमाने ढंग से की गयी सुनवाई को लेकर संयुक्त राष्ट्र के विशेष प्रतिनिधि से अपील की है। यह मामला जुलाई 2024 के जन विद्रोह के दौरान किए गए कथित अपराधों से संबंधित है, जिससे व्यापक हिंसा भड़क उठी थी और अवामी लीग सरकार का पतन हो गया था। गौरतलब है कि बंगलादेश में अगले साल फरवरी में राष्ट्रीय चुनाव होने वाले हैं, जिनमें अवामी लीग के शामिल नहीं होने की संभावना है। शेख हसीना ने कहा कि ''मोहम्मद यूनुस के शासन में, सार्वजनिक सेवाएं चरमरा गई हैं। देश की अपराध-ग्रस्त सड़कों से पुलिस पीछे हट गई है और न्यायिक निष्पक्षता को नुकसान पहुंचा है, अवामी लीग के समर्थकों पर हमले बेखौफ हो रहे हैं। हिंदुओं और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हमले हो रहे हैं और महिलाओं के अधिकारों का दमन किया जा रहा है। प्रशासन के अंदर मौजूद इस्लामी चरमपंथी, जिनमें हिज़्ब-उत-तहरीर के नेता भी शामिल हैं, बांग्लादेश की धर्मनिरपेक्ष सरकार की लंबी परंपरा को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं।''

### पैन कार्ड मामले ...

में दोषी करार दिया। एडीजीसी संदीप सक्सेना ने बताया कि इस मामले में अदालत ने दोनों को सात सात साल कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार का जुर्माना भी लगाया है। शहर से भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि दो पैन कार्ड मामले में आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम दोनों को सात सात साल की सजा हुई है। उन्होंने कहा कि चाहे दो पैन कार्ड मामला हो या कोई भी अन्य मामला हो, सभी में पेपर एविडेंस के आधार पर मजबूती से पैरवी की गई है और यह सत्य की जीत है। उन्हें न्यायपालिका के हर फैसले पर पूरी तरह भरोसा है।

### 'न लें हमारा इम्तिहान...

सीमा को पार करने का कभी इरादा नहीं था। हम दो न्यायाधीशों वाली पीठ में बैठकर ऐसा नहीं कर सकते। बांठिया आयोग की रिपोर्ट अब भी न्यायालय में विचाराधीन है, हमने पहले की स्थिति के अनुसार चुनाव कराने की अनुमति दी थी।'' शीर्ष अदालत ने उन याचिकाओं पर भी नोटिस जारी किया, जिनमें आरोप लगाया गया है कि कुछ मामलों में राज्य के स्थानीय निकाय चुनावों में आरक्षण 70 प्रतिशत तक पहुंच गया है।

### एनआईए ने कश्मीर...

थी। आरोपी दानिश ने आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए तकनीकी सहायता प्रदान की। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के काजीगुंड का निवासी, आरोपी जसीर इस हमले का सक्रिय सह-षड्यंत्रकारी था। उसने आतंकवादी उमर उन नबी के साथ मिलकर इस आतंकी नरसंहार की योजना बनाई थी। एनआईए, बम विस्फोट के पीछे की साजिश का पता लगाने के लिए विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। आतंकवाद-रोधी एजेंसी की कई टीमें विभिन्न सुरागों का पता लगा रही हैं और आतंकी हमले में शामिल प्रत्येक व्यक्ति की पहचान के लिए राज्यों में छापेमारी कर रही हैं।

### ऑपरेशन सिंदूर...

या लेज़र से मार सकता हूं? बहुत सी चीजें ऐसी हैं जो एक-दूसरे से इतनी जुड़ी हुई हैं कि हमें एक साथ बैठकर इस पर विचार करना होगा। सेना के लंबी और छोटी सभी तरह की लड़ाईयों के लिए तैयार रहने पर बल देते हुए उन्होंने कहा ,'' लड़ाई कितनी देर तक चलेगी? हम आज ऐसा नहीं कह सकते। हमने यह लड़ाई लगभग 88 घंटों में लड़ी। यह चार महीने या चार साल तक चल सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए, क्या हमारे पास उस लड़ाई को लड़ने के लिए सामग्री है? क्या हमारे पास इसके लिए हथियार हैं? अगर नहीं, तो हमें इसके लिए तैयारी करनी होगी। हमें चार साल की लड़ाई के लिए तैयारी करनी होगी। भारत की बढती प्रतिरोधक क्षमता से संबंधित सवाल पर जनरल द्विवेदी ने कहा कि प्रतिरोधक क्षमता में सैन्य शक्ति और राजनीतिक इच्छाशक्ति दोनों शामिल होती हैं और आज भारत के पास दोनों हैं। लोगों को भारत की प्रतिरोधक क्षमता का पता है और यह भी पता है कि यदि गलत काम होता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाये जाने के बाद से स्थिति में निरंतर सुधार हुआ है और बड़ा बदलाव आ रहा है। उन्होंने कहा कि इसके बाद स्कूलों और कॉलेजों में भारत के ध्वज को लेकर कोई असमंजस नहीं है इससे पहले यह असमंजस था । उन्होंने कहा , '' हमारे पास जो राजनीतिक स्पष्टता है, वह बहुत बड़ी बात है। इसका क्या फायदा हुआ? देखिए, वहां लगभग 25,000 से 26,000 करोड़ रुपये का निवेश पहले ही हो चुका है। कॉलेज, आईआईटी , आईआईएम, एनआईएफटी, एम्स सब कुछ खुल गया है। कॉलेज बहुत खुल गए हैं। 21 प्रतिशत स्कूल खुल गए हैं। सेना प्रमुख ने कहा कि आतंकवाद में भी काफी कमी आई है और वहां इस वर्ष आतंकवादियों की केवल एक भर्ती हुई जो पकड़ी गयी। उन्होंने कहा कि विभिन्न अभियानों में अब तक 31 आतंकवादी इस वर्ष मारे गये हैं। उन्होंने कहा , '' जहां तक आतंकवाद का सवाल है, आतंकवाद में भी काफी कमी आई है। इस बार लगभग 31 आतंकवादी मारे गए हैं, जिनमें से लगभग 71 प्रतिशत पाकिस्तानी आतंकवादी हैं। भर्ती, इस बार सिर्फ़ एक हुआ, लेकिन वह भी पकड़ा गया। हाँ, सिर्फ़ एक समूह भर्ती हुआ, वह भी पकड़ा गया। तो, मैं जो कहना चाह रहा हूँ, वह यह है कि कोई पत्थरबाज़ी नहीं, कोई नारे नहीं, कोई प्रतिबंध नहीं, सब कुछ रुक गया है।''

# हरिद्वार अर्धकुंभ को 2027 में कुंभ घोषित करने के सरकार के प्रस्ताव पर साधु समाज ने उठाए सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**■ महंत गोपाल गिरी ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर पुनर्विचार करने का किया आग्रहवर्ष 2027 में कुंभ घोषित करना गलत, परंपरा का सम्मान करे सरकार: गोपाल गिरी**



हरिद्वार। उत्तराखण्ड सरकार की ओर से हरिद्वार अर्धकुंभ को वर्ष 2027 में कुंभ के रूप में घोषित करने पर साधु समाज ने कड़ा विरोध जताया है। षड् दर्शन साधु समाज और अखिल भारतीय सनातन धर्म रक्षा समिति ने इस संबंध में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र भेजकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई है।

सोमवार को यहां महंत गोपाल गिरि ने एक बयान जारी कर बताया कि हरिद्वार का अर्धकुंभ पारंपरिक रूप से उज्जैन कुम्भ से सम्बद्ध होता है और इसका आयोजन धार्मिक गणना के आधार पर तय होता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हरिद्वार के अर्धकुंभ में अखाड़ों के शाही स्नान नहीं होते, बल्कि साधु समाज मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी जैसे पावन अवसरों पर देवप्रयाग और ऋषिकेश त्रिवेणी घाट पर ही स्नान करता है। महंत गोपाल गिरि ने कहा कि वर्ष 2027 में कुंभ घोषित करना गलत है। सरकार परंपरा का सम्मान करे। यदि सरकार 2027 में अर्धकुंभ को कुंभ घोषित कर आयोजन करती है, तो यह पारंपरिक व्यवस्था के पूरी तरह विपरीत होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की कि परंपराओं का सम्मान करते हुए इस निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए और साधु-संतों से संवाद स्थापित कर आगे की रणनीति बनाई जाए। महंत गोपाल गिरि का कहना है कि परंपरा को देखते हुए अर्धकुंभ को कुंभ घोषित कर 2027 में कराना धार्मिक मानकों और शास्त्रीय परंपराओं के विरुद्ध है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसा निर्णय विपक्ष को सरकार पर हमला करने का अवसर देगा और अनावश्यक विवाद पैदा करेगा। उन्होंने हर वर्ष देवप्रयाग, ऋषिकेश, हरिद्वार में माघ मेला आयोजित करने का सुझाव। महंत गोपाल गिरि ने बताया कि साधु समाज ने सरकार को पत्र भेजकर सुझाव भी दिया है कि प्रदेश में प्रतिवर्ष माघ मेला आयोजित किया जाए, जो जनवरी से बैसाखी तक चले। इसके बाद चारधाम यात्रा छह माह संचालित की जाए। उनके अनुसार यह व्यवस्था धार्मिक पर्यटन को 10 माह तक सक्रिय रखेगी और शेष समय में सरकार मार्ग सुधार सहित अन्य विकास कार्य कर सकेगी। महंत गोपाल गिरि ने कहा कि इस व्यवस्था से हरिद्वार, देवप्रयाग, मुजफ्फरनगर, धामपुर और देहरादून तक सड़कें स्थायी रूप से सुधरेंगी। प्रदेश के युवाओं को अधिक रोजगार मिलेगा।

# सारण जिले में धान अधिप्राप्ति 2025-26 के लिए जिलाधिकारी ने की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सारण। छपरा खरीफ विपणन मौसम 2025-26 में धान अधिप्राप्ति के लक्ष्यों को शत-प्रतिशत प्राप्त करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सारण,अमन समीर की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय टास्क फोर्स की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, डीएम एसएफसी एवं अन्य सभी संबंधित सदस्यों ने भाग लिया. जिलाधिकारी ने धान उत्पादन और विभागीय लक्ष्यों के आधार पर प्रखंडवार लक्ष्य निर्धारित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य की प्राप्ति हेतु पंचायतवार अधिक से अधिक किसानों का निबंधन सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को अभी से ही आवश्यक कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया ताकि धान अधिप्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य को सफलतापूर्वक प्राप्त किया जा सके। जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वे धान कटनी का प्रतिवेदन प्रतिदिन जिला सहकारिता पदाधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। जिला सहकारिता पदाधिकारी इस दैनिक प्रतिवेदन के आधार पर निर्धारित अवधि में किसानों से नियमित रूप से समन्वय स्थापित कर उन्हें धान अधिप्राप्ति के लिए प्रेरित करेंगे, जिससे अधिप्राप्ति कार्य में अधिकतम बढ़ोतरी लाई जा सके। बैठक का उद्देश्य पारदर्शिता और दक्षता के साथ धान अधिप्राप्ति के कार्य को सुचारू रूप से संचालित करना है, ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर मिल सके।

# पंजाब कैबिनेट ने मुफ्त सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम के पुनर्गठन को मंजूरी दे दी: डॉ बलजीत कौर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**चंडीगढ़।** पंजाब की सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने सोमवार को बताया कि राज्य मंत्रिमंडल ने मुफ्त सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम के पुनर्गठन को मंजूरी दे दी है, जिसका नया नाम अब 'नयी दिशा योजना' रखा गया है। संशोधित योजना के तहत, जरूरतमंद महिलाओं को प्रति माह नौ सेनेटरी नैपकिन नियमित रूप से आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से वितरित किये जाएंगे। प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र में 50 लाभार्थियों के लक्ष्य के आधार पर, हर महीने कम से कम 13,65,700 महिलाओं को कवर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजना के सुचारु कार्यान्वयन के लिए पंजाब कैबिनेट ने 53 करोड़ रुपये की राशि को मंजूरी दी है। डॉ. कौर ने बताया कि नये ढांचे में खरीद, यातायात, वितरण, निगरानी और गुणवत्ता जांच से संबंधित स्पष्ट और मजबूत नियम शामिल हैं, जिनका उद्देश्य पहले सामने आने वाली अनियमितताओं को समाप्त करना है। उन्होंने कहा कि योजना को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा। पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए, योजना के तहत मोबाइल एप्लिकेशन, डिजिटल डैशबोर्ड और अन्य आई.टी. टूल्स के माध्यम से वास्तविक समय का डेटा मॉनिटर किया जायेगा और उसकी समीक्षा की जाएगी। इससे संपूर्ण आपूर्ति श्रंखला का रिकॉर्ड डिजिटल हो जाएगा और हर स्तर पर पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। उन्होंने बताया कि महिलाओं और लड़कियों को स्वस्थ माहवारी प्रथाओं, स्वच्छता और समग्र स्वास्थ्य के बारे में शिक्षित करने के लिए जागरूकता और आई.ई.सी. अभियान भी चलाया जाएगा।

# उद्योगों के सामने लंबित समस्याओं का जल्द ही समाधान किया जाए: जिंदल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। विश्व एमएसएमई फोरम ने सोमवार को पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा से मुलाकात की और उन्हें उद्योगों के सामने आने वाली समस्याओं का जल्दी समाधान करने का आग्रह किया। संगठन के अध्यक्ष बदीश जिंदल ने बताया कि उन्होंने श्री अरोड़ा को मंहगी बिजली, सौर ऊर्जा के 100 प्रतिशत उपयोग की अनुमति, उद्योग स्थापित करने के लिए 100 फुट ज़मीन खाली करने की गलाडा की शर्त की जांच, रद्द किये गये भूखंडों की बहाली, भूखंडों की कीमतें निर्धारित करने, पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को मनमाने ढंग से उद्योगों को बंद करने आदि जैसी कई अन्य समस्याओं से अवगत करवाया गया। उद्योग मंत्री, जिनके पास नवीकरणीय ऊर्जा विभाग भी है, ने कहा कि सरकार पहले ही पंजाब में सौर ऊर्जा उत्पादन को अधिकतम करने के लिए प्रतिबद्ध है और राज्य के इस्पात उद्योगों को 100 प्रतिशत तक सौर ऊर्जा की अनुमति देने के संघ के अनुरोध पर विचार करेगी। औद्योगिक क्षेत्रों में उद्योग, सिधवां नहर के किनारे किसी भी उद्योग की स्थापना के लिए 100 फुट ज़मीन खाली करने की गलाडा की शर्त की जांच की मांग की गयी, जबकि नगर निगम सिधवान नहर के किनारे उद्योगों के लिए ऐसी कोई शर्त नहीं लगा रहा है। इस पर उद्योग मंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार भूमि परिवर्तन के लिए निजी सड़कों को मंज़ूरी देने के अनुरोध पर विचार करेगी। उद्योग विभाग, सिधवान नहर के किनारे उद्योग स्थापित करने के लिए 100 फुट ज़मीन खाली करने के संबंध में गलाडो की शर्त की जांच करेगा। पंजाब लघु उद्योग एवं निर्यात निगम से संबंधित मुद्दों के संबंध में उद्योग मंत्री को बताया गया कि पीएसआइईसी ने रद्द किये गये भूखंडों की बहाली के लिए आवेदन मांगे हैं। उद्योगों ने पीएसआइईसी को 300 आवेदन प्रस्तुत किये, लेकिन अभी तक केवल 20 को ही मंज़ूरी मिली है। श्री अरोड़ा ने विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाया और इस महीने के अंत तक सभी आवेदनों का निपटारा करने का आदेश दिया। उद्योग मंत्री को यह भी बताया गया कि पीएसआइईसी की फ्रीहोल्ड औद्योगिक भूखंड योजना के तहत लिया जाने वाला शुल्क बहुत अधिक है और इसे कम किया जाना चाहिए। श्री अरोड़ा ने बताया कि पीएसआईईसी औद्योगिक भूखंडों को फ्रीहोल्ड करने की योजना जल्द ही शुरू की जाएगी। इस योजना के तहत, भूखंडों को बहुत कम शुल्क पर फ्रीहोल्ड किया जाएगा। उद्योग मंत्री से यह भी आग्रह किया गया कि पीएसआईईसी औद्योगिक भूखंडों के लिए आरक्षित दरें भूखंडों के वास्तविक मूल्य से अधिक हैं, जिससे भूमि पंजीकरण की लागत और पीएसआईईसी को शुल्क की लागत में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है।

उद्योग मंत्री ने बताया कि सरकार अब तीन अधिकृत मूल्यांकन कर्ताओं की रिपोर्ट के आधार पर भूखंडों की कीमतें निर्धारित करेगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि उद्योगपति उचित मूल्य पर भूखंड प्राप्त कर सकें। उन्होंने पीएसआईईसी के भूखंडों के आरक्षित मूल्य की बढ़ी हुई लागत के मामले की भी जांच करने का आश्वासन दिया। उद्योग मंत्री को बताया गया कि पंजाब में 100 से अधिक औद्योगिक क्लस्टर हैं, लेकिन एमएसएमई मंत्रालय की क्लस्टर विकास योजना के तहत केवल तीन सामान्य सुविधा केंद्र स्थापित किये गये हैं। इसलिए, उद्योगों की बेहतरी के लिए, सरकार को उद्योग विभाग को एमएसएमई क्लस्टर विकास योजना के तहत वर्ष 2026 में पंजाब में कम से कम 10 नये सामान्य सुविधा केंद्र बनाने का लक्ष्य देना चाहिए। उन्हें यह भी बताया गया कि उद्योग विभाग पंजाब में नये उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड हालांकि बिना किसी चेतावनी के उद्योगों को बंद कर देता है। इसलिए, पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को मनमाने ढंग से उद्योगों को बंद करने से रोकने के लिए नियम बनाये जाने चाहिए और उद्योगों को प्रदूषण नियंत्रण प्रणालियों में सुधार के लिए कम से कम तीन सुनवाई का समय दिया जाना चाहिए। उद्योग मंत्री को बताया गया कि विश्व एमएसएमई फोरम ने 2024 में पंजाब राज्य विद्युत नियामक आयोग को सूचित किया था कि पीएसपीसीएल के ताप विद्युत संयंत्रों में 30 से 40 प्रतिशत अधिक कीमतों पर बिजली का उत्पादन किया जा रहा है, जिसकी जांच आवश्यक है। नियामक आयोग ने कोई कार्रवाई नहीं की।

## पंजाब में आज अपराह्न से नहीं चलेंगी पंजाब रोडवेज की बसें, किलोमीटर स्कीम के विरोध में हड़ताल

**चंडीगढ़।** पंजाब में अनुबंध कर्मचारीर यूनियन ने सरकार की प्रस्तावित किलोमीटर स्कीम के विरोध में हड़ताल का एलान किया जिसके कारण सोमवार अपराह्न 12 बजे से पंजाब राज्य सड़क परिवहन निगम बसें सड़कों से नदारद दिखी। यूनियन का कहना है कि यदि सरकार निजी बस ऑपरेटरों के लिए टेंडर खोलती है, तो वे काम बंद करके प्रदर्शन तेज करेंगे। यूनियन नेताओं के अनुसार किलोमीटर स्कीम सरकारी परिवहन तंत्र को कमजोर करने की कोशिश है। कर्मचारियों का आरोप है कि सरकार निजी कंपनियों को बढ़ावा देकर सरकारी खजाने को नुकसान पहुँचा रही है। यूनियन का कहना है कि उन्होंने कई बार सरकार को आगाह किया कि यह स्कीम आर्थिक रूप से घाटे वाली है, लेकिन इसके बावजूद प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। कर्मचारियों ने अस्थायी कर्मियों को पक्का करने की माँग भी दोहराई है। उनका कहना है कि लंबे समय से काम कर रहे कर्मचारियों को नियमित न करके सरकार उनका शोषण कर रही है।

## पत्नी की हत्या के मामले में पति गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तर पश्चिमी जिले के महेंद्रा पार्क थाना पुलिस ने पत्नी की हत्या के मामले में आरोपित पति को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान जहांगीरपुरी निवासी विष्णु शर्मा (31) के रूप में हुई है। आरोपित पहले भी आबकारी अधिनियम और चोरी के तीन मामलों में शामिल रहा है। पुलिस के अनुसार, आरोपित विष्णु शर्मा को शक था कि उसकी पत्नी श्वेता शर्मा के किसी व्यक्ति से अवैध संबंध हैं। इसी को लेकर दोनों के बीच आए दिन झगड़े होते रहते थे। 13 नवंबर की रात लगभग नौ बजे दोनों के बीच फिर से विवाद हुआ। जिसके दौरान आरोपित ने गुस्से में आकर पत्नी की हत्या कर दी। इसके बाद वह शव को उठा कर नजदीक के नाले में फेंक आया, ताकि सबूत नष्ट हो जाएं। उत्तर पश्चिम जिले के पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने सोमवार को बताया कि 14 नवंबर की शाम 4.30 बजे पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली।

# जन अधिकार पार्टी की चुनाव को लेकर तैयारियां तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता




हरिद्वार। जन अधिकार पार्टी (ज.) ने 2027 चुनाव को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव हेमा भण्डारी के नेतृत्व में जिला कार्यालय हरिद्वार में हरिद्वार एवं रुड़की जोन की लंढोरा कार्यालय में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट अभिषेक बहुगुणा की अध्यक्षता में बैठक की गईं। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को ध्यान में रखते हुए बूथ स्तर तक मजबूत और सक्रिय कमेटियों का गठन करना रहा। बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिषेक बहुगुणा ने संगठन विस्तार एवं बूथ प्रबंधन को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि जन अधिकार पार्टी (ज.) तेजी से ग्राउंड स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत कर रही है और जनता में पार्टी की स्वीकार्यता लगातार बढ़ रही है। उन्होंने जोर दिया कि प्रत्येक बूथ पर मजबूत नेतृत्व ही 2027 के चुनाव में पार्टी की असली शक्ति बनेगा। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद अली की उपस्थिति में लंढौरा कार्यालय पर युवा नेता शाहरुख ने भाजपा छोड़ जन अधिकार पार्टी (ज.) की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर ममता सिंह, आलिम अंसारी, कुर्बान अली, फैजान अंसारी, वाजिम, मुरसलीन राणा,ममता सिंह, मौ. नदीम, मौ. सावेद, आशु आजम, अब्दुल शमी, मौ. जैन, हसरत ठेकेदार, जिसान अली, मौ. सलमान, शारूख, मौ. इकबाल, शमीम,शाहिद, एड. फिरोज, आमिर, मौ. हसन, सोहेब रजा, दीपक भट्ट्, जावेद, खुर्शीद, अहसान शाह, मांगा हसन, साजिद, आजम, मौ. शाद, माजिद, हाजी शमशाद, सालिम शाह, समर, रिहान खान, अमन, महबूब, मुरसलीन राणा, फैसल, समीर, तारिक, खालिद हसन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों को गंभीरता से ले अधिकारी : सीडीओ

हरिद्वार। सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि जिन समस्याओं का निराकरण 36 दिनों के भीतर नहीं किया गया है, वह विभाग शिकायतों का निस्तारण शीघ्रता से शीघ्र कर ले। इसमें किसी भी तरह से कोई लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित शिकायतकर्ता से शिकायत के संबंध में उनसे दूरभाष से भी वार्ता करते हुए उनकी शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने पाया कि एल 1 पर विभिन्न विभागों से संबंधित 524 शिकायतें तथा एल 2 पर 88 शिकायतें निस्तारण के लिए लंबित हैं। कहाकि सभी संबंधित अधिकारी लंबित शिकायतों का निस्तारण जल्द से जल्द करना सुनाश्चित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी, सीएमओ डॉ आरके सिंह, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान, जिला पंचायत राज अधिकारी अतुल प्रताप सिंह, जिला अर्थ संख्या आधिकारी नलिनी ध्यानी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत, जिला शिक्षा अधिकारी आशुतोष भंडारी, एआरटीओ रुड़की (ए) एल्विन, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर (से.नि.) डा. सरिता पंवार, अपर परियोजना निर्देशक नलिनीत घिल्डियाल, जिला समाज कल्याण अधिकरी अविनाश सिंह भादौरिया सहित जिला स्तरीय सम्बन्धित अधिकारी एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादी मौजूद रहे।

# वंदे मातरम् भारत की राष्ट्रीय चेतना और देशभक्ति के उत्कर्ष का प्रतीक : प्रो. योगेश सिंह


कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ को पूरे देश में आगामी एक वर्ष तक स्मरणोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। ऐसे में दिल्ली विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालय भी विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं। सोमवार को दयाल सिंह महाविद्यालय (सांध्य) में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् गायन उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह, विश्वाविद्यालय के डीन ऑफ कॉलेजेज प्रो. बलराम पाणी एवं रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता, महाविद्यालय के चेयरमैन प्रो. डी. एस. चौहान और प्राचार्या प्रो. भावना पाण्डेय ने अपने विचार प्रस्तुत किये। इस अवसर पर प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि वंदे मातरम्‌ भारत की राष्ट्रीय चेतना, सांस्कृतिक गौरव और देशभक्ति के उत्कर्ष का प्रतीक है। यह एक कालजयी कृति है, जिसका भारतीय इतिहास में अप्रतिम महत्व है। उन्होंने बताया कि वंदे मातरम्‌ के 150 वर्ष पूरे होना केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि इसके ऐतिहासिक योगदान को सम्मान देने वाली एक राष्ट्रीय पहल है। प्रो. सिंह ने कहा कि बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय का स्मरण करना चाहिए, जिनकी इस रचना ने सम्पूर्ण देश में स्वतंत्रता आंदोलन में क्रांति की ज्वाला प्रज्वलित की। उन्होंने राष्ट्र गीत की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और उसके प्रभाव पर विस्तार से बात की। प्राचार्या प्रो. भावना पाण्डेय ने महाविद्यालय के गौरवशाली अतीत का उल्लेख करते हुए वंदे मातरम्‌ में निहित राष्ट्रप्रेम की भावना को अपने शब्दों में अभिव्यक्त किया। महाविद्यालय के चेयरमैन प्रो. डी. एस. चौहान ने भी राष्ट्रीय गीत के महत्त्व और स्वतंत्रता आंदोलन में राष्ट्रीय चेतना जगाने में उसकी महती भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में दयाल सिंह महाविद्यालय (प्रातः) के प्राचार्य प्रो. वी. के पालीवाल की भी उस्थिति रही।

## बिहार के पश्चिम चंपारण में अनियंत्रित कार ने बारातियों को रौंदा, तीन की मौत

पटना। बिहार में पश्चिम चंपारण जिले के लौरिया-बेतिया राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या -227 के पास बीती देर रात एक सड़क हादसे में 03 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल है। हादसा बिशुनपुरवा गांव के पास हुआ, जहां एक तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़े बारातियों को रौंद दिया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि ''नरकटियागंज के धूमनगर से लौरिया के बिशुनपुरवा बारात आई थी। सभी बाराती सड़क किनारे खड़े थे और बारात लड़की के घर पर ले जाने की तैयारी कर रहें थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने अनियंत्रित हो गई और लोगों को कुचल दिया। हादसा इतना भयानक था कि मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे। लेकिन तब तक 03 लोगों की मौत हो चुकी थी, जबकि कई लोग घायल हैं। कार चालक भागने में सफल रहा। इसके बाद गुस्साएं लोगों ने गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंच राहत-बचाव कार्य में जुट गई। घायलों को नजदीकी सीएचसी भेजा गया। जहां कई लोगों की स्थिति नाजुक बताई जा रही है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063